हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित

Page 11 खेल



**एमएस धोनी ने फिर जीता दिल : सीएसके से लेंगे सिर्फ इतनी रकम**

Page 10 देश




**टिकट बेचे जा रहे भूपेन्द्र सिंह हुड्डा के करीबी जय तीरथ दहिया का बड़ा आरोप...**

कृष्ण पक्ष, आर्द्रा, विक्रम संवत् 2081

• औरंगाबाद • बुधवार • 25 सितंबर 2024 • वर्ष 26 • अंक 285 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00

## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
| --- | --- |
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
|  |  |
| ₹70,000 | ₹92,900 |

## आज का इतिहास

- **1524 : वास्कोडिगामा आखिरी बार वायसराय बन कर भारत आया।**
- **1916 : भारतीय अर्थशास्त्री, समाजशास्त्री, पत्रकार और महान चिंतक दीनदयाल उपाध्याय का जन्म हुआ।**

## न्यूज बाइट्स

### नीतीश दो अक्टूबर को करेंगे बापू टावर का लोकार्पण

**पटना (नि.सं.)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जीवन, विचारों, आदर्शों एवं कार्यों तथा प्रदेश की गौरव गाथा को प्रदर्शित करने वाले राजधानी पटना में नवनिर्मित बापू टावर का इस वर्ष 02 अक्टूबर को लोकार्पण करेंगे। श्री कुमार के मंगलवार को यहां गर्दनीबाग में बापू टावर का निरीक्षण कारने के बाद भवन निर्माण विभाग के सचिव कुमार रवि ने बताया कि बापू टावर का लोकार्पण 02 अक्टूबर को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा किया जायेगा।

### तिरुपति के भक्तों पर नहीं दिखा प्रसाद विवाद का असर, चार दिनों में बिके 14 लाख लड्डू

**नई दिल्ली (ए.)।** नई दिल्ली। विश्व प्रसिद्ध तिरुपति बालाजी मंदिर के लड्डू विवाद पर आंध्र प्रदेश समेत पूरे देश में सियासी घमासान मचा है। दक्षिण भारतीय फिल्मों के दो दिग्गज प्रकाश राज और अभिनेता से राजनेता बने पवन कल्याण भी इस मुद्दे पर आमने-सामने हो चुके हैं। मामला सुप्रीम कोर्ट तक पहुंच चुका है। तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) के पूर्व अध्यक्ष वाईवी सुब्बा रेड्डी ने एक स्वतंत्र समिति से जांच की मांग भी की।

### 27 सितंबर को झारखंड कैबिनेट की बैठक, हेमंत सोरेन करेंगे अध्यक्षता

**रांची (नि.सं.)।** झारखंड की हेमंत सोरेन कैबिनेट की बैठक 27 सितंबर को होगी। राजधानी रांची के धुर्वा स्थित प्रोजेक्ट बिल्डिंग में शाम 4 बजे से बैठक होगी। झारखंड विधानसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा से पहले होने वाली कैबिनेट की बैठक में कई अहम और लोकलुभावन फैसले होने की उम्मीद है। मंत्रिपरिषद् की बैठक के बारे में मंगलवार को मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय) की ओर से यह जानकारी दी गई है। इसमें कहा गया है कि हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में मंत्रिपरिषद् की बैठक शुक्रवार (27 सितंबर) को अपराह्न 4:00 बजे से झारखंड मंत्रालय (प्रोजेक्ट भवन) स्थित मंत्रिपरिषद कक्ष में होगी।

दरभंगा एम्स के लिए जमीन ट्रांसफर का काम पूरा

# एम्स के लिए 187.31 एकड़ भूमि मिली दो एम्स वाला राज्य बनेगा बिहार

**निज संवाददाता | पटना**



राज्य सरकार ने दरभंगा एम्स निर्माण के लिए शेष जमीन 37.31 एकड़ जमीन हस्तांतरित कर दी है। इसके पहले 12 अगस्त को 150.13 एकड़ जमीन हस्तांतरित की गई थी। मंगलवार को स्वास्थ्य विभाग के सभागार में विभाग के विशेष सचिव शशांक शेखर सिन्हा ने दरभंगा एम्स के मुख्य कार्यपालक पदाधकारी डॉ. माधवानंद कर को जमीन के कागजात सौंपे। इस मौके पर स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि दरभंगा के शोभन में राज्य के दूसरे एम्स के लिए पूरी जमीन 187.44 एकड़ दे गई है। जल्द ही निर्माण कार्य शुरू होगा। बिहार देश का दूसरा राज्य होगा, जहां दो-दो एम्स होंगे। उत्तर प्रदेश में पहले से रायबरेली और गोरखपुर में एम्स हैं।

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में 2019-20 में दरभंगा में बिहार के दूसरे एम्स की स्वीकृति प्रदान की गई थी। 750 बेड वाले इस अस्पताल के लिए 2020 में 1 हजार 264 करोड़ राशि की मंजूर की गई थी। वर्तमान में संस्थान को नए स्वरूप में बनाने के लिए आईआईटी दिल्ली को जिम्मेदारी दी गई है। इसमें अनुमानित व्यय और अधिक होगा। इस एम्स से मिथिलावासियों सहित नेपाल और पूर्वोत्तर राज्यों के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिलेगी।

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि जल्द ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शिलान्यास करेंगे। शिलान्यास कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी मौजूद रहेंगे। उन्होंने कहा कि बिहार में दो एम्स दिए जाने का मतलब है कि प्रधानमंत्री को बिहार के लोगों के प्रति विशेष लगाव है। राज्य में डबल इंजन की सरकार डबल विकास कर रही है। पिछले दिनों केंद्रीय स्वास्थ्य व परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा ने भी एम्स निर्माण स्थल का दौरा किया था। दरभंगा एम्स के मुख्य कार्यपालक पदाधकारी डॉ. माधवानंद ने कहा कि जमीन मिल गई है, जल्द ही निर्माण कार्य शुरू होगा। मौके पर स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, राज्य स्वास्थ्य समिति के कार्यपालक निदेशक सुहर्ष भगत सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

स्वास्थ्य मंत्रालय ने दरभंगा में शोभन एम्स का डिजाइन फाइनल करने के लिए विशेषज्ञों की कमेटी बना दी है। विशेषज्ञ कमेटी मरीजों की सुविधा और अन्य सभी पहलुओं का अध्ययन कर जल्द डिजाइन फाइनल करेगी। एम्स के लिए पहले डिजाइन बनी थी, लेकिन अब यहां जमीन नीची होने के कारण डिजाइन बदली जा रही है। फाइनल डिजाइन स्वास्थ्य मंत्रालय को मिलने के बाद निर्माण कार्य शुरू होगा।

# वज्रपात से तीन की मौत, एक घायल

**निज संवाददाता | रजौली (नवादा)**



मंगलवार की शाम को नवादा के रजौली थाना क्षेत्र के जोगियामारण पंचायत के एकम्बा गांव में एक दुखद घटना हुई। लगभग 5:30 बजे, जब आसमान में तेज मेघगर्जन के साथ भारी बारिश हो रही थी, तब वज्रपात ने चार युवकों को अपनी चपेट में ले लिया। इस हादसे में तीन युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायलों को उपचार के लिए तुरंत अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों की टीम ने स्थिति का आकलन किया। डॉ. दिलीप कुमार और डॉ. गुलाम अनीस ने सभी घायलों की जांच की। हालांकि, जांच के दौरान तीन युवकों को मृत घोषित कर दिया गया, जबकि सूरज कुमार, जो एकम्बा गांव के प्रमोद राजवंशी का 19 वर्षीय पुत्र है, गंभीर अवस्था में अस्पताल में भर्ती है।

मरने वालों में बिक्रम कुमार (17 वर्ष), सकिन्द्र राजवंशी का पुत्र, मोनू कुमार उर्फ मनु (25 वर्ष), सुनील राजवंशी का पुत्र, इन्द्रदेव राजवंशी उर्फ महाजन राजवंशी (50 वर्ष), कमन राजवंशी का पुत्र हैं। घटना के बाद अस्पताल परिसर में मृतकों के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। ग्रामीणों ने बताया कि चारों युवक धान की खेती की रखवाली कर रहे थे। बारिश शुरू होने पर वे सभी एक महुआ के पेड़ के नीचे शरण लेने के लिए गए थे। तभी अचानक वज्रपात हुआ, जिसके बाद चारों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल युवक सूरज कुमार ने बताया कि जैसे ही बिजली चमकी, सबकुछ अचानक अंधेरा हो गया और जब होश आया, तो वह घायल अवस्था में थे।

घटना की सूचना मिलते ही रजौली के बीडीओ संजीव झा, सीओ मो. गुफरान मजहरी और स्थानीय समाजसेवी जैसे गौरव शांडिल्य, प्रमोद कुमार चन्द्रवंशी, विमल राजवंशी और मुकेश यादव मौके पर पहुंचे। उन्होंने मृतकों के परिजनों को ढांढस बंधाया और आवश्यक सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया। सीओ ने बताया कि घटना के स्थल पर पहुंचकर पंचनामा तैयार किया गया और पुलिस को मृतकों के शव को पोस्टमार्टम के लिए नवादा सदर अस्पताल भेजने का निर्देश दिया गया।

वज्रपात के कारण तीन युवकों की मौत और एक युवक के घायल होने की इस दुखद घटना में सभी पीड़ित दलित समुदाय से हैं। सीओ ने आश्वासन दिया कि आपदा प्रबंधन के तहत मृतकों और घायल के परिजनों को मुआवजा प्रदान किया जाएगा। इस घटना ने गांव में एक गहरी शोक छाया है, और सभी लोग इस विपत्ति में एक-दूसरे का सहारा बन रहे हैं।

# बिहार में जहरीली शराब से 8 साल में 156 की मौत

**निज संवाददाता | पटना**

बिहार में शराबबंदी कानून लागू होने के बाद 8 साल में 12 लाख 79 हजार लोग गिरफ्तार हुए हैं। अब तक इस कानून के तहत 8 लाख 43 हजार से ज्यादा एफआईआर दर्ज की की गई हैं। इतना ही नहीं शराबबंदी वाले राज्य में 8 साल में 3 करोड़ की 46 लाख लीटर शराब भी बरामद हुई है। जबकि जहरीली शराब से 266 लोगों की मौत की बात सामने आई, लेकिन जांच में 156 की पुष्टि हुई है। ये आंकड़े मद्य निषेध विभाग के हैं। राज्य में शराबबंदी कानून को लेकर चल रही पॉलिटिकल बयानबाजी के बीच सचिव विनोद सिंह गुंजियाल ने आंकड़े जारी किए हैं। जीतनराम मांझी और प्रशांत किशोर के साथ कई पॉलिटिकल लीडर नीतीश सरकार के शराबबंदी कानून को लेकर बयान देर रहे हैं। बिहार में जहरीली शराब मौत के आंकड़े पर राजद हमलावर है। पार्टी के प्रवक्ता एजाज अहमद ने कहा कि 'बिहार में शराबबंदी अभियान में कहीं न कहीं गरीबों को प्रताड़ित होना पड़ रहा है। जहरीली शराब रोकने के लिए सरकारी की स्तर से जो कोशिश करनी होगी वो नहीं हो रही है। सरकार के अंदर कुछ लोग शराब माफियाओं के मददगार बने हुए हैं।

# 28 सितंबर को बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा का दूसरा बिहार दौरा

**निज संवाददाता | पटना**



भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा आगामी 28 सितंबर को एक बार फिर से बिहार आ रहे हैं। अपने संक्षिप्त बिहार प्रवास के दौरान वे सांसद, विधायक और पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ पार्टी के सदस्यता अभियान की समीक्षा बैठक करेंगे। भाजपा प्रदेश मीडिया विभाग के संयोजक दानिश इकबाल ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष 28 सितंबर को बिहार आ रहे हैं। जेपी नड्डा भाजपा की ओर से चलाये जा रहे सदस्यता अभियान की समीक्षा को लेकर सारे प्रदेशों में जा रहे हैं। इसी के तहत उनका 28 सितंबर को आगमन हो रहा है। उन्होंने बताया कि इस दौरे के क्रम में वे तीन से चार घंटे बिहार की राजधानी पटना में रहेंगे। पटना आने के बाद वे सीधे भाजपा प्रदेश कार्यालय पहुंचेंगे और सभी सांसद, विधायक, विधान पार्षद तथा पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ समीक्षा बैठक करेंगे। बैठक में वे सदस्यता अभियान की समीक्षा करेंगे और सदस्यों की संख्या को और बढ़ाने को लेकर विचार-विमर्श करेंगे। इससे पहले 7 सितंबर को नड्डा दो दिवसीय दौरे पर बिहार आए थे। इस दौरान उन्होने कई अस्पतालों का उद्घाटन किया था। नड्डा ने कहा था कि दरभंगा में 1264 करोड़ नहीं, बल्कि 2000 करोड़ से अधिक की राशि से शानदार एम्स का निर्माण होगा। डीएमसीएच में दो सौ करोड़ से बने 210 बेड के सुपर स्पेशियलिटी ब्लॉक का भी उद्घाटन किया था। अपने इस दौरे पर बिहार में चार विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव का प्रचार भी कर गए थे। और विपक्ष पर हमला बोला था।

# बिहार के सरकारी स्कूलों में 6421 सहायकों की होगी नियुक्ति

**निज संवाददाता | पटना**

नौकरी का इंतजार कर रहे बिहार के युवाओं के लिए एक अच्छी खबर है। राज्य के सरकारी स्कूलों मे जल्द से 6 हजार से अधिक पदों पर बहाली शुरू होने वाली है। शिक्षा विभाग ने इसकी तैयारी पूरी कर ली है। शिक्षा विभाग ने राज्यभर के सरकारी स्कूलों में खाली पदों की जानकारी सोमवार को महालेखाकार को भेज दिया है। दरअसल, बिहार के उच्च माध्यमित सरकारी स्कूलों में 6421 सहायकों की नियुक्ति होगी। इन विद्यालय सहायकों को 16,500 रुपए मासिक नियत वेतन मिलेगा। इसके साथ ही साथ पांच सौ का वार्षिक वेतन वृद्धि की जाएगी। राज्य के राजकीयकृत माध्यमिक-उच्च माध्यमिक और प्रोजेक्ट स्कूलों में लिपिक एवं अनुसेवक के मरणशील पद प्रत्यर्पित करते हुए पद सृजित किए गए हैं। शिक्षा विभाग की तरफ से महालेखाकार को दी गई जानकारी में बताया गया है कि डीईओ द्वारा स्कूल असिस्टेंट के पदों को विद्यालयवार चिन्हित कर पदसृजन की जानकारी संबंधित नियोजन इकाई को उपलब्ध कराएंगे। राजधानी पटना में कुल 210 विद्यालय सहायकों के पद सृजित किए गए हैं जबकि नालंदा में 149, भोजपुर में 147, बक्सर में 88, रोहतास में 166, कैमूर में 121, गया में 258, जहानाबाद में 59, अरवल में 33 पदों का सृजन किया गया है।

# रेलवे ने गठित किए रेल रक्षक दल



**नई दिल्ली (ए.)।** भारतीय रेलवे ने रेल दुर्घटनाओं में त्वरित राहत एवं बचाव कार्रवाई के लिए रेल रक्षक दल का गठन किया है जो दुर्घटना राहत ट्रेन से पहले सड़क मार्ग से घटनास्थल पर पहुंच कर काम करने में सक्षम है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव की पहल पर उत्तर पश्चिम रेलवे द्वारा पायलट प्रोजेक्ट के रूप में बनी इस टीम को राष्ट्रीय आपदा राहत बल (एनडीआरएफ) ने प्रशिक्षित किया है और ज़ोन के चारों मंडलों में चार स्थानों - बांदीकुई, लालगढ़, उदयपुर एवं मेड़ता रोड पर तैनात किया है।

# सीएम हेमंत सोरेन ने 841 करोड़ की दी सौगात

**निज संवाददाता | चतरा (झारखंड)**



झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज मंगलवार को चतरा दौरे पर थे। उन्होंने ईटखोरी स्थित मां भद्रकाली की पावन धरती पर आयोजित आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में चतरा और कोडरमा को 841 करोड़ रुपए से अधिक की सौगात दी। लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण भी किया। उन्होंने कहा कि विपक्ष के लोग धन-बल से संपन्न हैं। झूठ-सच करने में माहिर हैं। ऐसे में गरीब लोगों को लगता है कि ये जो बोलते हैं, वो सही बोलते होंगे। केंद्र की एनडीए सरकार देश की सबसे भ्रष्ट सरकार है। उनके पिता को लेकर अपशब्द बोलनेवाले चेत जाएं। सीएम हेमंत सोरेन ने 841 करोड़ की 702 विकास योजनाओं का तोहफा चतरा और कोडरमा जिले को दिया। लगभग 5 लाख लाभुकों के बीच 736 करोड़ रुपए से ज्यादा की परिसंपत्तियों का वितरण किया। इस मौके पर पोषण सखियों के बीच नियुक्ति पत्र का भी वितरण किया गया। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने ईटखोरी के मां भद्रकाली मंदिर में भक्ति-भाव से विधिवत पूजा-अर्चना की और राज्य के सर्वांगीण विकास, अमन-चैन एवं सुख-समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर मंत्री बन्ना गुप्ता, मंत्री सत्यानंद भोक्ता और विधायक उमाशंकर अकेला ने मां भद्रकाली का दर्शन कर राज्यवासियों की खुशहाली की प्रार्थना की।

भारतीय रेलवे और वेबटेक संयुक्त उद्यम का लोकोमोटिव का निर्यात करेगा शुरू

# बिहार के मढ़ौरा संयंत्र से पहली बार निर्यात के साथ भारत वैश्विक लोकोमोटिव विनिर्माण केंद्र बनने को तैयार

**एजेंसी | नई दिल्ली**

भारतीय रेलवे और वेबटेक का एक संयुक्त उद्यम, वेबटेक लोकोमोटिव प्राइवेट लिमिटेड, अफ्रीका को लोकोमोटिव (इंजन) का निर्यात करने के लिए अपने संयंत्र की क्षमता का विस्तार कर रहा है। पहली बार, यह संयंत्र एक वैश्विक ग्राहक को निर्यात के लिए लोकोमोटिव का निर्माण करेगा। यह संयंत्र वैश्विक ग्राहकों को इवोल्यूशन सीरीज ईएस43एसीएमआई लोकोमोटिव की आपूर्ति करेगा। ईएस43एसीएमआई एक लोकोमोटिव है जिसमें 4,500 एचपी इवोल्यूशन सीरीज इंजन है, जो उच्च तापमान वाले वातावरण में ईंधन से जुड़ी सर्वश्रेष्ठ दक्षता और प्रदर्शन प्रदान करता है। मढ़ौरा संयंत्र 2025 में इन लोकोमोटिवों का निर्यात शुरू करेगा। यह परियोजना रणनीतिक महत्व की है क्योंकि यह भारत को एक वैश्विक लोकोमोटिव निर्माण केंद्र के रूप में स्थापित करती है और माननीय प्रधानमंत्री के 'आत्मनिर्भर भारत' दृष्टिकोण के तहत 'मेक इन इंडिया' और 'मेक फॉर द वर्ल्ड' पहलों के अनुरूप है। इससे मढ़ौरा संयंत्र को वैश्विक स्तर पर स्टैंडर्ड-गेज लोकोमोटिव का निर्यात करने में भी मदद मिलेगी, साथ ही स्थानीय आपूर्तिकर्ता की पहुंच बढ़ेगी और दीर्घकालिक रोजगार सृजन को बढ़ावा मिलेगा, जिससे भारतीय अर्थव्यवस्था को लाभ होगा। रेल मंत्रालय और वेबटेक के बीच सार्वजनिक-निजी भागीदारी की सफलता ने मढ़ौरा संयंत्र को एक विश्वस्तरीय वैश्विक विनिर्माण केंद्र के रूप में स्थापित किया है, जो पूरे भारत से व्यापक स्थानीय आपूर्तिकर्ता आधार का उपयोग कर रहा है। अब तक, लगभग 650 लोकोमोटिव का निर्माण किया गया है और भारतीय रेलवे के लोकोमोटिव बेड़े में शामिल किया गया है।



## संक्षिप्त समाचार

### कुएं से मिला दंपती का शव, हत्या का आरोप

**आमस**। थाना क्षेत्र के आमस पंचायत अंतर्गत पथरा गांव स्थित मठ टोला में एक नव दंपती का शव घर के पास कुएं से मिला है। शव की पहचान उक्त टोला निवासी योगेंद्र यादव का 20 वर्षीय पुत्र मिथलेश कुमार और 18 वर्षीया बहु प्रियंका कुमारी के रूप में हुई है। दोनों का संबंध पति पत्नी का है। पीड़ित परिजनों के मुताबिक वे दोनों रविवार की रात खाना खाकर सही सलामत सो गए थे। इसके बाद वे कब कुएं कूदे गए या गिर गए इसका पता परिवार के किसी सदस्य को नहीं चल सका। सोमवार को काफी खोजबीन के बाद दोपहर में शव को कुएं में देखा गया। इधर घटना की जानकारी मिलते ही इंचार्ज एसएचओ प्रियनंदन आलोक मौका-ए-वारदात पर दल बल के साथ पहुंच हालात का जायजा लिया। साथ ही घटनास्थल को सील कर शवों को कुएं से बाहर निकाला तथा इसकी सूचना एसएसपी शैलेंद्र सिंह को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे एसएसपी ने परिजनों से कड़ी पूछताछ की है। हृदय विदारक के बाद घर में मातम छाया हुआ है भाई अमरेश, अखिलेश सहित परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक के पिता योगेंद्र यादव ने बताया कि छोटे पुत्र की शादी बीते जुलाई महीने में हिंदु रीति रिवाज के साथ चतरा जिले हंटरगंज प्रखंड के डाहा गांव में हंसी खुशी सम्पन्न हुआ था। उनलोगों का दाम्पत्य जीवन भी ठीक ठाक चल रहा था। हालांकि ग्रामीण दबी जबान में बताया कि घटना से पूर्व दोनों के बीच नोकझोंक हुई थी।

### फतेहपुर में नदी किनारे मिला वृद्ध का शव, हत्या की आशंका

**फतेहपुर**। फतेहपुर फतेहपुर थाना क्षेत्र के पुरनी रक्सी गांव स्थित नदी किनारे से सोमवार की शाम बाबूलाल चौहान उर्फ बौला (60) का शव संदेहास्पद स्थिति में पड़ा मिला। मृतक की पत्नी ने भूमि विवाद में पति की हत्या किए जाने की आशंका जाहिर की है। इधर पुलिस ने घटना स्थल से शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गया भेज दिया है। बताया गया है कि फतेहपुर थाना क्षेत्र के पुरनी रक्सी गांव में बाबूलाल चौहान की गोतिया से भूमि विवाद चल रहा है। इसी विवाद में सोमवार को सुबह में दोनों के बीच झगड़ा हो गया था। झगड़ा की सूचना पाकर डायल 112 की पुलिस गांव पहुंची थी और मामले को समझा बुझाकर शांत करा दिया था। मृतक की पत्नी का कहना है की उसका पति बाबूलाल चौहान दोपहर में बैंक से रुपया निकालने के लिए घर से गया था। लेकिन शाम में नदी किनारे उसका शव पड़े होने का खबर मिला। उसने भूमि विवाद में ही पति की हत्या किए जाने की आशंका जाहिर की है। इधर, पुरनी रक्सी गांव के सटे नदी किनारे से शव मिलने की सूचना थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार सिंह पुलिस बल के साथ तुरंत घटना स्थल पर पहुंचे और घटना का जायजा लिया। उन्होंने मौके पर मौजूद रहे ग्रामीणों से भी इस बारे में पूछताछ कर जानकारी ली। इसके बाद शव को कब्जे में लेकर कागजी प्रक्रिया पूरी कर पोस्टमार्टम के लिए उसे मगध मेडिकल अस्पताल गया भेज दिया। थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार सिंह ने बताया कि मृतक के शरीर पर कोई चोट का निशान नहीं था। परिजन हत्या की आशंका जाहिर कर रहे हैं। हत्या और मौत दोनों बिंदुओं पर जांच की जा रही है। एफएसएल की टीम ने लिया जायजा, क्षेत्र में दहशत बेटी और दामाद की मौत की खबर पाकर हंटरगंज के डाहा गांव से पहुंचे ससुर अनिल यादव औ सास सिंगारो देवी फफक-फफक रो रही थी। उनलोगों ने इस घटना को सुनियोजित हत्या बताया है। बेटी के ससुराल वालों पर हत्या का आरोप भी लगाया है। हालांकि खबर लिखे जाने तक थाने में लिखित आवेदन नहीं दिया गया था। इंचार्ज एसएचओ प्रियनंदन आलोक ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु मगध मेडिकल अस्पताल गया भेज दिया गया है। उनके मुताबिक मौत का ठोस सबूत नहीं मिल सका है। इसका खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही हो सकेगा। हालांकि की जिले आई एफएसएल की टीम ने बारीकी से घटनास्थल का जायजा लिया।

### स्मार्ट मीटर के विरोध में कांग्रेस सेवा दल की पदयात्रा

**टिकारी**। पटना से बोधगया तक स्मार्ट मीटर के विरोध में बिहार प्रदेश कांग्रेस सेवा दल की पदयात्रा टिकारी में निकाली गई । स्मार्ट मीटर, महंगाई एवं बेरोजगारी के विरोध में बिहार प्रदेश कांग्रेस सेवा दल का न्याय यात्रा दो दिवसीय जागरुकता कार्यक्रम के बाद सोमवार को देर शाम बोधगया के लिए प्रस्थान किया। मुख्य पार्षद व कांग्रेसी नेता अजहर इमाम ने बताया कि रविवार को न्याय यात्रा के टिकारी आगमन पर स्वागत के बाद नगर परिषद के सभागार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्मार्ट मीटर के माध्यम से बिजली उपभोक्ताओं से वसूली जा रही मनमानी राशि का जमकर विरोध किया गया। अजहर इमाम ने कहा कि जनजागरूकता के माध्यम से बेशुमार बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी को लेकर सरकार के विरुद्ध हल्ला बोला। शहर में विरोध प्रदर्शन के बाद बिहार न्याय यात्रा बेल्हड़िया मोड़ पहुंची।

### शोक सभा में पूर्व विभागाध्यक्ष को दी गई श्रद्धांजलि

**गया**। गया कॉलेज में सोमवार को शोक सभा का आयोजन कर मनोविज्ञान विभाग के भूतपूर्व अध्यक्ष प्रो. राधे मोहन प्रसाद सिंह को श्रद्धांजलि दी गई। प्रधानाचार्य डॉ. सतीश सिंह चंद्र ने कहा कि दुःख की इस घडी में ईश्वर उनके परिवार को संबल प्रदान करें। कहा कि पूर्व विभागाध्यक्ष समय व कर्तव्य परायण व्यक्ति थे। विभाग के लिए उनका समर्पण और सेवा भाव अत्यंत सराहनीय रहा है। उन्होंने 1980 से 1993 तक गया कॉलेज में अपनी सेवाएं दी। शिक्षक संघ के अध्यक्ष डॉ. रविंद्र पाठक, सचिव डॉ. रामदेव प्रसाद, पूर्व एचओडी डॉ. किशोर कुमार, शिक्षकेतर कर्मचारी संघ के अध्यक्ष मनीष प्रताप सिंह, सचिव संतोष सिंह सहित सभी विभागों के विभागाध्यक्ष, शिक्षक व विद्यार्थियों ने इनके निधन पर शोक व्यक्त किया है।

### बुजुर्ग के ऊपर से गुजरी मालगाड़ी, बाल-बाल बचा जान

**नालंदा**। नालन्दा के हिलसा रेलवे स्टेशन पर शाम को खड़ी मालगाड़ी अचानक चल पड़ी। इस दौरान एक बुजुर्ग ने अपनी सूझ-बूझ का परिचय देते हुए ट्रैक के बीचों-बीच लेटकर अपनी जान बचाई। पूरी मालगाड़ी उसके ऊपर से गुजर गई, लेकिन व्यक्ति को एक खरोंच तक नहीं आई। इस घटना ने क्षेत्र में ओवरब्रिज की सख्त जरूरत को उजागर कर दिया है। इस दौरान बुजुर्ग को गंभीर चोट लग सकती थी। दरअसल रेलवे स्टेशन के पास स्थानीय लोगों को दोनों ओर जाने का कोई वैकल्पिक रास्ता नहीं है। लोग अक्सर ट्रेन के नीचे से होकर गुजरते हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि हिलसा स्टेशन पर ओवरब्रिज नहीं होने के कारण लोगों को जान जोखिम में डालकर ट्रेन के नीचे से गुजरना पड़ता है। इस संबंध में कई बार रेलवे अधिकारियों से मांग की जा चुकी है लेकिन अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। हाल ही में रेलवे के डीआरएम और अन्य अधिकारी स्टेशन का निरीक्षण करने आए थे। उन्होंने खुद देखा था कि कैसे लोग ट्रेन के नीचे से गुजर रहे हैं। इसके बावजूद अभी तक कोई समाधान नहीं निकला है। स्टेशन मास्टर वीरेंद्र कुमार पासवान ने कहा कि उनके संज्ञान में यह बात नहीं है। लोग अक्सर ट्रेन के नीचे से गुजरते हैं। जो बहुत खतरनाक है। खड़ी ट्रेन के नीचे से भी लोगों को नहीं गुजरना चाहिए।

## गरीबों पर हिंसा के खिलाफ माले ने किया विरोध प्रदर्शन

**गया**। बिहार में बढ़ते अपराध, दलित, गरीबों और महिलाओं पर जारी हिंसा के खिलाफ भाकपा माले के राज्यव्यापी विरोध दिवस के तहत सोमवार को गया में समाहरणालय स्थित अंबेडकर पार्क से टावर चौक तक मार्च निकाला गया। नेताओं ने कहा कि भाजपा राज में सामंती अपराधी ताकतों का मनोबल काफी बढ़ा है । कहा कि नवादा में मांझी व रविदास जाति के गरीबों के 32 घरों को जला कर लूटपाट की गई और इसी तर्ज पर बोधगया के करौर में महादलित बस्ती पर हमला किया गया। अपराधियों की गिरफ्तारी के बजाय उल्टे पीडितों पर ही प्राथमिकी दर्ज कर दी गई। मोहनपुर में राजकुमार मांझी व खिजरसराय में सज्जन मांझी की पीट पीटकर हत्या कर दी गई। टिकारी में संजय मांझी का सामंती अपराधियों ने कलाई काट दी। फतेहपुर में भाजपा के अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के राज्य उपाध्यक्ष नरेश तूरी ने बलात्कार किया। कहा कि गया में खुद जीनत राम मांझी भाजपा के केन्द्रीय मंत्री हैं और मोहनपुर (बाराचट्टी) और टिकारी दोनों जगहों से हम पार्टी के ही विधायक हैं। मगर ये लोग पीडितों से मिलना भी जरूरी नहीं समझते हैं। गया में गरीब दलित और महिलाओं पर हमले के खिलाफ भाजपा माले द्वारा अक्टूबर के पहले सप्ताह में चार दिवसीय धरना गांधी मैदान में दिया जाएगा। धरना का समापन जिलाधिकारी के समक्ष आक्रोश पूर्ण प्रदर्शन से होगा।

# बिहारशरीफ में 27 से लगेगा डिज्नीलैंड मेला, मौत का कुआं रहेगा प्रतिबंध




**निज संवाददाता। नालंदा**

**कल तक कर सकते आवेदन, 26 को लगेगी बोली**

नालंदा जिले के बिहारशरीफ में इस वर्ष दुर्गा पूजा के अवसर पर आयोजित होने वाले प्रसिद्ध "डिज्नीलैंड मेला" के लिए प्रशासन ने नए नियम और शर्तें जारी की हैं। अनुमंडल कार्यालय की ओर से जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार, मेला आयोजन के लिए आवेदन की प्रक्रिया में बदलाव किया गया है। मेले में मौत का कुआं वर्जित रहेगा। 27 सितंबर से लेकर 26 अक्टूबर तक मेले का आयोजन होगा। वहीं, डाक प्रक्रिया 26 सितंबर की सुबह 10 बजे से होगा। 25 सितंबर तक मेला लगाने के लिए आवेदन दे सकते हैं। अनुमंडल पदाधिकारी ने बताया कि पिछली डाक प्रक्रिया में केवल एक योग्य आवेदक होने के कारण उसे निरस्त कर दिया गया था। अब नई प्रक्रिया के तहत इच्छुक आयोजक अपने संस्था के लेटर पैड पर आवेदन के साथ वांछित दस्तावेज जमा कर सकते हैं।

**चयन प्रक्रिया और अन्य निर्देशः** अनुमंडल पदाधिकारी ने बताया कि उच्चतम बोली लगाने वाले आवेदक को मेला आयोजन का अवसर दिया जाएगा। यदि केवल एक ही आवेदक होता है, तो उसे व्यावसायिक दर से 15% अधिक राशि जमा करनी होगी। आयोजकों को वाहन पार्किंग की उचित व्यवस्था करनी होगी और मेला स्थल पर तकनीकी सत्यापन कराना अनिवार्य होगा। प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया है कि लोकहित या सरकारी कार्यक्रम की स्थिति में आरक्षण रद्द किया जा सकता है।

**प्रमुख नियम और शर्तें**

- आयोजकों को अपने और संस्था के विस्तृत दस्तावेज जमा करने होंगे, जिसमें आधार कार्ड, पैन कार्ड, जीएसटी पंजीकरण और पुलिस की ओर से जारी आचरण प्रमाण-पत्र शामिल है।
- मेला आयोजन का कम से कम तीन वर्ष का अनुभव अनिवार्य है।
- सभी झूलों के लिए वैध फिटनेस और बीमा प्रमाण-पत्र आवश्यक है।
- आरक्षण के लिए 5,48,000 रुपए की सुरक्षित राशि जमा करनी होगी।
- "मौत का कुआं" जैसे खतरनाक झूले और नृत्य कार्यक्रम प्रतिबंधित रहेंगे।

# सड़क हादसे में बाइक सवार फाइनेंस कर्मी की मौत

**निज संवाददाता। नालंदा**



♦ **नालंदा में सड़क किनारे खड़े ट्रक से हुई टक्कर, रेफर होने के बाद युवक ने तोड़ा दम**

नालंदा में बिहटा-सरमेरा टू-लेन पर सड़क हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई। मामला नगरनौसा थाना क्षेत्र अंतर्गत उस्मानपुर पुल के समीप की है। मृतक की पहचान नगरनौसा थाना क्षेत्र के हरगोपालपुर गांव निवासी उपेंद्र पासवान के 29 वर्षीय पुत्र राहुल कुमार के रूप में की गई है। परिजन ने बताया कि राहुल कुमार सोमवार की शाम अपनी बाइक से नगरनौसा से बिहार शरीफ की ओर जा रहा था। तभी उसमानपुर पुल के पास सड़क हादसे में जख्मी हो गया। इलाज के क्रम में निजी क्लीनिक में मौत हो गई। दरअसल अंधेरा होने की वजह से उस्मानपुर पुल के पास खड़े ट्रक में राहुल ने पीछे से टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। स्थानीय लोगों की जब बाइक सवार पर नजर पड़ी तो तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी गई। युवक फाइनेंस कंपनी में काम करता था।

**आवेदन मिलने पर कार्रवाई की जाएगीः** नगरनौसा थाना अध्यक्ष पंकज कुमार पवन ने बताया कि सड़क हादसे में घायल होने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को इलाज के लिए नगरनौसा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। परिजनों को इसकी सूचना दी गई। नगरनौसा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से बेहतर इलाज के लिए जख्मी को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। जहां इलाज के बाद उसकी मौत हो गई। आवेदन मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# अंतरा गर्भनिरोधक इंजेक्शन देने में बेलागंज शीर्ष पर

**निज संवाददाता। गया**

स्वास्थ्य विभाग महिलाओं के प्रजनन स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए परिवार नियोजन के आधुनिक साधनों को उपलब्ध कराने की कवायद कर रहा है। इनमें अंतरा गर्भनिरोधक इंजेक्शन भी शामिल है। जिला स्वास्थ्य समिति से प्राप्त आंकड़ों के मुताबिक शहरी क्षेत्र की महिलाएं अंतरा गर्भनिरोधक इंजेक्शन के बीच अंतरा गर्भनिरोधक इंजेक्शन का इस्तेमाल बढ़ा है।

हेल्थ मैनेजमेंट इंफॉर्मेशन सिस्टम पर अंतरा सेवाओं की उपलब्धता से जुड़े आंकड़ों के अनुसार अंतरा गर्भनिरोधक इंजेक्शन के इस्तेमाल में जिला के दस स्वास्थ्य संस्थान शीर्ष पर हैं। इनमें चार शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, पांच सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तथा एक अनुमंडलीय अस्पताल है। अंतरा गर्भनिरोधक इंजेक्शन अनचाहे गर्भ को रोकने अथवा दो बच्चों के बीच अंतर रखने का एक सुरक्षित अस्थायी गर्भनिरोधक विकल्प हैं। इंजेक्शन का इस्तेमाल से तीन माह तक अनचाहे गर्भ से छुटकारा देता है। यह इंजेक्शन तीन माह के अंतराल पर लगाया जाता है। स्वास्थ्य विभाग के डीपीएम नीलेश कुमार ने बताया कि शहरी क्षेत्र में गर्भनिरोधक अंतरा इंजेक्शन के इस्तेमाल में इजाफा देखने को मिला है।

अंतरा गर्भनिरोधक इंजेक्शन के सबसे अधिक डोज लगाने वाले शीर्ष स्वास्थ्य संस्थानों की सूची में भुसुंडा शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, कटारी हिल, आंबेडकर नगर तथा इकबाल नगर यू-पीएचसी सहित बेलागंज, मोहड़ा, बांकेबाजार तथा वजीरगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं टिकारी अनुमंडलीय अस्पताल शामिल हैं। इंजेक्शन की डोज बेलागंज में सबसे अधिक हेल्थ मैनेजमेंट इंफॉर्मेशन सिस्टम अनुसार वर्ष 2024 के अप्रैल से अगस्त माह के बीच बेलागंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर अंतरा गर्भनिरोधक इंजेक्शन की 533 खुराक लगाई गई।

# गया में पितृपक्ष मेला का आज 7वां दिन, तिथि के अनुसार विधि-विधान से जुटे हैं तीर्थयात्री

**निज संवाददाता। गया**

**विष्णुपद मंदिर परिसर में उमड़ी भीड़**



गया में पितृपक्ष मेला का आज पंचांग के अनुसार 7वां दिन है। षष्टी व सप्तमी तिथि को मरने वाले पूर्वजों का पिंडदान किया जा रहा है। पिंडदानी तिथि के अनुसार अपने पूर्वजों को मोक्ष दिलाने के क्रम में विधि-विधान से जुटे हैं। बड़ी संख्या में तीर्थ यात्रियों के गया जी पहुंचने का सिलसिला हर दिन बना हुआ है। एक दिन, तीन दिन, सात दिन या फिर 17 दिनों की पूजा विभिन्न बेदियों के ऊपर करने में जुटा है। सप्तमी को भी विष्णुपद मन्दिर के अंदर स्थित 19 बेदियों पर पिंडदान किया जा रहा। पिंडदानियों की भारी भीड़ विष्णुपद मन्दिर परिसर में जुटी है। यही वजह है कि खुद डीएम और एसएसपी भीड़ को दिशा देने में जुटे हैं। सप्तमी को सूर्यपद, गणेशपद, चन्द्रपद,संध्याग्निपद, आवसंध्याग्निपद और दधिचिपद बेदी पर पिंडदान करने में पिंडदानी पूरे मनोयोग से जुड़े हैं।

**प्रेतशिला में भी बड़ी संख्या में तीर्थयात्रीः** इसके अलावा सीताकुंड में भी हजारों की संख्या में पिंडदानी पिंडदान करने में जुटे हैं। वहीं, जिन्होंने मंगलवार से अपने पूर्वजों के निमित पिंडदान शुरू किया है वे फल्गु नदी के किनारे देवघाट पर पूजा पाठ करने में जुटे हैं। इनकी भी संख्या हजारों में है। प्रेतशिला में भी बड़ी संख्या में तीर्थयात्री पिंडदान कर रहे। अक्षयवट पिंडवेदी पर भी बड़ी संख्या में पिंडदानी कर्मकांड करने जुटे हैं। भीड़ का आलम यह कि मेला क्षेत्र में देश के विभिन्न कोने से आए तीर्थ यात्रियों की कतार हर दिन सुबह से लेकर शाम तक बनी रह रही है।

**पंडा और ब्राहाम्ण अपने यजमान के सेवा भाव में व्यस्तः** वहीं विभिन्न राज्यों से आए तीर्थयात्रियों के गया पाल पंडा और ब्राहाम्ण अपने यजमान के सेवा भाव में व्यस्त हैं।

# पितृपक्ष में गयाजी के लिए सबसे पुराना शिविर है शिवराम डालमिया भोजनालय

**निज संवाददाता। गया**



विश्व प्रसिद्ध पितृपक्ष मेला में गयाजी के लिए सबसे पुराने शिविर में एक शिवराम डालमिया भोजनालय है। यह शिविर वर्ष 1981 से निरंतर चल रहा है। हर साल इस शिविर से लाखों की संख्या में तीर्थयात्री निःशुल्क भोजन प्राप्त करते है। यहां बने भोजन में शुद्धता का पूरा ख्याल रखा जाता है। इस साल भी पितृपक्ष मेला में प्रतिदिन 15 सौ से दो हजार तीर्थयात्री निःशुल्क भोजन का आनंद उठा रहे हैं। उन्हें भोजन में चावल, दाल,सब्जी , पुरी, जलेबी के साथ-साथ अन्य सामग्री निःशुल्क खिलायी जा रही है। भोजन अच्छा है या नहीं? इसका भी फीडबैक तीर्थयात्रियों से लिया जाता है। इस संदर्भ में प्रसिद्ध समाजसेवी उषा डालमिया ने बताया कि वर्ष 1981 में उनके पति स्व. शिवराम डालमिया ने पितृपक्ष मेला में इस भोजनालय शिविर का शुभारंभ किया था, जो आज तक चल रहा है।

**सबसे पहले गांधी मैदान में लगा था शिविरः** श्रीमति डालमिया ने बताया कि आज से करीब 40 वर्ष पूर्व पितृपक्ष में प्रशासन द्वारा भी कोई तैयारी नहीं की जाती थी। न ही तीर्थयात्रियों के लिए कोई व्यवस्था थी। एक बार स्व. डालमिया ने तीर्थयात्रियों को बस के नीचे सोते देखा। भोजन की कमी महसूस की, इसके बाद पितृपक्ष शुरू होते ही उन्होंने सर्वप्रथम गांधी मैदान में शिविर का शुभारंभ किया, जहां तीर्थयात्रियों को भोजन के साथ आराम की भी व्यवस्था की गई थी।

**1981 से लगातार चल रहा है शिविरः** उन्होंने बताया कि वर्ष 1981 से यह कार्य निरंतर चल रहा है। आज भी जो भोजनालय चल रहा है, उसे भी वे ही चल रहा है। एक अदृश्य शक्ति यह काम कर रही है। उन्होंने बताया कि मुझे आज काफी खुशी हो रही है कि पितृपक्ष मेला में अब कई लोग भी तीर्थयात्री का सहयोग कर रहे है। उनमें भी सेवा भी भावना बढ़ रही है। यह देख अच्छा लगता है।

# पिचासा तिराहा को लेकर NHAI इंजीनियर के गलत फैसले

**निज संवाददाता। नालंदा**

बख्तियारपुर-बिहारशरीफ फोरलेन में पिचासा तिराहा के पास NHAI के इंजीनियर की अनदेखी का खामियाजा हर दिन हजारों वाहन चालकों को भुगतनी पड़ रहा है। तिराहे पर 'कट' नहीं देने के कारण रोड से इस पार से उस पार जाने के लिए दो किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ रही है। न चाह कर भी गलत दिशा में गाड़ी चलानी पड़ती है। इंजीनियरों की इस भूल की मार फोरलेन के आसपास बसे दर्जन भर गांव के लोगों पर भी खूब भारी पड़ रहा है। स्थानीय लोग जान हथेली पर रख डिवाइडर को लांघ कर सड़क को पार करते हैं। हर वक्त दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। हद तो यह है कि तिराहे के पास 'कट' बनाने के लिए एक नहीं, कई बार आसपास के गांवों के लोग और वाहन चालकों ने आवाज उठाई है। विडंबना यह है कि NHAI के हाकिम लोगों की परेशानियों की अनदेखी कर रहे हैं। पचासा तिराहा पर पचासा-नकटपुरा बाइपास और शहर का रांची रोड जुड़ता है।

शेखपुरा, बरबीघा, अस्थावां की ओर से नकटपुरा बाइपास होकर आने वाले वाहनों को पटना-बख्तियारपुर की ओर जाने के लिए सोहडीह-सलेमपुर आना पड़ता है। इसके बाद 'कट' को पार कर फोरलेन पर आगे जाने के लिए सही दिशा मिलती है। यही परेशानी शहर के रांची रोड से हरनौत, बख्तियापुर और पटना जाने वाले वाहन चालकों को झेलनी पड़ती है। उन्हें पचासा तिरहा से वापस लौट कर सलेमपुर के पास आना पड़ता है। इसके बाद राइट साइड पर जाने का रास्ता मिलता है। चालकों का कहना है कि तिरहा के पास 'कट' बना रहता है, तो जितना समय वापस आकर फिर तिराहा के पास पहुंचने में लगता, उतना समय में वे भागनबिगहा पहुंच जाते। कई मौकों पर चालक न चाह कर भी रौंग दिशा से ही पटना की ओर निकल जाते हैं। ऐसे में दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।

**डिवाइडर को फांद आते-जाते हैं लोगः** तिराहा के आसपास मोरा, पिचासा, मिल्कीपर, मुसेपुर और अन्य गांव है। रोजमर्रा का काम हो या खेती-किसानी। इन गांवों के लोगों को डिवाइडर को फांद कर फोरलेन के इस पार से उस पार आना-जाना पड़ता है। छोटे-छोटे काम के लिए बड़ा जोखिम उठाना पड़ता है। पुरुष तो किसी तरह डिवाइडर को पार कर जाते हैं। लेकिन, महिलाओं को खासी फजीहत उठानी पड़ती है।

**गलत दिशा से ही ओवरब्रिज पर चले जाते हैं वाहनः** कई मौके पर बिहारशरीफ और नकटपुरा की ओर से आने वाले वाहन गलत दिशा से ही तिराहा से कुछ दूर आगे बने ओवरब्रिज पर चले जाते हैं। इसके कारण विपरीत दिशा से आने वाले वाहनों से टक्कर होने की हमेशा संभावना बनी रहती है। वाहन चालकों के पास 2 ही ऑप्शन रहता है। या तो वे तिराहा से वापस लौट कर सलेमपुर आएं, नहीं तो गलत दिशा से मोरा तालाब तक जाकर ओवरब्रिज के नीचे से सही दिशा में आकर पटना की ओर आगे बढ़ें।

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं.: ईएल/एचडब्ल्यूएच/25/21(नोटिस)/606, दिनांक 23.09.2024;** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के निकट, हावड़ा-711101 द्वारा नीचे उल्लेखित विद्युतीय कार्यों के निष्पादन के लिए खुली ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **निविदा सं.: ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3362; कार्य का नामः** हावड़ा मंडल के तहत स्टाफ क्वार्टरों में रिमोट मोनिटरिंग, वेब-आधारित (जीपीआरएस) स्मार्ट इनर्जी मीटर द्वारा प्रचलित स्टेटिक इनर्जी मीटर का प्रतिस्थापन। **निविदा मूल्यः** रु. 2,04,70,758/-। **बोली सुरक्षा (बयाना राशि जमा):** रु. 2,52,400; **समापन अवधिः** 6 महीने। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समयः** 14.10.2024 को अपराह्न 3.00 बजे तक। निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लेखित बंद होने की तारीख को किसी भी कारणवश छुट्टी का दिन/बंद/हड़ताल घोषित होने पर भी ऑनलाइन निविदा बंद होने की तारीख में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा, क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में एप्लीकेशन निविदा बंद होने की तारीख एवं समय के उपरांत कोई भी प्रस्ताव जमा करने की अनुमति नहीं देता है। हालांकि, निविदा के बंद होने की तारीख एवं समय के उपरांत किसी भी सुविधाजनक दिवस को ऑनलाइन निविदाएं खोली जाएंगी। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदाओं से अपने प्रस्ताव उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करने का अनुरोध किया जाता है।

(HWH-303/2024-25)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**खुली निविदा सूचना सं. : टीआरडी-डब्ल्यूसी-टी-2024-25-19, दिनांक 20.09.2024;** वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/टीआरडी, पूर्व रेलवे, आसनसोल, स्टेशन रोड, पिन-713301 द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए विद्युत ठेकेदारी का वैध लाइसेंस एवं सुपरवाइजरी लाइसेंस तथा वित्तीय रूप से कार्य सम्पन्न करने की क्षमता रखने वाले प्रतिष्ठित निविदादाताओं से ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **निविदा केस सं.:** टीआरडी-डब्ल्यूसी-टी-2024-25-19, **कार्य का नामः** नीचे उल्लेखित टीआरडी कार्यों का निष्पादनः (क) खाना-प्रधानखांटा - सीटीआर (पी) - 19.699 टीकेएम, (ख) खाना-प्रधानखांटा - टीआरआर (पी) - 15.884 टीकेएम, (ग) अंडाल-सैंथिया (डाउन लाइन) - टीआरआर (पी) - 18.927 टीकेएम, (घ) अंडाल-सैंथिया (अप एवं डाउन) - टीआरआर (पी) - 12.1160 टीकेएम, (ङ) अंडाल-सैंथिया (डाउन) - टीआरआर (पी) - 10.700 टीकेएम, (च) अंडाल-सैंथिया और अंडाल सीतारामपुर - टीटीआर (एफएस+टीडब्ल्यूएस+डब्ल्यूसीएमएससी) - 106 सेट (1:12 - 56 सेट और 1:8.5 - 50 सेट), (छ) आसनसोल मंडल : केएएन-एएसएन अनुभाग में टीआरआरपी = 1.94 किमी (डाउन लाइन पर किमी 159.88 - 161.82), (ज) आसनसोल मंडल : केएएन-एएसएन अनुभाग में सीटीआरपी = 1.05 किमी (डाउन लाइन पर किमी 165.19 - 166.24), (झ) आसनसोल मंडल : केएएन-एएसएन अनुभाग में सीटीआरपी = 0.26 किमी (डाउन लाइन पर किमी 166.24 - 167.00), (ञ) आसनसोल मंडलः केएएन-एएसएन अनुभाग में सीटीआरपी = 0.59 किमी (डाउन लाइन पर किमी 127.78 - 127.93 एवं 167.56-168.70) तथा टीआरआर (पी) 0.18 किमी (डाउन लाइन पर किमी 161.82-162.00), (त) आसनसोल मंडलः केएएन-एएसएन अनुभाग में सीटीआरपी = 1.05 किमी (डाउन लाइन पर किमी 126.730 - 127.780), (थ) आसनसोल मंडलः केएएन-एएसएन अनुभाग में सीटीआरपी = 1.00 किमी (डाउन लाइन पर किमी 142.00 - 143.00), (द) आसनसोल मंडल : केएएन-एएसएन अनुभाग में सीटीआरपी = 1.00 किमी (डाउन लाइन पर किमी 143.00 - 144.00), (ध) आसनसोल मंडल : केएएन-एएसएन अनुभाग में सीटीआरपी = 1.90 किमी (डाउन लाइन पर किमी 181.00 - 182.90), (न) आसनसोल मंडल : केएएन-एएसएन अनुभाग में टीआरआरपी = 1.94 किमी (डाउन लाइन पर किमी 156.00 - 157.94), (ट) आसनसोल मंडलः केएएन-एएसएन अनुभाग में सीटीआरपी = 1.05 किमी (डाउन लाइन पर किमी 124.630 - 125.680), (ठ) आसनसोल मंडलः केएएन-एएसएन अनुभाग में सीटीआरपी = 1.05 किमी (डाउन लाइन पर किमी 123.580 - 124.630), (ड) आसनसोल मंडलः केएएन-एएसएन अनुभाग में सीटीआरपी = 1.05 किमी (डाउन लाइन पर किमी 125.680 - 126.730), (ढ) आसनसोल मंडलः केएएन-एएसएन अनुभाग में टीआरआरपी = 1.94 किमी (डाउन लाइन पर किमी 157.940 - 159.88)। **निविदा मूल्यः** रु. 1,69,59,499.55; **बयाना राशिः** रु. 2,34,800; **खुलने की तारीख एवं समयः** 22.10.2024 को पूर्वाह्न 11.00 बजे। **कार्य समापन अवधिः** स्वीकृति पत्र जारी किए जाने की तारीख से 12 महीने। **प्रस्ताव की वैधताः** खुलने की तारीख से 45 दिन। सम्पूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखे जा सकते हैं।

(ASN-181/2024-25)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## न्यूज बाइट्स

### जियुतिया पर्व के पूर्व सोनी गांव मे एक बड़ा हादसा चेहरे पर छाई उदासी

**संझौली (रोहतास) (नि.सं.)।** संझौली प्रखंड के सोनी गांव में जियुतिया पर्व के पूर्व मंगलवार को एक बड़ी सड़क दुर्घटना के बाद गांव में मातमी सन्नाटा पसर गया है। गांव में सगे-सम्बन्धियो का जमावड़ा लगा हुआ है। जबकि आंखे नम हो गयी है। मृतक दोनो युवक की पहचान एक होनहार युवक के रूप में की जाती थी। लेकिन भगवान ने इसे जियुतिया पर्व के ठीक एक दिन पूर्व ही धरती से उठा लिया। जिसके कारण दोनो युवकों का सपना सपना बनकर ही रह गया। माता मनोरमा और सबिता देवी के क्रुन्दन भरी आवाज से पूरा गांव मर्माहित हो गया। मंगलवार को किसी के घर मे चूल्हे नही जले। समाचार लिखे जाने तक गांव में सगे-संबंधियों व हित-मित्रो के आगमन का सिलसिला जारी था।

### 30 नवंबर तक सभी सरकारी कार्यालयों मे लगेंगे प्रीपेड मीटर

**बिक्रमगंज (रोहतास) (नि. सं.)।** स्मार्ट प्रीपेड मीटर का अधिष्ठापन राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक है। राज्य सरकार द्वारा सभी उपभोक्ताओं के वर्तमान मीटर को स्मार्ट प्रीपेड मीटर से बदलने का निर्णय लिया गया है। इसके आलोक में वर्तमान में पूरे बिहार में एजेंसी का चुनाव करते हुए स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने का कार्य मिशन मोड में कराया जा रहा है। विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल बिक्रमगंज अंतर्गत 11037 तथा पूरे बिहार मे अबतक लगभग 50 लाख स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाये जा चुके हैं। सहायक विद्युत अभियंता बिक्रमगंज राज कुमार के द्वारा बताया गया की ऊर्जा विभाग बिहार सरकार के संकल्प संख्या 02 दिनांक 24.07.2024 द्वारा निर्णय लिया गया कि उक्त स्वीकृत योजना के अंतर्गत राज्य सरकार के कार्यालयों एवं सरकारी उपक्रम के कार्यालयों में उच्च प्राथमिकता के आधार पर स्मार्ट प्रीपेड मीटर अधिष्ठापित किये जायें। राज्य सरकार के कार्यालयों एवं सरकारी उपक्रम के कार्यालयों में स्मार्ट प्रीपेड मीटर के अधिष्ठापन से आम उपभोक्ताओं पर भी इसका सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा एवं उनके यहां स्मार्ट प्रीपेड मीटर के अधिष्ठापन में गति आएगी। मुख्य सचिव महोदय द्वारा सभी जिलों के जिलाधिकारियों के साथ बैठक मे यह निर्देश दिया गया है कि सभी सरकारी कार्यालयों में स्मार्ट प्रीपेड मीटर के अधिष्ठापन का कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर 30 नवम्बर तक पूरा करा लिया जाय।

### तीन दिवसीय बेसिक कोर्स इन मेडिकल एजुकेशन का प्रशिक्षण प्रारंभ

**सासाराम (रोहतास) (नि. सं.)।** नारायण मेडिकल कॉलेज के मेडिकल एजुकेशन यूनिट के तत्वावधान में तीन दिवसीय बेसिक कोर्स इन मेडिकल एजुकेशन का प्रशिक्षण प्रारंभ हुआ। इस प्रशिक्षण में 11 प्रशिक्षको के द्वारा 30 चिकित्सा शिक्षकों का प्रशिक्षण प्रारंभ हुआ जो आगामी 26 सितंबर को समाप्त होगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रशिक्षण के समन्वयक काशी हिंदू विश्वविद्यालय से आए नेशनल मेडिकल काउंसिल के प्रतिनिधि डॉक्टर रघुनाथ मोरे के देखरेख में नारायण मेडिकल कॉलेज के चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर पुनीत कुमार सिंह, उप प्राचार्य डॉक्टर अशोक कुमार देव, औषधि विभाग के प्राध्यापक डॉक्टर जितेंद्र कुमार, डॉक्टर रंजन कुमार, शिशु रोग विभाग के प्राध्यापक डॉ. मणिकांत कुमार, एनाटॉमी विभाग के प्राध्यापक डा शंभू कुमार समेत 11 प्रशिक्षक प्रशिक्षण प्रदान कर रहे हैं। इस दौरान चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में नई शिक्षा नीति के अनुसार पठन-पाठन हेतु आवश्यक जानकारियां प्रदान की जा रही हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्राचार्य कार्यालय के मनीष कुमार, अमित कुमार, प्रवीण कुमार, रविंद्र कुमार, प्रफुल्ल कुमार इत्यादि की भूमिका महत्वपूर्ण रही।

### तीन दिवसीय बेसिक कोर्स इन मेडिकल एजुकेशन का प्रशिक्षण प्रारंभ

**सासाराम (रोहतास) (नि. सं.)।** नारायण मेडिकल कॉलेज के मेडिकल एजुकेशन यूनिट के तत्वावधान में तीन दिवसीय बेसिक कोर्स इन मेडिकल एजुकेशन का प्रशिक्षण प्रारंभ हुआ। इस प्रशिक्षण में 11 प्रशिक्षको के द्वारा 30 चिकित्सा शिक्षकों का प्रशिक्षण प्रारंभ हुआ जो आगामी 26 सितंबर

# सड़क दुर्घटना में 2 युवकों की मौत, एक घायल

## सेना बहाली की तैयारी करने के दौरान हुआ हादसा

**निज संवाददाता | सासाराम (रोहतास)**



सेना बहाली की तैयारी कर रहे तीन युवक तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आए। दीपक कुमार और सतेंद्र कुमार की मौके पर ही मौत, प्रिंस कुमार गंभीर रूप से घायल। घटना से गुस्साए ग्रामीणों ने सड़क जाम कर किया विरोध प्रदर्शन। बीडीओ और सीओ ने मृतकों के परिजनों को मुआवजे और घायल के इलाज का भरोसा दिलाया। पुलिस ने दोनों मृतकों के शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन और ग्रामीण पहुंचे घटनास्थल, शोक में डूबे।

जिले के संझौली थाना क्षेत्र में मंगलवार सुबह हुए दर्दनाक सड़क हादसे में सेना बहाली की तैयारी कर रहे दो युवकों की मौत हो गई, जबकि तीसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। यह दुर्घटना सासाराम-आरा स्टेट हाइवे पर हुई, जब तीनों युवक सुबह दौड़ने के लिए निकले थे। इसी दौरान एक बेकाबू ट्रक ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। दुर्घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क जाम कर विरोध प्रदर्शन किया। मृतकों में दीपक कुमार (23) और सतेंद्र कुमार (24) शामिल हैं। दीपक कुमार सोनी गांव के रहने वाले थे, जबकि सतेंद्र कुमार राजपुर थाना क्षेत्र के पकड़ी गांव के निवासी थे। वह अपने नाना के घर सोनी गांव में रहकर सेना भर्ती की तैयारी कर रहे थे। घायल युवक का नाम प्रिंस कुमार है, जो सोनी गांव का ही निवासी है। उसका इलाज विक्रमगंज के एक निजी अस्पताल में चल रहा है। घटना की सूचना मिलते ही संझौली थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और आक्रोशित लोगों को शांत करने का प्रयास किया। ग्रामीण उच्च अधिकारियों को बुलाने की मांग कर रहे थे। मौके पर बीडीओ प्रभा कुमारी और सीओ किशोर पासवान ने पहुंचकर लोगों को आश्वासन दिया कि घायल के इलाज और मृतकों के परिजनों को उचित मुआवजा दिया जाएगा। इसके बाद लोगों ने सड़क जाम समाप्त किया। संझौली थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने बताया कि दोनों मृतकों के शव को पोस्टमार्टम के लिए सासाराम सदर अस्पताल भेज दिया गया है। घटना की जानकारी मिलते ही मृतकों के परिवार और गांव के लोग घटनास्थल पर पहुंच गए। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। ग्रामीणों का कहना है कि हाईवे पर वाहनों की तेज रफ्तार और लापरवाही के कारण इस तरह की घटनाएं अक्सर होती रहती हैं, लेकिन प्रशासन की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है।

# स्वच्छता ही सेवा के तहत हुआ सफाई कार्य

**निज संवाददाता | विक्रमगंज(रोहतास)**

» प्रखंड मुख्यालय काराकाट के प्रांगण में प्रखंड स्तरीय सभी पदाधिकारी जिसमें प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल कुमार सिंह, प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी रेणुका कुमारी अंचल अधिकारी के अलावे प्रखंड के सभी कर्मी सामूहिक रूप से सम्मिलित हुए।

अनुमंडल क्षेत्र के काराकाट प्रखंड में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत प्रखंड कार्यालय के प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी एवं कर्मियों ने सफाई अभियान में लिया हिस्सा और स्वच्छता के लिए बताए कई टिप्स। प्रखंड के सभी पंचायतों में 17 अक्टूबर से शुरू हुए स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत कई तरह के कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं जिसमें सरकारी कर्मी एवं समाज सेवियों के अलावे स्वच्छता कूमी भी सम्मिलित हो रहे हैं। सोमवार को प्रखंड मुख्यालय काराकाट के प्रांगण में प्रखंड स्तरीय सभी पदाधिकारी जिसमें प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल कुमार सिंह, प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी रेणुका कुमारी अंचल अधिकारी के अलावे प्रखंड के सभी कर्मी सामूहिक रूप से सम्मिलित हुए। इस स्वच्छता की सेवा कार्यक्रम में स्वच्छता शपथ, हाथों की सफाई, एक पेड़ मा के नाम एवं अन्य कई तरह के स्वच्छता अभियान का टिप्स बताया गया एवं पदाधिकारी सहित कर्मियों ने कैंपस में झाड़ू लगाकर इसका संदेश भी दिया।

# जिला स्तरीय आवृतिचर्या प्रशिक्षण का आयोजन

**निज संवाददाता | सासाराम (रोहतास)**



जिला पदाधिकारी के निदेशानुसार उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में डी०आर०डी०ए० सभागार में मंगलवार को कृषि सांख्यिकी से संबंधित सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों के क्षमतावर्द्धन हेतु जिला स्तरीय आवृत्तिचर्या प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। आवृत्तिचर्या प्रशिक्षण में सर्वप्रथम फसल के अनुसार कृषि वर्ष में फसल मौसम की जानकारी दी गई। इसके पश्चात खसरा पंजी, द्रुत जिन्सवार, सामान्य जिन्सवार, भूमि उपयोग विवरणी, नेत्रांकन प्रतिवेदन प्रक्षेत्र मूल्य एवं फसल कटनी के संबंध में प्रतिभागियों को विस्तृत जानकारी दी गई। चूंकि भारत एक कृषि प्रधान देश है इसलिए उपर्युक्त विधि से कृषि उपज का आंकलन वैज्ञानिक विधि से करते हुए कृषि के विकास के लिए नीति निर्माण आवश्यक है। आवृत्तिचर्या प्रशिक्षण में फसल कटनी की वैज्ञानिक विधि की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इस क्रम में उप विकास आयुक्त द्वारा बताया कि इसका प्रमुख उद्देश्य जिला स्तर पर उत्पादन एवं उत्पादकता का आकलन करना तथा साथ ही फसल बीमा कराए गए कृषकों की क्षतिपूर्ति का आकलन करना होता है। फसल कटनी आंकडों के आधार पर बिहार राज्य फसल सहायता योजनान्तर्गत कृषकों को अनुदान / सहायता इत्यादि निर्धारित की जाती है।

# 73 किलो गांजा बरामद, यूपी के दो तस्कर गिरफ्तार

**निज संवाददाता | डेहरी ऑन-सोन (रोहतास)**



नगर थाना क्षेत्र के पाली रोड के राष्ट्रीय राजमार्ग से एक कार से तस्करी को शहर में लाया जा रहा 73.556 किलो ग्राम गांजा के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेज दिया गया है। एएसपी सह एसडीपीओ वन कोटा किरण कुमार ने बताया कि सोमवार देर रात शहर में बिक्री को भारी मात्रा में एक कार से आ रहे गांजा की सूचना एसपी को मिली। उनके निर्देश पर गांजा तस्कर को गिरफ्तारी को लेकर पुलिस निरीक्षक सह डेहरी थानाध्यक्ष शिवेन्द्र कुमार के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई। शहर में आने वाले वाहनों को जांच शुरू किया गया। राष्ट्रीय राजमार्ग के सर्विस लेन पर टीवीएस बाइक शो रूम के पास औरंगाबाद की तरफ से आ रही एक कार को पुलिस ने रोका। कार में दो लोग सवार थे। वाहन जांच की गई। इनके सेन्ट्रो कार यूपी 53 जेड 4896 से 73.556 किलो गांजा और दो मोबाइल बरामद हुआ है। उन्होंने बताया कि दोनो से पूछताछ में जानकारी मिली की वे उड़ीसा से तस्करी कर डेहरी नगर थाना में बिक्री को ला रहे थे। गिरफ्तार तस्करों से स्थानीय गांजा तस्करो की सूचना मिली है। साथ ही उनके मोबाइल की तकनीकी जांच किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार तस्करों में बसंती बगेर के 25 वर्षीय पुत्र अनिल कुमार एवं दुसरा कतबारू पटेल के 26 वर्षीय पुत्र राजन कुमार दोनों उत्तर प्रदेश के वाराणसी जिले के रामनगर थाना क्षेत्र के रामनगर मच्छर हाटा भीटी के रहने वाले हैं। पुलिस ने दोनों तस्करों को गिरफ्तार कर लिया है और उनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय भेज दिया गया। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। टीम में डेहरी थानाध्यक्ष शिवेन्द्र कुमार, पुअनी संतोष कुमार, अरुण, चन्द्रहास कुमार, अक्षय कुमार, हवलदार चन्देशवर मंडल, अमित कुमार, पैनथर मनिश कुमार, राहुल कुमार आदि शामिल थे।

# जीवित्पुत्रिका पर्व से पूर्व दो युवकों की सड़क हादसे में मौत से दहला मां का कलेजा, गांव में नही जले चूल्हे

**निज संवाददाता | बिक्रमगंज (रोहतास)**



एक तरफ जहां महिलाएं अपने पुत्र की दीर्घायु के लिए बुधवार को 24 घंटे का निर्जला उपवास रखने के लिए जीवित्पुत्रिका व्रत की तैयारी में जुटी है और मंगलवार को नहाय खाय माना रही है। वही मंगलवार को संझौली प्रखंड क्षेत्र के सोनी मठिया गांव के समीप अज्ञात ट्रक ने तीन युवकों में ठोकर मार दिया। जिसमे दो युवकों की अहले सुबह सड़क दुर्घटना में मौत की अमंगलकारी घटनाएं घटित हो जाने से दो घरों में रुदन कुंदन की चीत्कार मच गया। जबकि तीसरा गंभीर रूप से जख्मी हो गया। जीवित्पुत्रिका की तैयारी कर रही मां अपने लाल की मौत की खबरे सुनते ही घर आंगन में बेसुंध व बदहवास होकर गिर पड़ी और दहाड़ मारकर रोने बिलखने लगी। सूर्य की किरणे निकलने से पूर्व पूरा गांव पल भर में गमगीन माहौल में तब्दील हो गया। हर एक दूसरे के चेहरे निहारने लगे। ऐसा लग रहा था कि कुछ देर के लिए किसी के पास कुछ कहने को कोई शब्द ही नही है। जिसको भी सड़क दुर्घटना की सूचनाएं मिली हर कोई गांव के बगल से गुजर रहे आरा सासाराम मुख्य मार्ग की ओर निकल पड़े। घटना के संबंध में बताया जाता है कि सोनी गांव के कई युवक आरा सासाराम मुख्य मार्ग पर सिपाही भर्ती के लिए करीब चार पांच बजे अहले सुबह में दौड़ रहे थे तभी तेज रफ़्तार में आ रही एक अज्ञात ट्रक की चपेट में तीन युवक आ गए। जिसमे दो युवकों की मौत घटना स्थल पर ही हो गई। जबकि तीसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसकी हालत चिंताजनक बताई जा रही है। मृतको में सोनी टोला निवासी अनिल सिंह का 21 वर्षीय पुत्र दीपक कुमार व राजपुर थाना क्षेत्र के पकड़ी निवासी जयराम सिंह का 20 वर्षीय पुत्र सत्येन्द्र उर्फ बजरंगी सिंह बताया जाता है। जबकि एक अन्य जख्मी 12 वर्षीय प्रिंस कुमार है। जो इलाजरत है। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने मुआवजे की मांग को लेकर मुख्य सड़क मार्ग को घंटो जाम कर दिया। सूचना मिलते ही मौका ए वारदात पर पहुंची संझौली पुलिस ने मुआवजे की घोषणा की। तत्पश्चात आक्रोशित लोगो ने सड़क को अपने चंगुल से मुक्त कर दिया। सड़क जाम के कारण दोनो ओर छोटे बड़े वाहनों की लंबी कतारें लग गई। पुलिस ने दोनों शवों को अपने कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण के लिए सासाराम भेज दिया।

# प्रभारी नगर आयुक्त के निर्देश पर प्रमुख चौक चौराहे के हाईमास्ट लाइट भी होंगे दुरुस्त

» आगामी त्योहारों को देखते हुए शहर के हर छोटी बड़ी गलियों के सभी बंद पड़े लाइटों को भी ठीक कराया जाएगा।

**निज संवाददाता | सासाराम (रोहतास)**

आगामी पर्व त्योहारों को देखते हुए नगर निगम प्रशासन ने शहर के प्रमुख सड़कों एवं गलियों को रौशन करने की कवायत शुरू कर दी है। प्रभारी नगर आयुक्त सह उप विकास आयुक्त विजय कुमार पांडे के निर्देश पर मंगलवार से शहर के विभिन्न सड़कों एवं गलियों में पूर्व से लगाए गए सभी स्ट्रीट लाइटों की मरम्मती का कार्य किया जा रहा है। स्ट्रीट लाइटों की मरम्मती के लिए तीन टीमें बनाई गई है, जो शहर के हर छोटे बड़े गलियों में घूम-घूम कर लाइटों को बदलने एवं मरम्मती करने का कार्य करेगी। इस संदर्भ में प्रभारी नगर आयुक्त विजय कुमार पांडे ने बताया कि नगर निगम अंतर्गत सभी स्ट्रीट लाइटों की मरम्मती का कार्य प्रारंभ किया गया है। वर्तमान में सभी मुख्य चौक चौराहों के प्रमुख स्थलो को चिन्हित कर प्राथमिकता के आधार पर कार्य किया जा रहा है तथा इसके बाद आगामी त्योहारों को देखते हुए शहर के हर छोटी बड़ी गलियों के सभी बंद पड़े लाइटों को भी ठीक कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि शहर के पोस्ट ऑफिस चौराहे, धर्मशाला मोड़, बौलिया मोड़, प्रभाकर मोड, काली स्थान सहित अन्य प्रमुख चौक चौराहों के बंद पड़े हाई मास्ट लाइट को भी दुरुस्त किया जाएगा। जिससे रात के समय सड़कों पर पर्याप्त रौशनी रहे। नगर आयुक्त ने कहा कि लाइटों के चालू होने से शहर की सड़कों एवं गलियों में होने वाले हादसों में कमी आएगी तथा रात्रि में पैदल चलने वाले लोगों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा।उल्लेखनीय है कि शहर की प्रमुख सड़कों एवं गलियों में लगाए गए हाइमास्ट व स्ट्रीट लाइट वर्षों से खराब पड़े हैं, जिससे शहरवासी शाम ढलने के बाद अंधेरे में चलने को मजबूर हैं। सबसे अधिक परेशानी महिलाएं एवं बच्चों को होती है जो शहर की सड़कों में उभरे गड्ढों में गिरकर घायल भी हो जाते हैं। लेकिन प्रभारी नगर आयुक्त विजय कुमार पांडे के पहल पर अब शहर की सड़कें व गलियां जल्द हीं दूधिया रौशनी से जगमग होंगी। स्ट्रीट लाइटों की मरम्मती का कार्य तेजी से शुरू कर दिया गया है तथा खंभों पर लगे तिरंगे वाली एलइडी लाइटों को भी ठीक किया जाएगा।

# बीडीओ ने चार आंगनबाड़ी केन्द्रों का किया निरीक्षण, जांच के दौरान केन्द्र संख्या चार बंद

**निज संवाददाता | राजपुर (रोहतास)**

बीडीओ रवि राज ने मंगलवार को राजपुर पंचायत के चार आंगनबाड़ी केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया। जिसमें केन्द्र संख्या 90बंद पाए गए। वहीं 88,89 व 87 आंगनबाड़ी केंद्र पर सेविका व सहायिका द्वारा बरती जा रही अनियमितता को देख बीडीओ दंग रह गए। बीडीओ ने सर्व प्रथम वार्ड संख्या चार स्थित आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 90पर पहुंचे जहां केन्द्र बंद पाए गए। तत्पश्चात वार्ड पाच स्थित आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 89पर गए तो वहां की सहायिका बिना सुचना के अनुपस्थित पाई गई। तथा बच्चों की संख्या महज 10पाए गए। भण्डारण पंजी, बच्चों की माप तौल मशीन, टीकाकरण पंजी भी सेविका द्वारा उपलब्ध नहीं कराई गई। इसी प्रकार वार्ड 6 स्थित केन्द्र संख्या 88परभी सहायिका अनुपस्थित पाई गई। जबकि रोस्टर अनुसार बच्चों भोजन नही, टीका करण सम्बंधित पंजी नहीं दिखाया गया। वहीं वार्ड संख्या 8 स्थित आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 87परबिजलीनदारद, खाना पकाने का वर्तन पर्याप्त नहीं, बच्चों का माप तौल मशीन खराब पाएं गए। यहां पर बच्चों की संख्या काफी कम रही। बीडीओ रवि राज ने कहा कि चारो आंगनबाड़ी केंद्र तथा बिना सुचना की अनुपस्थित सहायिका के विरूद्ध जिला को रिपोर्ट भेजी जा रही है।

# आंगनबाड़ी केन्द्र पर दो दिन से नही पहुंच रहे बच्चों

**निज संवाददाता | नौहट्टा/रोहतास**

प्रखंड क्षेत्र के शाहपुर पंचायत भाग 2 वार्ड 1 के केंद्र संख्या 3 में पिछले दो दिनों से बच्चों की संख्या शून्य हो गई है। जिसको लेकर बीडीओ प्रियांशु बसु ने मंगलवार को केंद्र का निरक्षण किया।बताया गया कि पिछले दो दिनों से एक भी बच्चा आंगनबाड़ी केंद्र नहीं पहुंच पाया ।वहीं मामले में आंगनबाड़ी केंद्र के सेविका नीलम कुमारी ने बताया कि पिछले दो दिन पूर्व केंद्र का स्थान परिवर्तन किया गया है। पूर्व में सामुदायिक भवन शाहपुर में केंद्र का संचालन होता था जहा बच्चो की उपस्थिति निरंतर 35 से 40 रहती थी, लेकिन स्थान परिवर्तन के कारण बच्चे नहीं पहुंच पा रहे है। इस संबंध में बच्चों के अभिभावकों से वार्ता किया गया तो वे इतनी दूर भेजने के लिए भी तैयार नहीं है। बताया गया कि आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 3 के पोषक क्षेत्र बलतुआ पइन से उतर की भाग नीरपुर तक है। ऐसे में बच्चों के लिए आंगनबाड़ी केंद्र डेढ़ से दो किलोमीटर की दूरी पर बन गई है। वही मामले में शाहपुर पंचायत के पूर्व बीडीसी अजीत कुमार, कृष्णा राम, चंदन पासवान, जोहदीन अंसारी, रितु कुमारी, श्याम बिहारी चंद्रवंशी, रिंकी देवी, साहितअन्य लोग बताते हैं कि आंगनबाड़ी केंद्र में 6 साल से कम उम्र के बच्चे को जाना रहता है जो काफी नासमझ होते हैं और इस स्थिति में डेढ़ से 2 किलोमीटर दूर रोहतास नौहट्टा पीडीडब्ल्यू मुख्य मार्ग से होकर जाना काफी खतरा पूर्ण हो सकता है। इस लिए हमलोग अपने बच्चों को इतना दूर नहीं भेज सकते है।

# स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत पूर्व मध्य रेल में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**निज संवाददाता | हाजीपुर (वैशाली)।**



पूर्व मध्य रेल द्वारा 17 सितंबर 2024 से 2 अक्टूबर 2024 तक 'स्वच्छता ही सेवा-2024' अभियान का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में 24 सितंबर को सभी पांच मंडलों में स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत स्काउट एवं गाइड, एनजीओ, स्कूल के छात्रों, रेल अधिकारियों और कर्मचारियों ने घर-घर जाकर लोगों को स्वच्छता के महत्व और इसके लाभ के बारे में जानकारी दी।

**दानापुर मंडलः**

दानापुर, बक्सर, झाझा, मोकामा, बख्तियारपुर, आरा, पटना साहिब, जहानाबाद, नवादा, बिहार शरीफ, किऊल और पटना कॉलोनी में रेलवे कर्मचारियों और एनजीओ के सहयोग से डोर-टू-डोर जाकर कचरा एकत्रित किया गया। इस दौरान लोगों को गीला और सूखा कचरा अलग-अलग जमा करने और उसके उचित निपटान के बारे में बताया गया।

**धनबाद मंडलः**

धनबाद मंडल के विभिन्न स्टेशनों और रेलवे परिसरों के कर्मचारियों ने आसपास के आवासीय क्षेत्रों में घर-घर जाकर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। उन्हें कचरे के समुचित निपटान और आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ रखने के लिए प्रेरित किया गया। इसके साथ ही कचरे के निपटान के विभिन्न तरीकों की जानकारी भी दी गई।

**पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडलः**

डीडीयू मंडल में पंपलेट आदि की मदद से घर-घर जागरूकता अभियान चलाया गया। रेलवे स्टेशनों, ट्रेनों और कॉलोनियों में स्वच्छता अभियान चलाया गया, जिसमें स्थानीय लोगों और यात्रियों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया।

**समस्तीपुर मंडलः**

समस्तीपुर मंडल की विभिन्न कॉलोनियों में स्वच्छता जागरूकता रैली और डोर-टू-डोर कैंपेन आयोजित किया गया। इसमें स्वच्छता बनाए रखने के उपायों और कचरे के कम उपयोग के प्रति लोगों को जागरूक किया गया।

**सोनपुर मंडलः**

सोनपुर मंडल के बरौनी रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को स्वच्छता का संदेश देने के लिए बायो-टॉयलेट के लाभों की जानकारी दी गई। सोनपुर, हाजीपुर, मुजफ्फरपुर, बरौनी, बेगूसराय, खगड़िया, मानसी और नवगछिया रेलवे स्टेशनों पर सफाई मित्रों की सहायता से सभी प्लेटफार्मों और शौचालयों की सफाई कराई गई। बरौनी स्टेशन और कॉलोनियों में कार्यरत सफाईकर्मियों के स्वास्थ्य जांच हेतु शिविर का भी आयोजन किया गया। सोनपुर स्थित केंद्रीय विद्यालय में बच्चों के बीच क्विज, पेंटिंग और निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अभियान के माध्यम से पूर्व मध्य रेल ने स्वच्छता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया और लोगों को स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रेरित किया।

### नहर में गिरी आठ वर्षीय बच्ची की मौत पर आक्रोशित ग्रामीणों ने किया सड़क जाम

**निज संवाददाता | दिनारा (रोहतास)**

प्रखंड क्षेत्र स्थित तेनुअज पंचायत अंतर्गत बंडेलिया टोला निवासी गोबिंदर कुम्हार की आठ वर्षीय पुत्री राधिका कुमारी का नहर के पानी में डुबने से हुई मौत पर आक्रोशित ग्रामीणों ने बिक्रमगंज दिनारा पथ को जाम कर दिया। जिससे घंटो आवागमन बाधित हो गया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे मुखिया प्रतिनिधि अमित राय एवं पुलिस के समझाने बुझाने एवं आश्वासन के बाद जाम को हटाया गया। ग्रामीणों का आरोप है कि नहर पर अतिक्रमण हटाने, छोटी नहर में पुल बनवाने तथा आश्रितों को सरकारी मुआवजा दिलाने के आश्वासन पर जाम को हटाया गया।

बिहार सरकार
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
**भवन निर्माण विभाग,भवन प्रमंडल, औरंगाबाद**
(आवश्यक सूचना)

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के पत्रांक–1402 दिनांक–27.08.2024 द्वारा निर्गत अल्पकालीन निविदा सं0–06/2024–25 के ग्रुप सं0–01 से 03 जिसका PR NO-007155 (BCD) 2024-25 में भाग लेने वाले संबंधित संवेदकों के निविदा की जाँच की गयी। जाँचोपरांत सफल निविदाकारों, द्वारा परिमाण विपत्र में अंकित दर एक समान होने के कारण दिनांक–28.09.2024 को **03:00 बजे** अपराह्न में लॉटरी की तिथि निर्धारित की जाती है।

अतः सभी सफल निविदाकारों को सूचित किया जाता है कि वे स्वयं अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत व्यक्ति ससमय लॉटरी में भाग लेना सुनिश्चित करें, अन्यथा बाद में कोई दावा मान्य नही होगा।

उक्त सूचना **state.bihar.gov.in/prdbihar** पर भी देखी जा सकती है।
PR- 008855 (BCD) 2024-25
कार्यपालक अभियंता
भवन प्रमंडल, औरंगाबाद

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार

**पूर्व मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना**

**ई–निविदा नोटिस सं0–26 ऑफ 2024–25/खुला/इंजीनियरिंग, डीडीयू।**
मंडल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/डी.डी.यू. एवं भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से अनुभवी तथा वित्तीय एवं तकनीकी दृष्टि से सम्पन्न ठेकेदारों के साथ–साथ उन ठेकेदारों से जो रेलवे, केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, भारत संचार निगम लिमिटेड, मिलिटरी इंजीनियर सर्विस, लोक निर्माण विभाग तथा अन्य सार्वजनिक उपक्रमों में सूचीबद्ध हैं, निम्नलिखित कार्यों के लिए ऑन लाईन (ई–निविदा) आमंत्रित की जाती हैं।

**निविदा सं.–26–डीडीयू–मं.इंजी.–मुख्यालय–24–25, (i) कार्य का नाम एवं लोकेशन :** जोन सं.–2 सहायक मंडल इंजीनियर/मुख्यालय/डीडीयू के अधीन लकड़ी मरम्मत कार्य के क्षेत्रीय ठेके, डीजल कॉलोनी, हापड कॉलोनी, लोको कॉलोनी, सेन्ट्रल कॉलोनी, न्यू सेन्ट्रल कॉलोनी और पुलिस कॉलोनी, के कर्मचारी आवास, ए.आर.टी. साइडिंग एवं यार्ड के पुराने आर.ओ.बी. से इलाहाबाद अप एवं डाउन लाइन की सीमा समाप्ति तक लखनऊ पैसेंजर तथा माल लाईन एवं सभी केबिनों सहित, पी.वे. प्रशिक्षण विद्यालय, टी.एल.आई. कार्यालय अप यार्ड कॉलोनी, गया कॉलोनी, मानस नगर कॉलोनी के कर्मचारी रेल आवास और सर्विस बिल्डिंग, जैसे टी.आर.एस. ट्रेनिंग स्कूल एवं छात्रावास, मानस संस्थान, आर.पी.एफ. अप पोस्ट, आर.पी.एफ. बैरक, सब स्टेशन, आर.सी.सी. ओ.एच. टैंक, स्टील ओ.एच. टैंक, ए.टी.पी. स्कूल, पम्प हाउस, टेलीफोन एक्सचेंज, हेल्थ यूनिट तथा सब स्टेशन इत्यादि। **(ii) कार्य की अनुमानित लागत :** ₹ 4930588.80 **(iii) धरोहर राशि :** ₹ 98600.00

**निविदा सं.–27–डीडीयू–मं.इंजी.–मुख्यालय–24–25, (i) कार्य का नाम एवं लोकेशन :** पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन – सहायक मंडल इंजीनियर / मुख्यालय/डीडीयू के अधीन डी.डी.यू. में टीटी रनिंग रूम का नवीनीकरण। **(ii) कार्य की अनुमानित लागत :** ₹ 4039777.50 **(iii) धरोहर राशि :** ₹ 80800.00

**निविदा सं.–28–डीडीयू–मं.इंजी.–मुख्यालय–24–25, (i) कार्य का नाम एवं लोकेशन :** सहायक मंडल इंजीनियर/मुख्यालय/डीडीयू के अधीन डीडीयू में लोको शेड क्षेत्र के ओ.एच.ई. को मुख्य लाइन से अलग करने के लिए इलेक्ट्रिक लोको शेड क्षेत्र के लिए डीडीयू यार्ड में एसएसपी–3 का प्रावधान। **(ii) कार्य की अनुमानित लागत :** ₹ 2078570.33 **(iii) धरोहर राशि :** ₹ 41600.00

**(iv) ई–निविदा बन्द होने की तिथि एवं समय :** 15.10.2024 को 12:00 बजे तक। **(v) वेबसाईट पर ई–निविदा की विस्तृत जानकारी : www.ireps.gov.in** नोटः– विवाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ मान्य होगा।

मंडल रेल प्रबन्धक,
पूर्व मध्य रेल, पं0 दीन दयाल उपाध्याय मंडल
पीआर/01178/डीडीयू/इंजी./टी/24–25/64

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## न्यूज बाइट्स

### भाकपा माले का प्रखण्ड मुख्यालय पर एकदिवसीय धरना आयोजित

**कौआकोल (नवादा) (नि.सं.)।** प्रखण्ड के विभिन्न जनसमस्याओं सहित देश में बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी एवं भ्रष्टाचार के खिलाफ भाकपा माले की प्रखण्ड इकाईं ने मंगलवार को प्रखण्ड मुख्यालय परिसर अवस्थित प्रखंड सह अंचल कार्यालय के समक्ष एकदिवसीय धरना दिया। धरना का नेतृत्व भाकपा माले के प्रखण्ड सचिव दिलीप कुमार ने किया। इस दरम्यान भाकपा नेताओं ने समस्याओं की मांग से सम्बंधित ज्ञापन भी प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय को सौंपा। भाकपा नेता दिलीप कुमार एवं मंटू कुमार ने बताया कि प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय में बन्द पड़े लिफ्ट को चालू करवाने, अनुसूचित परिवार के बसने के लिए 5 डिसमिल जमीन मुहैया कराने, वर्षों से रह रहे अनुसूचित परिवारों को वासगीत पर्चा निर्गत करने, जमीन सर्वे कार्य में चौहद्दी की अनिवार्यता समाप्त कर चौहद्दी का निर्धारण स्पॉट पर करने सहित अन्य मांगे शामिल है। मौके पर अखिल भारतीय खेग्रामस के जिला सचिव अजीत कुमार मेहता, सिकंदर रजा, राजेंद्र मांझी घनश्याम मोची, अकल मांझी, भीम महतो, अशोक प्रसाद, विमला देवी आदि मौजूद थे।

### 15 पेंशनरों का हुआ स्वास्थ्य जांच

**नारदीगंज (नवादा) (नि.सं.)।** पेंशनर भवन नारदीगंज में मंगलवार को निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित हुआ। यह शिविर सीएचसी नारदीगंज के द्वारा आयोजित किया गया। सीएचसी में कार्यरत चिकित्सक डा. प्रवीण कुमार ने स्वास्थ्य जांच कर नियमित रूप से दवा सेवन व संतुलित आहार लेने की सलाह दिया। इस दौरान प्रखंड के विभिन्न गांवों के 15 पेंशनरों का स्वास्थ्य जांच के अलावा मधुमेह जांच,बीपी, रक्तचाप जांच हुआ। लैब टेक्नीशियन आशुतोष कुमार व एएनएम रिंकी कुमारी ने उपस्थित पेंशनरों का बीपी, रक्तचाप व अन्य जांच किया। सचिव ने कहा प्रत्येक माह के 24 तारीख को निःशुल्क जांच कार्यक्रम पेंशनर भवन में होगा। इस मौके पर पेंशनर समाज के प्रखंड अध्यक्ष रामधनी प्रसाद, सचिव श्रीकांत सिंह, सियाशरण दास, समेत अन्य पेंशनरों ने स्वास्थ्य जांच, रक्तचाप, मधुमेह का जांच कराये।

### डायल 112 टीम पर हमला, उपद्रवियों ने बरसाए ईंट-पत्थर, वाहन क्षतिग्रस्त

**नवादा (नि.सं.)।** जिले के रोह थाना क्षेत्र में डायल 112 की पुलिस टीम पर उपद्रवियों ने हमला कर दिया है। हमले में डायल 112 का पुलिस वाहन क्षतिग्रस्त हो गया। बताया जाता है कि रोह थाना क्षेत्र के विजय नगर गांव में ई-रिक्शा चालक और ई-रिक्शा पर सवार युवक के बीच भाड़े को लेकर बीच सड़क पर आपस में तू-तू, मैं-मैं के बाद आपस में मारपीट पर उतर गए। डायल 112 की टीम पर हमलाः घटना की सूचना डायल 112 की पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची डायल 112 की पुलिस टीम आपस में मारपीट कर रहे दोनों शख्स को थाने पर विवाद सुलझाने की बात कहकर चलने को कहा और पुलिस बीच सड़क पर उपद्रव कर रहे दोनों युवक को वाहन में बैठाने लगी। ई-रिक्शा चालक पक्ष के लोगों द्वारा थाना ले जाने का विरोध कर पुलिस टीम पर हमला कर दिया। उपद्रवियों ने पुलिस टीम पर ईंट-पत्थर बरसाने लगे। हमले में कोई पुलिसकर्मी जख्मी नहीं है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर मौके से उपद्रव कर रहे ई-रिक्शा चालक और ई-रिक्शा पर सवार युवक को अपने हिरासत में लेकर थाने पहुंची। रोह थाना की पुलिस उपद्रव कर रहे लोगों की पहचान में जुटी है।

### चोरी की बढ़ती घटनाओं पर अंकुश लगाने में पुलिस विफल

**नवादा (नि.सं.)।** जिले में अपराध व अपराधियों पर लगाम लगाने में पुलिस पूर्णतः विफल रही है। ऐसे में पुलिस से भरोसा समाप्त होने लगा है। ताज़ा मामला जिले के उग्रवाद प्रभावित डुमरी गांव का है जहां चोरी की घटना को चोरों ने अंजाम दिया है। चोरों ने सौखी यादव के घर नकदी, जेवरात आदि सामानों की चोरी कर फरार हो गया। सूचना के आलोक में पहुंची गोविन्दपुर पुलिस ने मामले की जांच आरंभ कर दी है। बता दें बीते कई दिनों से चोरी की घटना बढ़ती जा रही है। कुछ दिन पहले सुंदरा गांव में, दो चोरी कल, परसों रात कुंज दुकान में, उसी रात, डुमरी बीघा (विष्णु नगर) में दो चोरी और आज रात डुमरी यादव मोहल्ला, (सौखी यादव) के घर में घुस कर कुछ अज्ञात लोग घर में रखे जेवर नगद कुछ पैसा बक्सा सभी कुछ लेके फरार हो गया। घर वालों का कहना है कि हमलोग के मुंह पे स्प्रे मार कर बेहोश कर दिया और घर मे रात दो बजे चोरी को अंजाम दिया। सुबह, में थाना को सूचित किया। गोविंदपुर पुलिस अधिकारी दल बल के साथ डुमरी आकर जायजा लिया, पुलिस छान बीन में जुट गयी है। मौके पर रोह ब्लॉक उप प्रमुख मो० सद्दाम, रूबेन सिंह, महिंदर यादव कई अन्य ग्रामीण भी जांच के समय मौजूद रहे।

### पुलिस की मनमानी पर उच्च न्यायालय ने लगायी रोक

**नवादा (नि.सं.)।** पटना उच्च न्यायालय ने व्यवहार न्यायालय को अपने आदेश में नवादा मुफस्सिल पीएस केस संख्या 27/24 की किसी भी प्रकार की सुनवाई पर तत्काल प्रभाव से अगले आदेश तक रोक लगा दी है। इसके साथ ही जिला पुलिस अधीक्षक को खुद इस मामले को देखने व अनुसंधान करने का निर्देश दिया। पुलिस को हिदायत दी कि अधिवक्ता एवम उसके परिवार की सुरक्षा का विशेष ख्याल रखा जाए जिससे वे परेशान ना हो। आज भी हमारे समाज के व्यक्तियों को जितनी आस्था ईश्वर पर है उतना ही आस्था न्यायपालिका पर है। यह भी सच है कि हमारे न्यायिक सिस्टम में कुछ कमियां है जिसके कारण हमें न्याय तक पहुंचने में परेशानियों का सामना करना पड़ता है। दूसरे शब्दों में हम यह कहें की न्यायिक सिस्टम में कमियां हो सकती है परंतु न्याय में नहीं। अधिवक्ता के ऊपर केस नंबर 27/24 नवादा मुफस्सिल थाना पदस्थापित एक ड्यूटी ऑफिसर के द्वारा अगले पार्टी को प्राथमिकी दर्ज करने के लिए प्रभोक करना एक सुनियोजित अपराध है। बता दें पूर्व पुलिस अधीक्षक के कार्यकाल में थानाध्यक्ष इतने बेलगाम हो गये थे कि नियम कानून से उपर उठकर उनके विरूद्ध आवाज उठाने वाले पत्रकार समेत किसी को झूठे मुकदमे में फंसाना आम हो गया था। अब उच्च न्यायालय के आदेश से पुलिस के कुकृत्यों की पोल खुलनी शुरू हो गयी है।

### पति-पत्नी के बीच चल रहे विवाद में पत्नी ने लगायी फांसी

**नवादा (नि.सं.)।** नगर थाना क्षेत्र के यमुना पथ में पति-पत्नी के बीच चल रहे विवाद में महिला ने खौफनाक कदम उठाया। सूचना के आलोक में पहुंची पुलिस ने शव बरामद कर हत्या या आत्महत्या मामले की जांच में जुट है। बताया जाता है कि मुकेश कुमार को अपनी ही पत्नी 28 वर्षीय निभा देवी से विवाद चल रहा था। सोमवार की देर शाम निभा अपने कमरे में मृत पायी गयी। मृतका के गले में फांसी का फंदा था। सूचना के आलोक में पहुंचे डीएसपी अनोज कुमार व नगर थानाध्यक्ष अविनाश कुमार ने शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। मृतका के पिता पकरीबरावां थाना क्षेत्र के बाजपुर गांव निवासी शंभू शरण ने मुकेश पर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस हत्या या आत्महत्या मामले की जांचमें जुटी है।

### भिन्न भिन्न मामले में आरोपित को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**वारिसलीगंज (नवादा) (नि.सं.)।** थाना क्षेत्र में तीन अलग -अलग मामलों में आरोपितों को को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पंकज यादव पिता मोसाफिर यादव ग्राम मोसमा को शराब पीने मामले में एस आई अजीत कुमार सिंह ने हिरासत में लिया। वहीं उमेश चौधरी पिता केशो चौधरी ग्राम देवी स्थान को पांच लीटर देशी शराब बेचने में एस आई भोला सिंह तथा देव यादव पिता गोविंद यादव, ईश्वर यादव पिता शीतल यादव ग्राम ठेरा सराय को कुर्की वारंटी में एस आई संजय कुमार ने गिरफ्तार किया। सभी गिरफ्तार अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया

# आगजनी मामले में चार और अभियुक्त गिरफ्तार

## मुख्य अभियुक्त नंदू पासवान सहित कुल 19 लोग गिरफ्तार

निज संवाददाता | नवादा

एसआईटी टीम के द्वारा तकनीकी साक्ष्य के आधार पर आगजनी की घटना में सम्मिलित चार अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी की गई। ज्ञातव्य हो कि दिनांक 18.09.2024 को नवादा सदर प्रखंड के मुफस्सिल थानान्तर्गत देदौर गांव के कृष्णा नगर नदी तट पर स्थित बस्ती के झोपड़ियों में असामाजिक तत्वों द्वारा आगजनी की घटना को अंजाम दिया गया था। जिलाधिकारी के निर्देश पर मुफस्सिल थानाध्यक्ष, पुलिस टीम, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, नवादा सदर, अंचल अधिकारी, नवादा सदर, अनुमंडल पदाधिकारी, नवादा सदर/ अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नवादा



सदर-2 द्वारा त्वरित रूप से आवश्यक कार्रवाई की गई थी। अग्निशमन दस्ता दल द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए आग पर काबू पाया गया था। घटना स्थल पर गृह क्षति पाया गया था, कोई मानव क्षति नहीं पाये गए। जिला पदाधिकारी,नवादा एवं पुलिस अधीक्षक, नवादा द्वारा भी घटना स्थल का संयुक्त रूप से जायजा लिया गया एवं पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया था। त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस प्रषासन, नवादा द्वारा घटना के रात ही विभिन्न स्थलों पर छापामारी कर मुख्य अभियुक्त नन्दू पासवान सहित कुल 15 लोगों को गिरफ्तार किया गया था। आज दिनांक 24.09.2024 को पुलिस प्रषासन, नवादा के द्वारा चार अन्य अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। अबतक कुल 19 लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है। जिला पदाधिकारी, नवादा द्वारा बताया गया कि एसआईटी एवं एफएसएल टीम द्वारा तकनीकी एवं वैज्ञानिक अनुसंधान किये जा रहे हैं ताकि अन्य संबंधित अभियुक्तों की गिरफ्तारी की जा सके। उन्होंने कहा कि आगजनी की घटना में शामिल एक भी अपराधी को बख्सा नहीं जायेगा। उक्त घटना स्थल पर दण्डाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति पालीबार की गयी है एवं सघन गश्ती की जा रही है तथा वरीय स्तर से निगरानी भी रखी जा रही है। वर्तमान में स्थिति पूर्णतः नियंत्रित है एवं सतत् निगरानी रखी जा रही है। जिला पदाधिकारी द्वारा आमजनों से अपील किया गया है कि कृपया शांति व्यवस्था बनाए रखें एवं जिला प्रशासन का सहयोग करें। जिला प्रशासन, नवादा ऐसे घटना को अंजाम देने वालों के विरूद्ध त्वरित कार्रवाई हेतु दृढ़ संकल्पित है। कृपया अफवाहों से बचें एवं घटना से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी प्राप्त होती है तो अविलंब जिला प्रशासन/पुलिस प्रशासन, नवादा से सूचना साझा कर सकते हैं।

## बाइक डिवाइडर में टकराई, व्यक्ति घायल

**कोचस (रोहतास) (नि. सं.)।** बीती रात थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग 319 पर एक बाइक सवार व्यक्ति पेट्रोल पंप के समीप ट्रक के रोशनी से चक्का चौंध हो डिवाइडर में टकरा बुरी तरह घायल हो गया। घायल युवक प्रखंड क्षेत्र सारोशेर निवासी रामस्वार्थ पासवान का 40 वर्ष से पुत्र अशोक पासवान बताया जाता है। घटना के बारे में बताया जाता है कि दिनारा के तरफ से बाइक सवार युवक कोचस आ रहा था जिसमें कोचस दिनारा रोड स्थित पेट्रोल पंप के समीप सामने से आ रही ट्रक के रोशनी से चक्का चौंध हो डिवाइडर में जा टकराया जिसमें सड़क पर गिर बुरी तरह जख्मी हो गया। घटना के बाद घायल को स्थानीय लोगों की सहायता से घायल अवस्था में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया।

## पर्यटक बस से 11.25 लीटर विदेशी शराब जब्त, दो लोग गिरफ्तार

निज संवाददाता | रजौली (नवादा)

थाना क्षेत्र के चितरकोली पंचायत स्थित समेकित जांच चौकी पर उत्पाद एएसआई धीरज लाल पंचम ने एक पर्यटक बस की जांच में दो लोगों को 11.25 लीटर विदेशी शराब को बरामद किया गया। उत्पाद अधीक्षक ने बताया कि बिहार मद्दनिषेध को लेकर जांच चौकी पर झारखण्ड की ओर से आनेवाली प्रत्येक छोटी एवं बड़ी वाहनों की सघन जांच की जाती है। बीती रात्रि रजौली उत्पाद टीम ने एक पर्यटक बस निबंधन संख्या जेएच24डी5656 की तलाशी लेने पर बस में सवार दो लोगों से 11.250 लीटर विदेशी शराब बरामद किया गया। साथ ही दोनों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार लोगों में अरवल जिले के रामपुर थाना क्षेत्र के रामपुर चौरम गांव निवासी विमल कुमार के 20 वर्षीय पुत्र यशवंत नारायण के पास से एक बैग से 6.750 लीटर विदेशी शराब बरामद किया गया। जबकि दूसरे गिरफ्तार व्यक्ति नवादा जिले के रजौली थाना क्षेत्र के जोगियामारण गांव निवासी स्व प्रसादी यादव के 35 वर्षीय पुत्र विक्की कुमार पास से 4.5 लीटर विदेशी शराब बरामद किया गया। उत्पाद अधीक्षक ने बताया कि जब्त शराब एवं गिरफ्तार लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। साथ ही कहा कि दोनों गिरफ्तार लोगों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। इस मौके पर गृहरक्षक जवान जितेंद्र कुमार वर्मा और रामचंद्र प्रसाद गृह भी मौजूद रहे।

## उत्पाद विभाग की पुलिस पर बर्बरता का आरोप, न्यायालय ने आरोपी युवक को दी जमानत और पीड़ित को मुआवजा

निज संवाददाता | नवादा

नगर में अवैध शराब कारोबारी द्वारा उत्पाद पुलिस पर हमला कर सिपाही के गले से सोने की चेन लूटने के मामले में पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया था। न्यायालय में पेशी के बाद न्यायालय ने पुलिस पर हमला के आरोपित को जमानत दे दी । युवक पर पुलिस की बर्बरता देख न्यायाधीश ने पुलिसकर्मियों को पीड़ित परिवार को 20 हजार रुपये नगद देने का आदेश दिया है। नगर में एक परिवार ने उत्पाद विभाग की पुलिस पर बर्बरता और घर की महिलाओं और बेटी से छेड़खानी का आरोप लगाया है। बता दें कि उत्पाद विभाग की पुलिस ने 22 सितंबर की देर शाम अवैध शराब की तस्करी और भंडारण की सूचना पर नगर थाना क्षेत्र के रामनगर मोहल्ले में स्थित यादव चौक पहुंची थी। उत्पाद विभाग की पुलिस को सूचना मिली थी कि यादव चौक के पास एक कबाड़ की दुकान से दो युवकों द्वारा शराब की तस्करी की जा रही है। उत्पाद विभाग की पुलिस ने कबाड़ की दुकान में शराब तस्करी और भंडारण की सूचना पर छापेमारी की। कबाड़ की दुकान से शराब नहीं मिली, वहीं दो युवक को भागता देख पुलिस ने खदेड़ा। उत्पाद पुलिस ने विरोध कर रहे भाई-बहन की पिटाई की। उत्पाद पुलिस की पिटाई से राम नगर मोहल्ले के प्रवीण कुमार के पुत्र सोनू कुमार, बेटी डिंपल कुमारी चोटिल हो गई। उत्पाद विभाग की पुलिस की बर्बरता देख मोहल्ले के लोग आक्रोशित हो गए थे।उत्पाद पुलिस पर हमले और सिपाही के गले से 83 हज़ार रुपये की सोने की चेन छीनने का आरोप लगाकर राम नगर मोहल्ले के धर्मवीर कुमार उर्फ छोटू, पिता स्व. विजय सिंह को अपने हिरासत में लेकर उत्पाद विभाग की पुलिस उत्पाद कार्यालय पहुंची, जहां उत्पाद पुलिस ने युवक के साथ बेरहमी से मारपीट कर उसका एक हाथ तोड़ दिया। युवक को उत्पाद विभाग की पुलिस जख्मी हालत में नगर थाना लेकर पहुंची, जहां नगर थाना क्षेत्र के राम नगर मोहल्ले के धर्मवीर कुमार उर्फ छोटू, पिता स्व. विजय सिंह को अवैध शराब कारोबारी बता, हमले के साथ-साथ चेन छीनने का आरोप लगा युवक धर्मवीर कुमार उर्फ छोटू पर प्राथमिकी दर्ज कराई। नगर थाना पुलिस ने अवैध शराब कारोबारी द्वारा उत्पाद पुलिस पर हमला और सोने का चेन छीनने के आरोपित युवक पर मामला दर्ज कर युवक को न्यायिक हिरासत में न्यायालय भेजा गया, जहां पेशी के बाद युवक ने न्यायाधीश को अपनी आपबीती सुनाई। पुलिस की पिटाई से युवक का हाथ टूटा और घर से कोई शराब बरामद नहीं किए जाने के बाद कोर्ट ने जमानत दे दी। युवक पर बर्बरता मामले में दोषी उत्पाद विभाग के पुलिसकर्मियों को न्यायाधीश ने पीड़ित परिवार को जल्द से जल्द 20 हजार रुपये नगद देने का आदेश दिया। पीड़ित युवक धर्मवीर कुमार उर्फ छोटू ने बताया कि पुलिस शराब की तस्करी और भंडारण की सूचना पर घर पहुंची, जहां उत्पाद विभाग की पुलिस द्वारा पूरे परिवार के साथ बर्बरता किया।

# 160 लीटर शराब को पुलिस ने किया जब्त, दो शराब धंधेबाज भी गिरफ्तार

निज संवाददाता | रजौली (नवादा)

थाना क्षेत्र के सुदूरवर्ती मंगोडीह-गंगटीया के रास्ते से पीएसआई रौशन कुमार ने दो बाइकों पर लदे कुल 160 लीटर देशी महुआ शराब को जब्त किया। वहीं दोनों बाइकों पर सवार दो शराब धंधेबाजों को भी गिरफ्तार किया गया। प्रभारी थानाध्यक्ष सह एसआई अजय कुमार ने बताया कि बिहार मद्दनिषेध को सफल बनाने को लेकर पुलिस बलों के सहयोग से शराब निर्माण, भंडारण, बिक्री, परिवहन एवं सेवन के विरुद्ध लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। इसी बीच गुप्त सूचना के आलोक




में पीएसआई रौशन कुमार ने सशस्त्र पुलिस बलों के सहयोग से मंगोडीह-गंगटीया के रास्ते से आ रहे दो बाइक सवारों को जांच हेतु रोका। जांच के दौरान दोनों बाइकों पर लदे कुल 160 लीटर देशी महुआ शराब को जब्त किया गया। साथ ही शराब परिवहन कर रहे दो धंधेबाजों को भी गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार शराब धंधेबाजों की पहचान बहादुरपुर गांव निवासी रामवृक्ष चौधरी के पुत्र उदय कुमार एवं विजय चौधरी के पुत्र राजू कुमार के रूप में हुई है। प्रभारी थानाध्यक्ष ने बताया कि जब्त बाइक एवं शराब के अलावे गिरफ्तार लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली गई। वहीं दोनों गिरफ्तार शराब धंधेबाजों की स्वास्थ्य जांच मंगलवार को अनुमंडलीय अस्पताल में कराया गया। साथ ही दोनों शराब धंधेबाजों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

## 24 घंटे के अंदर 47 फरार अपराधियों की हुई गिरफ्तारी : एसपी

» वाहन जॉच के क्रम में कुल 474 वाहनों की जांच की गयी है एवं फाईन की कुल राशि 29 हजार 500 रूपया वसूला गया है।

निज संवाददाता | नवादा

पुलिस अधीक्षक, नवादा अभिनव धीमान पुलिस अधीक्षक, नवादा ने बताया कि 23 सितम्बर 2024 को नवादा जिला में पुलिस द्वारा विभिन्न गिरफ्तारियां की गयी हैं, अनुसूचित जाति/जनजाति में 02, पुलिस पर हमला में 01, आर्म्स एक्ट में 02, हत्या के प्रयास में 03, मद्य निषेध में 17 एवं अन्य गिरफ्तारी 22 कुल 47 गिरफ्तारियां हुई। शराब की बरामदगी अन्तर्गत 642 लीटर महुआ शराब एवं 6.15 लीटर विदेशी बरामद किया गया। वारंट के निष्पादन की संख्या 68 एवं कुर्की के निष्पादन की संख्या 13 है। वाहन जॉच के क्रम में कुल 474 वाहनों की जॉच की गयी है एवं फाईन की कुल राशि 29 हजार 500 रूपया वसूला गया है। अन्य गिरफ्तारी अन्तर्गत मोटरसाईकिल 04, टेम्पू 01, टैक्टर 03, देशी कट्टा 01 और गांजा 0.20 किलोग्राम बरामद किया गया। पुलिस अधीक्षक, नवादा ने बताया कि नवादा पुलिस इस तरह के क्रुर एवं जघन्य अपराध करने वाले अपराधियों को गिरफ्तार करने एवं सजा दिलाने के लिए लगातार संकल्पित है। अपराध को अंजाम देने के बाद अन्यत्र जगह छुपकर रहने वाले अपराधियों के विरूद्ध नवादा पुलिस लगातार आसूचना संकलन कर रही है तथा कार्रवाई के लिए प्रयासरत है।

## बिजली सम्पर्क में आने से भैंस की मौत



निज संवाददाता | वारिसलीगंज (नवादा)

थाना क्षेत्र के सिमरी बाईपास में टीवीएस शो रूम के समीप बिजली पोल में विधुत प्रवाह होने के कारण पोल के सम्पर्क में आये दो भैंस की मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड नबंर 4 विजय नगर निवासी आनंदी पासवान अपने भैंस को चरा रहें थे। भैंस खेत में चरते -चरते पोल के सम्पर्क में आ गयी जिसके कारण मौके पर हो दो जानवरो की मौत हो गयी। पशु पालक आनंदी पासवान ने बताया की मुझे पता नहीं था की पोल में विधुत प्रवाह हो रहा था। अचानक भैंस पोल के सम्पर्क में आ गयी। संयोग अच्छा था की मैं भैंस को छुड़ाने नहीं गया। उन्होंने बताया की लाखों रूपये का नुकसान हो गया है। पशुपालक ने विधुत विभाग की लापरवाही के कारण भैंस की मौत होना बताया है। वही अधिकारीयों से मुआवजा दिलाने की मांग भी किया है। ग्रामीणों ने बताया की दूध बेचकर परिवार का भरण पोषण होता था भैंस की मौत हो जाने के कारण भारी आर्थिक नुकसान हो गया है वही परिवार का भरण पोषण पर भी सवाल खड़ा हो गया है।

## रतनपुर गांव में लगाया गया निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर, दर्जनों ग्रामीण हुए लाभान्वित

निज संवाददाता | रजौली (नवादा)

प्रखण्ड क्षेत्र के चितरकोली पंचायत के रतनपुर गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय के प्रांगण में मंगलवार को हैंड इन हैंड इंडिया एवं जॉकनिक फाउंडेशन के सौजन्य से एकदिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का अयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन प्रधानाध्यापक अजीत कुमार, एमबीबीएस डॉ. अभिजीत रॉय, जन औषधि संचालक गुरुदेव प्रसाद, एजुकेशन को-ऑर्डिनेटर डॉ. अभय कुमार, एकाउंटेंट सुमंत कुमार सिंह व एमआईएस रितेश कुमार के द्वारा फीता काट कर किया गया। अभय कुमार ने बताया कि हैण्ड इन हैण्ड इंडिया



विगत कई वर्षों से बिहार एवं झारखंड के सुदूरवर्ती क्षेत्रों में स्वास्थ्य शिविर अयोजन करते आ रही है। इसी क्रम मे आज यहाँ जेनरल मेडिकल कैंप आयोजित किया गया। वहीं सुमंत कुमार ने कहा कि संस्था का लक्ष्य स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित क्षेत्रों में उचित स्वाथ्य सेवाओं के साथ-साथ उचित दवाईयां भी उपलब्ध करवाते आ रही है। साथ ही रितेश कुमार, आनंदी कुमार एवं संतोष कुमार ने कहा कि स्वास्थ्य शिविर में लोगों का पंजीकरण करा कर डाक्टर से परामर्श लेना तथा उचित सलाह एवं दवा देकर सैंकड़ों महिलाओं, पुरुषों और बच्चे का शारीरिक वजन, रक्तचाप जांच किया गया। साथ ही साथ चिकित्सा द्वारा उचित प्रामर्श एवं दवाइयां उपलब्ध कराई गई। वहीं विशेष अवस्था वाले किशोरियों, महिलाओं एवं बच्चों के बीच प्रोटीन पाउडर, पोषण पाउडर, सेनेटरी पैड उपलब्ध कराया गया।शिविर को सफल बनाने में हैण्ड इन हैण्ड इंडिया के कर्मी जितेंद्र कुमारी, अरुण कुमार, गुड्डू कुमार, डिजिटल सखी भारती कुमारी एवं पायल कुमारी ने अहम भूमिका निभाई।

# जितिया को लेकर बाजार में आभूषण के दुकानों में लगी रही भीड़

निज संवाददाता | रजौली (नवादा)

प्रखण्ड मुख्यालय स्थित सोनारपट्टी से लेकर बाजार तक आभूषण के दुकानों पर जितिया खरीदने को लेकर महिलाओं की भारी भीड़ दिखी। ग्रामीण क्षेत्र से महिलाएं जितिया का ताबीज बनवाने के लिए या नया खरीदने के लिए पहुंच रही हैं। महिलाएं पुराने सोने की जितिया की सफाई के साथ मोतियों के साथ उसे बनवा रही हैं। जिन महिलाओं के पास सोने की जितिया लॉकेट नहीं है,वे लोग धागा से बनी जितिया खरीद रही हैं। जितिया का पर्व 24 सितंबर को नहाय खाय से शुरू हो चुका है। पर्व के अवसर पर माताएं पुत्रों के दीर्घायु के लिए व्रत रखती हैं और इस अवसर पर जितिया का लॉकेट गले



में धारण किया जाता है। इस कारण बाजार के आभूषण दुकानों में भीड़ बनी हुई है। आभूषण विक्रेता धीरज सोनी ने बताया कि यह भीड़ दो-तीन दिनों तक बनी रहती है। वहीं जितिया के पारण में अधिकांश घरों में दर्जनों प्रकार के सब्जी बनने का रिवाज कई दशकों से चलते आ रहा है। जिसको लेकर सब्जी विक्रेताओं ने भी सब्जी के दामों में दोगुना बढ़ोत्तरी कर दी है। हालांकि लोग ज्यादा मात्रा में तो नहीं किन्तु थोड़े-थोड़े मात्रा में विभिन्न प्रकार के साग-सब्जी खरीदने में जुटे हुए हैं। बाजार में खरीदारों की संख्या बढ़ने के कारण बाजार गुलजार दिख रहा था। प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न बाजारों में महिलाओं की टोली पूजन सामग्री से लेकर साड़ी, कपड़ा सहित पर्व को लेकर सोने-चांदी की खरीदने में जुटी थी। पुजारी रामप्रसाद पाण्डेय ने बताया कि जितिया कठिन त्योहारों में एक है। इसमें महिलाएं निर्जला उपवास रखती हैं। पारंपरिक विधि विधान से पूजा-अर्चना कर महिलाएं संतान की सुरक्षा की कामना करती हैं। पर्व को लेकर महिलाओं द्वारा अष्टमी तिथि को निर्जला उपवास रखा जाता है। इस दौरान जिमुतवाहन की पूजा की जाती है। मान्यता है कि निष्ठापूर्वक त्योहार करने से संतान दीर्घायु होते हैं। इसको लेकर इस त्योहार का विशेष महत्व है।

## स्वच्छता पखवाड़ा के तहत छात्राओं के बीच माहवारी स्वच्छता पर हुई चर्चा



निज संवाददाता | रोह (नवादा)

नेहरू युवा केंद्र नवादा द्वारा आयोजित स्वच्छता पखवाड़ा के दौरान श्रम ज्योति महिला समिति कुंजैला के तत्वावधान में कुंज पंचायत के कई स्कूलों में छात्राओं के बीच महावारी स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। इस अभियान के तहत परी सेनिटरी नैपकिन किट कंपनी के द्वारा उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय कुंज और रेड रोज पब्लिक स्कूल कुम्हरावां के छात्राओं के बीच निशुल्क सेनिटरी नैपकिन का भी वितरण किया गया। इस दौरान परी सेनिटरी नैपकिन किट कंपनी के सदस्य लाजवंती कुमारी ने उपस्थित छात्राओं को महावारी के दौरान सेनिटरी नैपकिन के इस्तेमाल के फायदे के बारे में विस्तार से बताया। साथ ही इन्होंने कहा कि माहवारी शुरू होने के चौबीस घंटे बाद दर्द बहुत ज्यादा होती है। फिर धीरे-धीरे कम हो जाती है। ऐसे में घबराने की जरूरत नहीं है। आगे कहा कि इस दौरान स्वच्छता पर पूरा ध्यान दिया देने की जरूरत रहती है। नहीं तो नासमझी के कारण आप गंभीर बीमारियों के शिकार हो सकते हैं। वहीं कंपनी के टीम लीडर संजीव सिन्हा ने कहा कि परी सेनिटरी किट कंपनी का उद्देश्य है कि हमारे देश और समाज की हर लडकियों स्वस्थ्य रहे।

# 2.81 करोड़ रुपये की लागत से नाला निर्माण कार्य शुरू

## बक्सर में जल जमाव की समस्या से राहत, जल्द होगा मुख्य सड़क का निर्माण

निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर जिला मुख्यालय को दिनारा से जोड़ने वाली मुख्य सड़क पर इटाढ़ी बाजार में तीन करोड़ रुपए की लागत से नाला निर्माण कार्य शिलान्यास के साथ शुभारंभ कर दिया गया है। इस निर्माण कार्य से वर्षों से हो रही जल-जमाव की समस्या बहुत जल्द दूर होगी। नाला निर्माण कार्य के लिए उप मुख्य पार्षद द्वारा 24 घंटे का अनशन भी किया गया था। लोगों का विरोध प्रदर्शन रंग लाया और आज से यह कार्य शुरू कर दिया गया है। बहुत जल्द सड़क का भी निर्माण किया जाएगा।



**उप मुख्यमंत्री से मुलाकात के बाद मिली स्वीकृतिः** इस संबंध में इटाढ़ी नगर पंचायत के मुख्य पार्षद संजय पाठक ने बताया कि इटाढ़ी बाजार में लंबे समय से नाला न होने के कारण सड़कों पर गंदा पानी जमा हो जाता था।जिससे स्थानीय लोगों को काफी दिक्कतें होती थीं। बारिश के मौसम में समस्या और भी गंभीर हो जाती थी और राहगीरों के लिए भी दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ जाता था। जिसको लेकर इटाढ़ी बाजार की इस समस्या को लेकर नगर पंचायत अध्यक्ष संजय पाठक ने पिछले जून माह में पटना जाकर उप मुख्यमंत्री सह नगर विकास मंत्री विजय सिन्हा से मुलाकात की थी। उन्होंने उप मुख्यमंत्री को इस समस्या के संबंध में ज्ञापन सौंपा और जनहित में तत्काल नाला निर्माण की मांग की।नप अध्यक्ष की इस पहल को उप मुख्यमंत्री ने गंभीरता से लिया और तुरंत पथ निर्माण विभाग के चीफ इंजीनियर को नाला निर्माण के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए।

**2.81 करोड़ रुपए की बजट को स्वीकृतः** बता दें कि नाला निर्माण के लिए 2 करोड़ 81 लाख 46 हजार 500 रुपए का प्राक्कलन तैयार किया गया। कुछ ही दिनों में इसका टेंडर फाइनल हो गया। इस राशि से इटाढ़ी शिव मंदिर से लेकर बाजार के दोनों किनारों पर एक-एक किलोमीटर तक, एक मीटर चौड़े और इतने ही गहरे नाले का निर्माण होगा। नाला निर्माण से बाजार की सड़कों पर जल-जमाव की समस्या से निजात मिलने की उम्मीद है। स्थानीय व्यापारियों और निवासियों ने इस परियोजना के शुरू होने पर खुशी जाहिर की और नगर पंचायत अध्यक्ष संजय पाठक का आभार व्यक्त किया।

# लापता मजदूर का रेलवे ट्रैक के पास शव बरामद

निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर जिले के चौसा नगर पंचायत स्थित वार्ड संख्या चार के एक मजदूर का शव एक हफ्ते बाद घर से एक किलोमीटर दूरी पर रेलवे लाइन के पास झाड़ी से बरामद हुआ है। शव देखने से ऐसा लग रहा है कि मौत दो-चार दिन पहले हुई हो। शव को चेहरे को कुत्ते और कौवे नोच कर खा गए थे लेकिन परिजनों ने कपड़े से पहचान कर लिया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना को लेकर बताया गया कि हफ्ते भर पहले मृतक घर से घूमने निकला था। जिसके बाद वो वापस नहीं लौटा। इसको लेकर आशंका जताया जा रहा है कि ट्रेन गिरकर मौत हो गई है।

**एक हफ्ते पहले गायब हुआ था मृतकः** मृतक की पहचान चौसा नगर पंचायत वार्ड चार का निवासी मो.इशू के 35 वर्षीय पुत्र मो. सलीम के रूप में की गई है। घटना को लेकर मां राजीदन खातून द्वारा बताया गया कि वो गांव में ही दिहाड़ी मजदूरी का काम करता था। 16 सितंबर की शाम घर पर मुर्गा लेकर आया था।



बोला कि इसको बनाओ तब तक हम आ रहे हैं। देर रात तक सलीम नहीं लौटा तो चिंता होने लगी। सभी जगह पूछताछ किए जाने के बाद भी कहीं पता नहीं लगा। जिसके बाद पटना से लेकर मुगलसराय तक ढूंढा गया लेकिन पता नहीं चला। आज रेलवे लाइन के पास शव मिलने की सूचना पर पहुंचे तो कपड़ा से पहचान हुई है।

**गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज नहीं करने का आरोपः** मृतक की पत्नी रूबी खातून ने मुफस्सिल थाना पर गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज नहीं करने का आरोप लगाते हुए बताया कि गायब होने पर काफी ढूंढने का प्रयास किया गया लेकिन नहीं मिले। मुफस्सिल थाना में रिपोर्ट लिखवाने पहुंची बोले की किसी से लिखवाकर लाइए। लेकिन कोई नहीं लिखा। उनका आधार कार्ड गुम हो गया है। पुलिस ने आधार कार्ड की मांग की।

# बाढ़ के पानी में डूबने से दुकानदार की मौत

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर जिले के कारनामेपुर थाना क्षेत्र के ईश्वरपूरा पुल के समीप बाढ़ के पानी में डूबे दुकानदार का शव दूसरे दिन बरामद हुआ है। उसका शव ईश्वरपुरा पुल से ही सोमवार को बरामद किया गया है। मृतक करनामेपुर थाना क्षेत्र के भीम पट्टी वार्ड नंबर पांच निवासी नाजीर हुसैन का 30 वर्षीय पुत्र अमजद अंसारी है। वह पेशे से दुकानदार है व बंशीपुर गांव में प्लास्टिक सामान बेचने वाली दुकान चलाता है। मृतक के चचेरे भाई सेराजुद्दीन अंसारी ने बताया कि रविवार दोपहर दुकान बंद कर घर खाना खाने के लिए आ रहे थे। तभी तगादा करने के लिए दूसरे गांव में चले गए। लौटने के क्रम में जब वे ईश्वरपुरा पुल के समीप पहुंचे तो पैर में कीचड़ लग गया, जिसके कारण उसका पैर फिसल गया। वे बाढ़ के पानी में गिरकर डूब गए। जब



परिजन खोजबीन शुरू की तो वहां के स्थानीय लोगों ने बताया कि डूब गया है। जिसके बाद परिजनों ने उसकी काफी खोजबीन की, लेकिन रविवार की शाम तक वह नहीं मिल पाया था। सोमवार को उसका शव उसी पुल से बरामद किया गया। सूचना स्थानीय थाना को दी गई। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमॉर्टम सदर अस्पताल में करवाया। बताया जाता है कि मृतक अपने चार भाई में बड़ा था। उसके परिवार में मां सुनैना बीवी, तीन भाई हैदर, अफजल,शमीम और तीन बहन नूरजहां, शाहजहां और आमना है।

# लूटकांड मामले में दो बदमाश गिरफ्तार, लाइसेंसी बंदूक और 30 कारतूस बरामद

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर जिले के कोईलवर थाना क्षेत्र के जमालपुर स्थित कचरा फैक्ट्री में घटित लूट कांड का पुलिस ने खुलासा किया है। साथ ही कांड में संलिप्त दो बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इसकी जानकारी एसपी राज ने दी है। उन्होंने बताया कि कोईलवर के मानाचक गांव निवासी धर्मेन्द्र कुमार राय और महुई बलहा गांव निवासी विकास शर्मा को गिरफ्तार किया है। सिक्यूरिटी गार्ड से लूटा गया लाइसेंसी दो नाली बंदूक और 21 कारतूस बरामद किए गए हैं। पकड़े गए दोनों बदमाशों का पूर्व से आपराधिक इतिहास रहा है। कोईलवर थाना में दोनों के विरुद्ध मामले मिले है। कांड में संलिप्त अन्य बदमाशों को भी चिह्नित कर लिया गया है। जल्द ही उनकी गिरफ्तारी भी की जाएगी। उन्होंने बताया कि



21 सितंबर 2024 की देर शाम हथियारबंद नकाबपोश बदमाशों ने जमलापुर स्थित कचरा फैक्ट्री में धावा बोलकर हथियार के बल पर लूटपाट की थी। सुपरवाइजर राहुल कुमार, गार्ड हेमंत कुमार सिंह और मृत्युंजय कुमार सिंह से मारपीट कर नकदी, मोबाइल समेत आवश्यक कागजात भी लूट लिए थे।

**सुपरवाइजर ने अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी कराई थीः** बड़हरा के धुसरिया गांव निवासी सिक्यूरिटी गार्ड सुनील सिंह का लाइसेंसी दोनाली बंदूक व 30 कारतूस लूट कर नाव से भागे थे। सुपरवाइजर ने अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी कराई थी। इसके बाद कांड के उद्भेदन को लेकर सदर एसडीपीओ-टू रंजीत कुमार सिंह के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया था। इस दौरान टीम ने छापेमारी कर कोईलवर के मानाचक गांव निवासी धर्मेन्द्र कुमार राय व महुई बलहा गांव निवासी विकास शर्मा को गिरफ्तार कर लिया।

**अन्य बदमाशों की गिरफ्तारी बाकी हैः** दोनों की निशानदेही पर गार्ड से लूटा गया लाइसेंसी दोनाली बंदूक व कारतूस बरामद कर लिया गया। एसपी ने बताया कि प्रारंभिक जांच में खुलासा हुआ है कि इस कांड में 20 से 24 बदमाश शामिल थे। यह गैंग हथियारों से लैस होकर रात्रि में सोन नदी में चोरी- छिपे बालू खनन करने वाले नाविकों से हथियार के बल पर रंगदारी वसूल करते हैं। नाव से ही इधर से उधर घूमकर कांड करते है। यह गैंग वर्ष 2022 से ही सक्रिय है। पूर्व में भी वर्ष 2022 से 24 के बीच कोईलवर थाना क्षेत्र में पांच वारदातों को अंजाम दे चुके हैं। कांड में संलिप्त अन्य सदस्यों की तलाश जारी है।

# शिलापट्ट पर नाम होने के बावजूद नहीं मिला निमंत्रण

## कहा- लोकतंत्र की हत्या हुई, बक्सर में डीडीसी के खिलाफ जनप्रतिनिधियों का आक्रोश

निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर जिले में जिला परिषद अध्यक्ष सरोज देवी का शिलापट्ट पर नाम होने के बावजूद भी योजना के शिलान्यास में निमंत्रण नहीं मिलने पर जिला पार्षद अध्यक्ष और जनप्रतिनिधियों में डीडीसी के खिलाफ आक्रोश देखा जा रहा है। इसको लेकर प्रेस वार्ता कर उपविकास आयुक्त के खिलाफ मोर्चा खोलने की बात कही गई है। मामले को लेकर जनप्रतिनिधियों ने कहा कि शिलापट्ट पर नाम होने के बावजूद निमंत्रण नहीं देकर जिले के अधिकारी लोकतंत्र की हत्या कर रहे हैं। इस दौरान जिला परिषद अध्यक्ष सरोज देवी और सदस्य रिंकू यादव ने अपना विचार व्यक्त की।



**बिहार सरकार को पत्र लिखकर कार्रवाई की मांगः** सरोज देवी ने कहा कि लोकतंत्र की जननी बिहार के बक्सर में नीतीश कुमार के अधिकारी डॉक्टर महेंद्र पाल ने लोकतंत्र का हत्या किया है। ब्रह्मपुर कांट भरखर में जिला परिषद के मद से बनने वाली सड़क के शिलान्यास कार्यक्रम में शिलापट्ट पर अध्यक्ष समेत स्थानीय जिला परिषद सदस्य का नाम होने के बाद भी न तो उनको शिलान्यास कार्यक्रम का निमंत्रण दिया गया न ही उनसे कोई जानकारी साझा की गई। जिसको लेकर जनप्रतिनिधियों में आक्रोश है। डीडीसी डॉक्टर महेंद्र पाल पर तनाशाह होने का आरोप लगाते हुए उनके खिलाफ बिहार सरकार को पत्र लिखकर उनपर कार्रवाई करने की मांग करेंगे और उनके कार्यालय में तालाबंदी कर उनके खिलाफ सभी सदस्य आंदोलन करेंगे।

**फंड खर्च हुई रहती तो 3 साल में मिलती 4 हजार लोगों को नौकरीः** जिला परिषद सदस्य रिंकू यादव कहा कि डीडीसी डॉक्टर महेंद्र पाल की नाकामी के कारण जिले का विकास नहीं हो रहा है। विकास कार्य के लिए आए हुए 15 करोड़ रुपया वापस लौट गया। जबकि वह योजना बोर्ड से पास हो गई थी। लेकिन काम करने के बजाए केवल कथावाचन करते रहते है। ऐसा मूर्ख और भ्रष्ट अधिकारी इस बक्सर में कभी नहीं आया था। केदार यादव ने कहा कि कर्म से बड़ा कोई पूजा नहीं होता है। आज जिला परिषद के पास इतनी फंड है कि उसे खर्च किया गया रहता तो केवल बक्सर में तीन वर्षो के अंदर 4 हजार लोगों को नौकरी मिली होती।

# शशिकांत हत्याकांड में 5 लोगों पर केस दर्ज

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर जिले के टाउन थाना क्षेत्र के इब्राहिमनगर,संजय गांधी कॉलेज के पीछे हुए शशिकांत महतो हत्याकांड में प्राथमिकी करा दी गई है। मृतक की पत्नी खुशबू कुमारी के बयान पर हुई प्राथमिकी में इब्राहिमनगर निवासी पट्टीदार राम भवन महतो समेत उनके करीबी गुर्गों छतीस महतो, लाल बुदन, हिमांशु और रोहित कुमार महतो समेत पांच को नामजद और अन्य अज्ञात को आरोपी बनाया गया है। जमीन हड़पने की नीयत से षड्यंत्र के तहत हत्या किए जाने का आरोप लगाया गया है। गिरफ्तारी के लिए सदर एएसपी परिचय कुमार के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया है। टीम लगातार संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर गिरफ्तारी के प्रयास में लगी है। मृतक 27 वर्षीय शशिकांत



महतो इब्राहिमनगर, धरहरा निवासी छबीला महतो के पुत्र थे, जो कृषि कार्य करते थे।

**मोबाइल लोकेशन पर शव बरामद हुआः** घटनास्थल से एक खोखा जब्त किया गया है। मृतक की पत्नी के अनुसार उनके पति शशिकांत महतो रविवार को 11.40 बजे दिन में घर से दवा लाने के लिए बाइक से बाजार निकले थे। काफी देर होने के बाद वे घर नहीं लौटे तो पत्नी ने पति के मोबाइल पर कॉल किया था। लेकिन, फोन नहीं उठाने पर शंका बढ़ गई।

# तिरुपति में जो हुआ वो हिंदुओं के साथ धोखा, बक्सर में बोले जगतगुरु शंकराचार्य, हिंदू वोट से सरकार बनती, लेकिन गौ हत्या के लिए कानून नहीं

निज संवाददाता। बक्सर

यूपी के रास्ते जगतगुरु शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद बक्सर पहुंचे। जहां उन्होंने कहा कि देश में विकास के नाम पर धार्मिक स्थलों को बर्बाद किया जा रहा। तिरुपति बाला जी में जो कुछ हुआ है वह पूरे हिंदू समाज के साथ विश्वासघात है। जिन लोगों ने ऐसा किया है कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हिंदुओं के वोट से 78 साल से सरकार बन रही है, पर गौ हत्या पर किसी ने रोक नहीं लगाई। गौ माता के मांस बेचने वालों को कड़ी सजा मिलनी चाहिए। गायों को राष्ट्र माता का दर्जा देने और गो हत्या बंद करने के उद्देश्य से जगतगुरु यात्रा पर निकले हैं। 22 सितंबर से उनकी यात्रा यूपी के अयोध्या से शुरू की। अयोध्या के बाद लखनऊ में गए थे। वहां से बक्सर आएं हैं, यहां भोजपुर गो प्रतिष्ठा ध्वज की स्थापना की गई। अभी वे पटना के लिए निकले हैं। यात्रा देश के 36 प्रदेशों की राजधानियों तक पहुंचेगी।

**अयोध्या राम मंदिर से लेकर बागेश्वर बाबा पर की बातः** बक्सर में अयोध्या में भगवान श्रीराम के मंदिर से जुड़े सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि वहां निर्माण पूरा नहीं हुआ है। हमने कहा था कि अधूरे भवन में भगवान की प्राण-प्रतिष्ठा मत करो। वहीं बागेश्वर बाबा के चमत्कारों के बारे में सवाल पर उन्होंने कहा कि किसी एक का नाम लेना सही नहीं है। चमत्कार हो जाए तो अच्छा है। दरसअल शंकराचार्य ने पिछले दिनों कहा था कि कुछ लोग दिव्य दरबार लगाकर चमत्कार का दावा करते हैं। हम फूल बिछाएंगे, वे जोशी मठ की धंसती जमीन को रोककर दिखाएं। चमत्कार होगा, तो उन्हें पलकों पर बैठाएंगे। उनके इसी बयान को लेकर बक्सर में सवाल पूछा गया, तो उन्होंने कहा कि देश में बहुत-सी समस्याएं हैं। हम लोग तो चाहते हैं कि कोई चमत्कार हो जाए।



**स्वागत में बक्सर के विधायक मौजूद रहेः** बक्सर पहुंचने पर शंकराचार्य का वैदिक मंत्रोच्चार के साथ स्वागत किया गया। इसके बाद विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। स्वागत और अभिनंदन में बक्सर के विधायक संजय तिवारी उर्फ मुन्ना तिवारी मौजूद रहे। वो सोमवार की देर शाम बक्सर पहुंचे। रात्रि विश्राम के बाद नया भोजपुर स्थित गौधाम में गौ पूजा की। जिसके बाद पटना के लिए रवाना हो गए। जहां दोपहर में दारोगा राय स्मारक भवन, दारोगा राय पथ में कई कार्यक्रम हैं।

**अयोध्या से गौ प्रतिष्ठा की शुरुआतः** स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने 22 सितंबर रविवार को अयोध्या से गौ प्रतिष्ठा आंदोलन की शुरुआत की है। यह यात्रा 22 सितंबर से 26 अक्टूबर तक चलेगी। राजधानी में गो-ध्वज की स्थापना करेंगे। शंकराचार्य इसी प्रकार देश के 36 प्रदेशों की राजधानी में गो-ध्वज स्थापित करेंगे। यह यात्रा 36 दिनों तक चलेगी। इसके बाद 26 अक्टूबर को वृंदावन में आकर इस यात्रा को पूरा करेंगे।

**अनंत अंबानी की शादी में शामिल हुए थे अविमुक्तेश्वरानंदः** जुलाई में स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने मुंबई में अनंत अंबानी की शादी में भाग लिया था। वहां शादी के बाद हुए आशीर्वाद समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ज्योतिर्मठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद की मुलाकात चर्चा में बन गई थी।

**मार्च में नंगे पैर की थी पदयात्राः** इसके पहले ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद महाराज 14 मार्च 2024 से 28 मार्च 2024 तक गायों को राष्ट्र माता का दर्जा देने के लिए नंगे पैर पदयात्रा कर चुके हैं। उन्होंने गोवर्धन गिरीराज से दिल्ली तक नंगे पैर पदयात्रा की थी। इस यात्रा में हजारो की तादात में गौ भक्त भी शामिल हुए थे।

## संक्षिप्त समाचार

### चार घंटे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी, मेंटेनेंस का चलेगा कार्य, जर्जर तार-पोल की होगी मरम्मत

आरा। आरा शहर के जगदेव नगर फीडर से 4 घंटे विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। आज 24 सितंबर दिन मंगलवार की सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। कनीय विद्युत अभियंता ने बताया कि जगदेव नगर फीडर में सोमवार को हुई गड़बड़ी को सही करने और 11 हजार के लाइन में विभिन्न जगहों पर मेंटेनेंस का कार्य किया जाएगा। इस दौरान जगदेव नगर फीडर में विभिन्न स्थानों पर मेंटेनेंस का कार्य भी किया जाएगा। कुशवाहा धर्मशाला के खराब ट्रांसफॉर्मर को भी बदला जाएगा। ताकि आने वाले दिनों में निर्बाध बिजली दी जा सके। बिजली उपभोक्ताओं को बिजली से संबंधित कोई भी समस्या उत्पन्न न हो, इसके लिए कार्य किए जा रहे। सभी बिजली उपभोक्ताओं से अपील की गई है कि बिजली से जुड़े कार्य को समय से पहले निपटा लें। सहायक अभियंता ने कहा कि काम खत्म होने के साथ जल्द से जल्द विद्युत आपूर्ति बहाल करने की कोशिश की जाएगी। बाजार समिति, जगदेव नगर, द्वारिका पूरी, खोरिका, मिल्की अनाईथ, सिद्धार्थ नगर, कुशवाहा धर्मशाला, चौराई, भेलाई, सूर्यनगर, लहट्टान भवन के आसपास के क्षेत्र में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। साथ ही जगदेव नगर फीडर को विभाजित करने के लिए भी विभिन्न स्तर पर काम किया जाएगा।

### सड़क जाम करने पर 70 लोगों पर प्राथमिकी दर्ज

कोईलवर। रविवार को चांदी थाना क्षेत्र के लोदीपुर गांव के समीप बालू लदे डंपर ने इलाज कराने जा रही महिला को कुचलने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई थी। इधर दुर्घटना की खबर पर गांव से आए सैकड़ों लोगों ने घटनास्थल पर पहुंच सड़क जाम कर दिया था। नतीजतन सड़क के दोनों ओर जाम लग गया था। इसे चांदी पुलिस ने गंभीरता से लिया है।

### सांसद ने बलिगांव के दलित टोला में समस्याएं सुनीं

गड़हनी। सांसद सुदामा प्रसाद ने बलिगांव के दलित टोला में जाकर लोगों से वहां की समस्याओं की जानकारी लिया। कहा कि सड़क, नाली, शौचालय, बिजली या कोई भी परेशानी होने पर सीधे फोन कर बोलिये। बच्चों को विद्यालय जरूर भेजें, क्योंकि शिक्षा से ही विकास संभव है। इस मौके पर प्रतिनिधि श्रीनिवास यादव , प्रमोद गुप्ता, छोटू कुमार, मो रमीज, सुरेंद्र सिंह सहित कई लोग उपस्थित थे।

### विश्व हिन्दू परिषद के पूर्व मंत्री कमल किशोर की मनी पुण्यतिथि

आरा। विश्व हिन्दू परिषद के मंत्री रहे, हिन्दू हृदय सम्राट, गरीबों व जरूरतमंदों की मदद करने वाले स्व कमल किशोर पाठक की पुण्य तिथि मारुती नगर के जमीरा कोठी में मनाई गई। श्रद्धांजलि सभा का शुभारंभ कमल किशोर पाठक की पत्नी काजल पाठक ने उन्हें पुष्प अर्पित कर किया। इस दौरान डॉ मदन मोहन द्विवेदी ने गीतों के माध्यम से उन्हें श्रद्धांजलि दिया। उपस्थित लोगो ने कहा कि कमल किशोर एक नेक और जिंदा दिल इंसान थे। उनके द्वारा किये गए कई कार्यों की आज भी लगो सराहना करते है। विश्व हिन्दू परिषद के लिए भी उनका समर्पण को भुलाया नहीं जा सकता। मौके पर स्व कमल किशोर पाठक के पिता आनंद कुमार, माता संगीता देवी, भाई विकास कुमार ओझा,बहन ज्योति देवी,ब्रजेश कुमार ओझा, जमीरा कोठी के पुष्पेंद्र सिंह, ऋतिक रोशन, सुशील टाइगर, भाजपा प्रवक्ता नवीन प्रकाश, बिहिया बजरंग दल के आकाश बजरंगी, अधिवक्ता हरेंद्र सिंह, विश्व हिन्दू परिषद के रमेश मिश्र,उपेंद्र तिवारी व चेतन मिश्रा, धीरज समेत कई लोग उपस्थित थे।

### 100 धार्मिक स्थल और जल-स्रोतों की हुई सफाई

आरा। स्वच्छ भारत मिशन-ग्रामीण के तहत स्वच्छता ही सेवा 2024 कार्यक्रम के अंतर्गत भोजपुर जिले में जागरूकता के उद्देश्य से कार्यक्रम का सिलसिला जारी है। पिछले 17 सितम्बर से लगातार एक पखवाड़े तक आयोजित इस कार्यक्रम में प्रतिदिन गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसका उद्देश्य हर हाल में गांव को स्वच्छ व सुंदर बनाना है। जिले के सभी प्रखंडों में गांव की गली, नदी, तालाब व पोखर के साफ-सफाई का कार्य निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार चल रहा है। साथ ही "एक पेड़ माँ के नाम" के तहत गांव में पौधा रोपण चलाया गया है। पौधारोपण का अभियान मुख्य तौर से स्वच्छता समिति भोजपुर, मनरेगा व जीविका द्वारा की जा रही है। अभियान के तहत सभी प्रखंडों में अब तक लगभग 240 जगह पौधारोपण किया जा चुका है।

### महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए हुई मेहंदी प्रतियोगिता



आरा। विभिन्न विद्यालयों छात्राओं के लिए मेहंदी प्रतियोगिता पल्लवी ब्यूटी सैलून एण्ड ऐकेडमी में हुआ। ऐकेडमी की डायरेक्टर पल्लवी प्रियदर्शनी, सैलून की मैनेजर आकांक्षा, ट्रेनर मोनिका कुमारी, पटना से आए मेहंदी आर्टिस्ट सन्नी कुमार के निर्णय पर पर प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। पल्लवी ने कहा कि सीमित समय में प्रतिभागियों ने बहुत ही सुंदर मेंहदी हाथों पर रचाई है। प्रतियोगिता कराने का उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना है। मेहंदी प्रतियोगिता में अमीर चन्द्र कन्या उच्च विद्यालय ,डॉ नेमीचंद शास्त्री, जैन कन्या पाठशाला, भगिनी निवेदिता स्कूल, पटना वूमेन"एस कॉलेज, प्रतापपुर, कोईलवर, महिला कॉलेज, जैन कॉलेज, महाराजा कॉलेज, एसबी कॉलेज की छात्राओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अनुप्रिया कुमारी, द्वितीय स्थान उर्वशी कुमारी एवं रिया प्रवीण, तृतीय स्थान संजना कुमारी एवं स्नेहा कुमारी रही। अन्य पुरस्कृत प्रतिभागियों में खुशी, अनु , खुशी, सबरीन, सना, रुखसार, रानी, पायल, आकांक्षा, रोशनी, राज, निक्की, रिया, स्नेहा, मुन्न ,पायल,श्वेता, गोल्डी, अनुष्का, सुरुचि, छाया, रिया, रोशनी, नेहा, लवली, नंदिनी, खुशी व बबिता है।

### दशहरा में शांति-सद्भाव को ले शांति समिति की बैठक



गड़हनी। दशहरा में शांति-सदभाव के लिए सोमवार को गड़हनी थाना परिसर में प्रभारी थानाध्यक्ष कुमार गौरव के नेतृत्व में शांति समिति की बैठक की गई। बैठक में प्रखण्ड व नगर पंचायत के कई कमिटी के सदस्य, जनप्रतिनिधि व सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित थे। सभी दुर्गा पूजा कमिटी के अध्यक्ष व सदस्यों से शांतिपूर्ण पूजा पाठ करने को कहा गया। पूजा पंडाल में शराब का कोई सेवन नहीं करेगा। हथियार लेकर नहीं आएगा। डीजे पर पूर्ण रूप से बंद रहेगा। यदि किसी भी पूजा पंडाल में किसी भी तरह का गड़बड़ी हुई, तो अध्यक्ष व सदस्य के ऊपर कार्रवाई की जाएगी। बैठक में अकबर अली, लोहा महतो, मुखिया चंद्रशेखर सिंह, संजित कुमार, संजय चौधरी, इमरान अहमद, असलम अंसारी, अमजद हुसैन, रामनाथ सिंह थे।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें : www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### बिजली पोल को ट्रैक्टर ने मारी टक्कर, करंट की चपेट में आने से साइकिल सवार छात्र झुलसा

**भागलपुर।** पढ़ाई के लिए किराया लेकर रहने वाली एक 15 वर्षीय नाबालिग लड़की जोगसर इलाके से लापता है। बीते तीन दिनों से उसका कोई सुराग नहीं मिल रहा है। काफी खोजबीन के बाद परिजनों ने सोमवार को जोगसर थाना में लिखित शिकायत की है। परिजनों ने आरोप लगाया है कि शादी की नीयत से किसी ने नाबालिग का अपहरण कर लिया है। लापता लड़की खगड़िया की रहने वाली है। परिजन ने बताया कि वह गांव के ही कुछ लोगों की देख-रेख में भागलपुर में रहती थी। तीन दिन पहले अचानक गायब हो गई। उसका मोबाइल भी दो दिनों तक बंद रहा। सोमवार को उससे किसी तरह कॉल पर बात हुई, लेकिन वह कुछ भी बताने से इनकार कर रही है। उसने यह भी नहीं बताया की फिलहाल वह किस जगह पर है। जोगसर पुलिस पीड़ित की शिकायत पर नाबालिग को तलाशने में जुट गई है।

### प्रभारी प्राचार्य के विवाद के बीच नियमित प्राचार्य बहाली में और देर

**भागलपुर।** टीएमबीयू सहित राज्य के विश्वविद्यालयों के कॉलेजों में नियमित प्राचार्य की नियुक्ति में अभी और देर होगी। नियुक्ति की प्रक्रिया कर रहे बिहार राज्य विवि सेवा आयोग ने पहले प्राचार्य के पद पर नियुक्ति के लिए आवेदन की तिथि तीन बार बढ़ाई। इसके बाद स्क्रूटनी शुरू की, लेकिन फिर कहा कि असिस्टेंट प्रोफेसर की बहाली की प्रक्रिया के कारण प्राचार्य की नियुक्ति की प्रक्रिया में समय लग रहा है। अब उसने तांती (ततवा) जाति के अभ्यर्थियों से अत्यंत पिछड़ा वर्ग का दावा मांगा है। इसके लिए 30 सितंबर तक आवेदन होगा। नियमित प्राचार्य नहीं रहने पर कॉलेजों में प्रभारी प्राचार्य नियुक्त किए जा रहे हैं। इसमें पाटलीपुत्र विवि और टीएमबीयू में विवाद सामने आ चुका है। नियमित प्राचार्य के लिए टीएमबीयू के भी लगभग आधा दर्जन वरीय शिक्षकों ने आवेदन किया है। इनमें से कुछ ने नाम नहीं छापने का आग्रह कर बताया कि तांती जाति के अभ्यर्थियों से आवेदन मांगने के कारण स्क्रूटनी की प्रक्रिया फिर से की जा सकती है। इस जाति को पूर्व में राज्य सरकार ने अत्यंत पिछड़ा वर्ग की अनुसूची से बाहर कर दिया था। तब इस जाति के आवेदकों ने एससी कोटि में आवेदन किया था। अब सुप्रीम कोर्ट ने जब तांती को वापस अत्यंत पिछड़ा वर्ग में रखने को कहा तब आयोग ने एससी कोटि में आवेदन कर चुके तांती जाति के आवेदकों से अत्यंत पिछड़ा वर्ग में दावा करते हुए आवदेन करने को कहा है।

### सूखा राशन के साथ प्लास्टिक का किया वितरण

**मुंगेर।** कल्याण टोला पंचायत के बाढ़ पीड़ित इटहरी गांव के समीप चमनगढ़ रोड में सूखे स्थान पर शरण लिए हुए हैं। वे मवेशी को साथ रखे हुए हैं। पेड़ की शाखा को ही आशियाना बना लिया है।

### "हताशा व नाउम्मीदी को साहस और बल में बदलने वाले कवि थे दिनकर'



**भागलपुर।** टीएमबीयू के हिन्दी विभाग में सोमवार को राष्ट्रकवि और विवि के पूर्व कुलपति रामधारी सिंह दिनकर की जयंती मनाई गई। कुलपति प्रो. जवाहर लाल और अतिथियों ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। कुलपति ने कहा कि दिनकर का संघर्ष समुद्र पार करने के बराबर है। दिनकर 1964 में भागलपुर विश्वविद्यालय के कुलपति बने थे। उनकी रचनाओं की प्रासंगिकता आज भी है। दिनकर का पौरुष और बल उनके व्यक्तित्व के साथ उनकी भाषा में भी नजर आता है। वे हताशा और नाउम्मीदी को साहस और बल में बदलने वाले कवि थे। दिनकर जैसे कवियों को पढ़ना जीवन को क्रियाशील बनाए रखता है। विभाग की अध्यक्ष प्रो. नीलम महतो ने कहा कि दिनकर की भाषा समुद्र की तरह निरंतर प्रवाहमान थी। भागलपुर विश्वविद्यालय के छठे कुलपति के रूप में आने के बाद उनके किए कार्यों का जिक्र कर बताया कि वह बचपन में दिनकर के हाथों पुरस्कृत हो चुकी हैं। विभाग के पूर्व अध्यक्ष प्रो. योगेंद्र ने कहा कि तत्कालीन कुलपति राम आश्रय यादव के प्रयास से ही विवि में दिनकर की प्रतिमा स्थापित की गई और दिनकर परिसर का नामकरण किया गया। इसके बाद पूर्व कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता के प्रयास से दिनकर उद्यान बन पाया। वर्तमान कुलपति ने दिनकर की प्रतिमा और उद्यान का नवीनीकरण कराया। कहा कि दिनकर नेहरू का विरोध खुलकर करते थे और नेहरू ने ही उन्हें विश्वविद्यालय में नियुक्त भी किया था। आज का दौर बहुत अराजक है। दिनकर हिंदी के कारण राष्ट्रकवि बने लेकिन उन्होंने जब-जब शैक्षणिक जीवन में हिंदी पढ़ने का प्रयास किया उन्हें अवसर नहीं दिया गया। डीएसडब्ल्यू प्रो. बिजेन्द्र कुमार और रजिस्ट्रार डॉ. विकास चंद्रा ने भी विचार रखे। प्रॉक्टर प्रो. अर्चना साह भी मौजूद थीं। डॉ. मनजीत सिंह ने संचालित में सहयोग किया। डॉ. दिव्यानंद ने आचार्य रामबालक राय, कामेश्वर शर्मा, प्रो. गोपेश्वर सिंह, सुधांशु रंजन, कल्पना पत्रिका के विशेषांक, साहित्य अकादमी के मोनोग्राफ की चर्चा की। छात्र-छात्राओं चक्रधर, शुभ्रा, मेघा, समरजीत, अमित, नन्दा, शिवानी, आरती ने दिनकर की कविताओं का पाठ किया। धन्यवाद ज्ञापन प्रो. नीलू कुमारी ने किया।

### मुंगेर मंच ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में पीड़ितों के बीच भोजन बांटे




**मुंगेर।** मुंगेर मंच ने सेवा भावना का एक और उत्कृष्ट उदाहरण सोमवार को प्रस्तुत किया। शबर में बाढ़ का पानी घुस जाने के कारण स्थानीय बाढ़ पीड़ित शहरवासियों को हो रही परेशानी को देखते हुए मुंगेर मंच के सदस्यों ने आपसी सहयोग से सोमवार की रात बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए रात्रि भोजन वितरित किया। अलग-अलग वाहन में पका हुआ भोजन का पैकेट लेकर शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में जरूरतमंदों को भोजन का पैकेट उपलब्ध कराया गया। जिसे पाकर बाढ़ पीड़ित परिवारों मुंगेर मंच को धन्यवाद दिया। इससे पूर्व कोरोना काल में भी मुंगेर मंच के किए गए सराहनीय कार्य को भुलाया नहीं जा सकता। मुंगेर मंच द्वारा भोजन वितरण कार्यक्रम में ग्रुप एडमिन संजय बबलू, टिंकू, सुनील जख्मी, विशाल, शिव दयाल यादव, गुड्डू, आनंद, अमर सर्राफ सहित नेतृत्व कर रहे थे।

# मुंगेर में 17 साल के किशोर की गोली मारकर हत्या

## परिजनों ने दोस्तों पर लगाया आरोप, पड़ोसी से चल रहा था जमीन विवाद

निज संवाददाता। मुंगेर

मुंगेर में वासुदेवपुर थाना क्षेत्र स्थित शेरपुर स्कूल के पास सोमवार की देर रात स्व तारकेश्वर मंडल के बेटे तपस्वी कुमार (17) की गोली मारकर हत्या कर दी गई। जानकारी के अनुसार गोली सीने में मारी गई। परिवार वालों ने दोस्तों पर ही हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने पूछताछ के लिए कई लोगों को हिरासत में भी लिया है। घटना के बाद घर में कोहराम मच गया है। मां संजू देवी ने बताया कि पड़ोस में रहने वाला तपस्वी का दोस्त शिवम कुमार रात में नशे की हालत में गाली-गलौज कर रहा था। कुछ देर बाद तपस्वी घर से बाहर निकला। इस बीच सूचना मिली कि घर से लगभग 200 मीटर की दूरी पर स्थित शेरपुर स्कूल के पास तपस्वी खून से लथपथ पड़ा है। आनन-फानन में सदर




अस्पताल लेकर गए, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने बताया कि 4 साल पहले तपस्वी के पिता की भी हत्या गोली मारकर की गई थी। मौत के बाद मां संजू देवी छोटा भाई नीतीश कुमार सहित परिवार के अन्य सदस्यों का रो-रो कर बुरा हाल है। बताया जाता है कि तपस्वी ने एक साल पहले किसी लड़की से प्रेम विवाह किया था। घटना के बाद पुलिस मौके पर पहुंच कर जांच में जुट गई है। परिवार वालों ने पुलिस को बताया कि कपिलदेव मंडल से तीन साल से जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। चार दिन पहले ही जान से मारने की धमकी दी गई थी। सदर एसडीपीओ राजेश कुमार ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। कुछ लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। जल्द ही मामले का खुलासा कर दिया जाएगा। वहीं मामले को लेकर वासुदेवपुर थानाध्यक्ष अजय कुमार सिंह ने बताया कि अपराधियों की पहचान के लिए आसपास के सीसीटीवी कैमरा को खंगाला जा रहा है और अपराधियों की पहचान करने के साथ आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# बाढ़ के पानी में डूबे दोनों छात्रों का मिला शव

निज संवाददाता। मुंगेर



मुंगेर में बाढ़ के पानी मे डूबे दोनों छात्र मुकुंद और चाहत कुमार के शव को गोताखोरों ने दूसरे दिन खोज लिया है। शव मिलने के बाद मुआवजा को लेकर परिजन और ग्रामीणों ने सड़क को जाम कर दिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई है। परिवार वालों का रो- रोकर बुरा हाल है। दरअसल, सोमवार की शाम कोचिंग से लौटने के दौरान नाकी पंचायत के लोहची निवासी बालेश्वर पासवान का बेटा मुकुंद कुमार (14) और बबलू पासवान का बेटा चाहत कुमार पानी में बह गया था।

**साइकिल से लौट रहे थे दोनों छात्रः** चाहत कुमार अपने नानी घर लोहची में रहकर पढ़ाई करता था। चाहत सुल्तानगंज के माल खानपुर का रहने वाला था। हर दिन की तरह दोनों छात्र साइकिल से बरियारपुर कोचिंग करने गए थे। सोमवार की शाम लगभग छह बजे दोनों एक ही साइकिल से ही लौट रहे थे। इस दौरान किसी ने दोनों को पानी में बहते हुए देखा और शोर मचाया। जब तक कोई उसे बचाने पहुंचता तब तक दोनों छात्र बाढ़ के पानी में लापता हो गए। देर शाम जब दोनों अपने घर नहीं पहुंचे तो परिजन और ग्रामीण दोनों की खोजबीन करने लगे। इस क्रम में उन्हें पता लगा कि दोनों शिवाला के पास पानी के तेज बहाव में बह गए है।

इसके बाद घटनास्थल से गोताखोरों ने छात्र की साइकिल और चप्पल को बरामद किया था। पानी में दोनों छात्र की खोजबीन की जा रही थी। वहीं शव मिलने के बाद परिजनों में कोहराम मच गया है। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम कराने के लिए मुंगेर सदर अस्पताल भेज दिया है।

## झारखण्ड सरकार
## गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग
## झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग

67वीं औपबंधिक सूचीजिला–लातेहार (पार्ट–7)

| क्र0 | आवेदनकर्त्ता की विवरणी | गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, राँची के संकल्प संख्या–1938, दिनांक–20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका |
|---|---|---|
| विवरण :– चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी सुर्यदेव भगत , पुष्कर महतो एवं बालकिषुन उरांव द्वारा आयोग के माननीय सदस्य श्री भुवनेष्वर महतो के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान तथा पहचान के आधार पर। | | |
| 370. | 1. आवेदन क्र0–706/24<br>2. आवेदक–तबारक मियां , पिता–खलिल रफीक मियां<br>3. ग्राम–सेरका , पोस्ट–चिरू , थाना–हेरहंज , प्रखण्ड–हेरहंज<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–44 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 371. | 1. आवेदन क्र0–707/24<br>2. आवेदक–सुनिता देवी , पति–मधू लोहरा<br>3. ग्राम–चन्दनडीह , पोस्ट–लातेहार, थाना–लातेहार , प्रखण्ड–लातेहार<br>4. लिंग–महिला , आयु–59 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 372. | 1. आवेदन क्र0–708/24<br>2. आवेदक–मधु लोहरा , पिता–दषरथ लोहरा<br>3. ग्राम–चन्दनडीह , पोस्ट–लातेहार, थाना–लातेहार , प्रखण्ड–लातेहार<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–43 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 373. | 1. आवेदन क्र0–709/24<br>2. आवेदक–मो0 रूस्तम कमर , पिता–मो0 कमरूद्दीन<br>3. ग्राम–डीही , पोस्ट–सुरूप , थाना–लातेहार , प्रखण्ड–लातेहार<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–43 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 374. | 1. आवेदन क्र0–1886/24<br>2. आवेदक–अनीता देवी , पति–षिव मोहन राम<br>3. ग्राम–हिन्दपीढ़ी , पोस्ट–हिन्दपीढ़ी, थाना–हिन्दपीढ़ी , प्रखण्ड–सदर<br>4. लिंग–महिला , आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने गाल पर तिल। | कंडिका–2(ix) |
| विवरण :– चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी मुरलीधर प्रसाद एवं विरेन्द्र ठाकुर द्वारा आयोग के माननीय सदस्य श्री नरसिंह मुर्मू के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान तथा पहचान के आधार पर। | | |
| 375. | 1 आवेदन क्र0–711/24<br>2. आवेदक–विनय कुमार चन्देल, पिता– हरिराम चन्देल<br>3. ग्राम–बरवाडीह, पोस्ट– बरवाडीह, थाना– बरवाडीह, प्रखण्ड–बरवाडीह<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह–गर्दन में मस्सा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 376. | 1. आवेदन क्र0–712/24<br>2. आवेदक–कौशल्या देवी, पति–भगलू सिंह<br>3. ग्राम– कल्याणपुर, पोस्ट–सरईडीह, थाना– बरवाडीह, प्रखण्ड–बरवाडीह<br>4. लिंग–महिला, आयु–55 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाये गाल में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 377. | 1. आवेदन क्र0–496/24<br>2. आवेदक–सरदार चैधरी, पिता–स्व0 शिवनारायण चौधरी<br>3. ग्राम–घघरा, पोस्ट–जपला थाना–हुसैनाबाद, प्रखण्ड–जपला<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–61 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाया आँख खराब का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 378. | 1 आवेदन क्र0–713/24<br>2. आवेदक–लोकनाथ सिंह, पिता– तेतर सिंह<br>3. ग्राम–कल्याणपुर, पोस्ट–सरईडीह, थाना– बरवाडीह, प्रखण्ड–बरवाडीह<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–पैर में कटा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 379. | 1 आवेदन क्र0–714/24<br>2. आवेदक–विश्वनाथ सिंह, पिता– झरी सिंह<br>3. ग्राम– कल्याणपुर, पोस्ट–सरईडीह, थाना– बरवाडीह, प्रखण्ड–बरवाडीह<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह– पैर में जख्म का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 380. | 1 आवेदन क्र0–715/24<br>2. आवेदक–कामख्या नारायण गृाता, पिता– चतूरी साँव<br>3. ग्राम–बरवाडीह, पोस्ट– बरवाडीह, थाना– बरवाडीह, प्रखण्ड–बरवाडीह<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–61 वर्ष, पहचान चिन्ह–लिलाट में कटा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 381. | 1. आवेदन क्र0–716/24<br>2. आवेदक–सुखली देवी, पति–विनोद राम<br>3. ग्राम– कल्याणपुर, पोस्ट–सरईडीह, थाना– बरवाडीह, प्रखण्ड–बरवाडीह<br>4. लिंग–महिला, आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–पैर में कटा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 382. | 1 आवेदन क्र0–253/24<br>2. आवेदक–फुलचन्द पुरान, पिता– स्व0 खेल मोहन पुरान<br>3. ग्राम–पुरनानगर, पोस्ट– नौढी, थाना– अडकी, प्रखण्ड–अडकी<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह–पैर में कटा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 383. | 1. आवेदन क्र0–717/24<br>2. आवेदक–फुलमतिया देवी, पति–जुलाई भुइयां<br>3. ग्राम– हरातु, पोस्ट–मुडू, थाना– छिपादोहर, प्रखण्ड–बरवाडीह<br>4. लिंग–महिला, आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–ललाट में मस्सा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 384. | 1. आवेदन क्र0–718/24<br>2. आवेदक–किसमतिया देवी, पति–देवेन्द्र सिंह<br>3. ग्राम– कल्याणपुर, पोस्ट–सरईडीह, थाना– बरवाडीह, प्रखण्ड–बरवाडीह<br>4. लिंग–महिला, आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–आँख पर दाग का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 385. | 1 आवेदन क्र0–719/24<br>2. आवेदक–बबन सिंह, पिता– लखन सिंह<br>3. ग्राम–कल्याणपुर, पोस्ट–सरईडीह, थाना– बरवाडीह, प्रखण्ड–बरवाडीह<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–62 वर्ष, पहचान चिन्ह–आँख के उपर कटा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 386. | 1 आवेदन क्र0–720/24<br>2. आवेदक–दशरथ सिंह, पिता–महावल सिंह<br>3. ग्राम–कल्याणपुर, पोस्ट–सरईडीह, थाना– बरवाडीह, प्रखण्ड–बरवाडीह<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–62 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंगुली में कटा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 387. | 1 आवेदन क्र0–721/24<br>2. आवेदक–रामनन्दन सिंह, पिता– नान्हू सिंह<br>3. ग्राम–लंका, पोस्ट–खुरा, थाना– बरवाडीह, प्रखण्ड–बरवाडीह<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–61 वर्ष, पहचान चिन्ह–बांया कंधा के उपर कटा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 388. | 1 आवेदन क्र0–722/24<br>2. आवेदक–संजय सिंह, पिता–स्व0 विरजू सिंह<br>3. ग्राम–कल्याणपुर, पोस्ट–सरईडीह, थाना– बरवाडीह, प्रखण्ड–बरवाडीह<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें आँख के निचे दाग का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 389. | 1 आवेदन क्र0–723/24<br>2. आवेदक–धनेश्वर सिंह, पिता– स्व0 खेलवान सिंह<br>3. ग्राम–कल्याणपुर, पोस्ट–सरईडीह, थाना– बरवाडीह, प्रखण्ड–बरवाडीह<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–पैर में कटा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 390. | 1. आवेदन क्र0–724/24<br>2. आवेदक–ओमप्रकाश लाल, पिता–स्व0 संत प्रसाद लाल<br>3. ग्राम–खुरा, पोस्ट– बरवाडीह, थाना– बरवाडीह, प्रखण्ड–बरवाडीह<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–62 वर्ष, पहचान चिन्ह–आंख के निचे तील का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 391. | 1. आवेदन क्र0–725/24<br>2. आवेदक–गंयती कुवंर, पति–स्व0 श्रीराम गिरी<br>3. ग्राम– चुंगरू, पोस्ट–नावाडीह, थाना– छिपादोहर, प्रखण्ड–बरवाडीह<br>4. लिंग–महिला, आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–पैर में कटा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 392. | 1 आवेदन क्र0–726/24<br>2. आवेदक–भवनाथ राम, पिता– भवानी राम<br>3. ग्राम–कल्याणपुर, पोस्ट–सरईडीह, थाना– बरवाडीह, प्रखण्ड–बरवाडीह<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह–पैर में कटा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 393. | 1. आवेदन क्र0–727/24<br>2. आवेदक–बिना देवी, पति–महेंन्द्र सिंह<br>3. ग्राम– कल्याणपुर, पोस्ट–सरईडीह, थाना– बरवाडीह, प्रखण्ड–बरवाडीह<br>4. लिंग–महिला, आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह–चेहरा में तील का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 394. | 1. आवेदन क्र0–728/24<br>2. आवेदक–अनीता देवी, पति–श्रवन सिंह<br>3. ग्राम– कल्याणपुर, पोस्ट–सरईडीह, थाना– बरवाडीह, प्रखण्ड–बरवाडीह<br>4. लिंग–महिला, आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–चेहरा में दाग का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 395. | 1. आवेदन क्र0–729/24<br>2. आवेदक–प्रेमनाथ राम, पिता–स्व0 अर्जून राम<br>3. ग्राम–लूहूर, पोस्ट– बरवाडीह, थाना– बरवाडीह, प्रखण्ड–बरवाडीह<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–पैर में कटा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 396. | 1. आवेदन क्र0–730/24<br>2. आवेदक–गोपाल मिस्त्री, पिता– रघुनाथ मिस्त्री<br>3. ग्राम– कुटमू, पोस्ट–सरईडीह, थाना– बरवडीह, प्रखण्ड–बरवाडीह<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह– | कंडिका–2(ix) |
| 397. | 1. आवेदन क्र0–731/24<br>2. आवेदक–राम प्रताप सिंह, पिता–स्व0 निरंजन सिंह<br>3. ग्राम–डोरामी, पोस्ट– सरईडीह, थाना– बरवाडीह, प्रखण्ड–बरवाडीह<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–91 वर्ष, पहचान चिन्ह–पैर के अंगुली में कटा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 398. | 1. आवेदन क्र0–732/24<br>2. आवेदक–विन्दा देवी, पिता–जगदीश सिंह<br>3. ग्राम– कल्याणपुर, पोस्ट–सरईडीह, थाना– बरवाडीह, प्रखण्ड–बरवाडीह<br>4. लिंग–महिला, आयु–63 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना हांथ में गोदना का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 399. | 1. आवेदन क्र0–489/24<br>2. आवेदक–बिशुन चौधरी, पिता–स्व0 महेश चौधरी<br>3. ग्राम–सेमरटांड़, पोस्ट– चैनपुर, थाना– चैनपुर, प्रखण्ड– चैनपुर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु– वर्ष, पहचान चिन्ह– | कंडिका–2(ix) |
| 400. | 1. आवेदन क्र0–490/24<br>2. आवेदक–मंडल चौधरी, पिता–स्व0 बाबुलाल चौधरी<br>3. ग्राम–बेलवाटीकर, पोस्ट–बेलवाटीकर, थाना– बेलवाटीकर, प्रखण्ड– मेदिनीनगर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु– वर्ष, पहचान चिन्ह– | कंडिका–2(ix) |
| 401. | 1. आवेदन क्र0–491/24<br>2. आवेदक–जयराम चौधरी, पिता–स्व0 बासूदेव चौधरी<br>3. ग्राम–गांगी, पोस्ट– कटुअल, थाना– चैनपुर, प्रखण्ड– चैनपुर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु– वर्ष, पहचान चिन्ह–नाक पर तील का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 402. | 1. आवेदन क्र0–492/24<br>2. आवेदक–गणेश चौधरी, पिता–स्व0 भगू चौधरी<br>3. ग्राम– चैनपुर, पोस्ट– चैनपुर, थाना– चैनपुर, प्रखण्ड– चैनपुर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–नाक के पास तील का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 403. | 1. आवेदन क्र0–493/24<br>2. आवेदक–मंजूर खान, पिता–अब्दुल सकूर खान<br>3. ग्राम– कुन्जरा पटी, पोस्ट– बेलवाटीकर, थाना– मेदिनिनगर, प्रखण्ड– मेदिनिनगर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह– | कंडिका–2(ix) |
| 404. | 1. आवेदन क्र0–494/24<br>2. आवेदक–लक्ष्मण चौधरी, पिता–फौजी चौधरी<br>3. ग्राम–बोकचा कला, पोस्ट– चैनपुर, थाना– चैनपुर, प्रखण्ड– चैनपुर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु– वर्ष, पहचान चिन्ह–बायां पैर में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 405. | 1. आवेदन क्र0–495/24<br>2. आवेदक–ललन चौधरी, पिता–स्व0 रामचन्द्र चौधरी<br>3. ग्राम–बेलवाटीकर, पोस्ट– मेदिनीनगर, थाना– मेदिनीनगर, प्रखण्ड– मेदिनीनगर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–51वर्ष, पहचान चिन्ह– गले में मस्सा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 406. | 1. आवेदन क्र0–733/24<br>2. आवेदक–मनोज कुमार, पिता–स्व0 गोविन्द प्रसाद<br>3. ग्राम–बरवाडीह, पोस्ट–बरवाडीह, थाना–बरवाडीह, प्रखण्ड–बरवाडीह<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–59 वर्ष, पहचान चिन्ह– अंगुली में उपर कटा का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 407. | 1. आवेदन क्र0–734/24<br>2. आवेदक–जुगेसर राम, पिता–स्व0 राजकुमार राम<br>3. ग्राम–पोखरी खुर्द, पोस्ट–बेतला, थाना–बरवाडीह, प्रखण्ड–बरवाडीह<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–63 वर्ष, पहचान चिन्ह–पैर में कटे का दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 408. | 1. आवेदन क्र0–735/24<br>2. आवेदक–सुदामा प्रसाद, पिता–कैलाष प्रसाद सोनी<br>3. ग्राम–बरवाडीह, पोस्ट–बरवाडीह, थाना–बरवाडीह, प्रखण्ड–बरवाडीह<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–62 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें पैर घुटना में तिल का दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 409. | 1. आवेदन क्र0–739/24<br>2. आवेदक–राकेश रंजन कुमार, पिता–स्व0 बालकृष्ण मोहन<br>3. ग्राम–बरवाडीह, पोस्ट– बरवाडीह, थाना– बरवाडीह, प्रखण्ड– बरवाडीह<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हांथ के बांह में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 410. | 1. आवेदन क्र0–740/24<br>2. आवेदक–राकेश कुमार ठाकुर, पिता–रामचन्द्र ठाकुर<br>3. ग्राम–कण्डा, पोस्ट–कण्डा, थाना–नावा, प्रखण्ड– नावा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–पेट में ऑपरेशन का दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 411. | 1. आवेदन क्र0–741/24<br>2. आवेदक–राकेश कुमार, पिता–स्व0 मानिकचन्द प्रसाद<br>3. ग्राम–बरवाडीह, पोस्ट– बरवाडीह, थाना– बरवाडीह, प्रखण्ड– बरवाडीह<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–चेहरा में दाग का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 412. | 1. आवेदन क्र0–742/24<br>2. आवेदक–ओमप्रकाश दुबे, पिता–स्व0 शिवकुमार दुबे<br>3. ग्राम–बरवाडीह, पोस्ट– बरवाडीह, थाना– बरवाडीह, प्रखण्ड– बरवाडीह<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें गाल पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 413. | 1. आवेदन क्र0–743/24<br>2. आवेदक–जुगेश्वर राम, पिता–स्व0 राजकुमार राम<br>3. ग्राम–बरवाडीह, पोस्ट– बरवाडीह, थाना– बरवाडीह, प्रखण्ड– बरवाडीह<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–63 वर्ष, पहचान चिन्ह–पैर में कटा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 414. | 1. आवेदन क्र0–744/24<br>2. आवेदक–मनोज कुमार, पिता–स्व0 श्री गोविन्द प्रसाद<br>3. ग्राम–बरवाडीह, पोस्ट– बरवाडीह, थाना– बरवाडीह, प्रखण्ड– बरवाडीह<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–हांथ के उंगली में कटा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 415. | 1. आवेदन क्र0–745/24<br>2. आवेदक–अली हुसैन, पिता–स्व0 तुफानी मियां<br>3. ग्राम–बरवाडीह, पोस्ट– बरवाडीह, थाना– बरवाडीह, प्रखण्ड– बरवाडीह<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–63 वर्ष, पहचान चिन्ह–आंख के उपर कटा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 416. | 1. आवेदन क्र0–498/24<br>2. आवेदक–रामकृष्णा प्रसाद, पिता–रामजीत महतो<br>3. ग्राम–कोसीयारा, पोस्ट–फटुवल कला, थाना–चैनपुर, प्रखण्ड– चैनपुर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–63 वर्ष, पहचान चिन्ह–पैर में कटा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 417. | 1. आवेदन क्र0–499/24<br>2. आवेदक–नारायण संत्यासी, पिता–ज्ञानचन्द्र विश्वकर्मा<br>3. ग्राम–सिगरा खुर्द, पोस्ट–सिगरा, थाना–मेदनीनगर, प्रखण्ड– मेदनीनगर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु– वर्ष, पहचान चिन्ह–हांथ में कटा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 418. | 1. आवेदन क्र0–500/24<br>2. आवेदक–प्रमिला देवी, पति–शकंर चौधरी<br>3. ग्राम–बेलवाटीकर, पोस्ट–डलटनगंज, थाना–मेदनीनगर, प्रखण्ड– मेदनीनगर<br>4. लिंग–महिला, आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हांथ में कटा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 419. | 1. आवेदन क्र0–501/24<br>2. आवेदक–उदय कुमार, पिता–विन्देश्वरी राम<br>3. ग्राम–हन्सा, पोस्ट–चैनपुर, थाना– चैनपुर, प्रखण्ड– चैनपुर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–पैर में कटा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 420. | 1. आवेदन क्र0–502/24<br>2. आवेदक–राम नारायण राम, पिता–स्व0 रामेश्वर राम<br>3. ग्राम–कान्दु मुहल्ला, पोस्ट–डालटनगंज, थाना– मेदिनीनगर, प्रखण्ड– मेदिनीनगर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–61 वर्ष, पहचान चिन्ह–पैर के ठेहुना में कटा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 421. | 1. आवेदन क्र0–746/24<br>2. आवेदक–संजय कुमार, पिता–श्यामसुन्दर राम<br>3. ग्राम–बरवाडीह, पोस्ट– बरवाडीह, थाना– बरवाडीह, प्रखण्ड– बरवाडीह<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हांथ में छापा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 422. | 1. आवेदन क्र0–503/24<br>2. आवेदक–आषा देवी (आश्रित पत्नी), पति–स्व0 अनुप राम (मूल आन्दोलनकारी)<br>3. ग्राम–चियांकी, पोस्ट–मेदिनीनगर, थाना–मेदिनीनगर, प्रखण्ड–मेदिनीनगर सदर<br>4. लिंग–महिला, आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–माथे पर तिल का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 423. | 1. आवेदन क्र0–504/24<br>2. आवेदक–मुबारक हुसैन, पिता–मुज्जफर हुसैन<br>3. ग्राम–चियांकी, पोस्ट–मेदिनीनगर, थाना–मेदिनीनगर, प्रखण्ड–मेदिनीनगर सदर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 424. | 1. आवेदन क्र0–747/24<br>2. आवेदक–धिनी देवी, पति–षिवनरायण सिंह<br>3. ग्राम–परही, पोस्ट–महुआडांड, थाना–महुआडांड, प्रखण्ड–महुआडांड<br>4. लिंग–महिला, आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–छाती में सफेद दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 425. | 1. आवेदन क्र0–748/24<br>2. आवेदक–सुबेदार उराँव, पिता–बुधु उराँव<br>3. ग्राम–धनकारा, पोस्ट–नावागढ़, थाना–लातेहार, प्रखण्ड–लातेहार<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–63 वर्ष, पहचान चिन्ह–छाती में तिल का दाग। | कंडिका–2(ix) |

नोट :–
1. यह सूची पूर्णरूपेण औपबंधिक है।
2. इस सूची में किसी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं।
3. आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा आश्रित संबंधी प्रतिवेदन संलग्न करना आवश्यक है।

(भुवनेश्वर महतो) सदस्य    PR 336702 (Home)24-25*D    (नरसिंह मुर्मू) सदस्य    (दुर्गा उराँव) अध्यक्ष

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



# मुंगेर में 20 मीटर लंबा पुल बहा, 50 हजार की आबादी प्रभावित



**भागलपुर, एजेंसी।** मुंगेर में बरियारपुर प्रखंड के पंचायत हरिणमार एवं झौवा बहियार को गोगरी जमालपुर से जोड़ने वाला पुल पानी के तेज बहाव में बह गया। यह पुल गोगरी से हरिणमार तक बने ग्रामीण सड़क पर बिचली धार के समीप स्थित था। इस सड़क का निर्माण वर्ष 2005 में प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अंतर्गत करीब 4 करोड़ की लागत से ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा किया गया था। लगभग 20 लाख की लागत से उक्त पथ पर बिचली धार में 20 मीटर लंबा पुल का निर्माण किया गया था। पुल के बहने से 50 हजार की आबादी प्रभावित हुई है। दरअसल, हरिणमार और झौवा बहियार पंचायत के लोगों का मुख्य बाजार गोगरी जमालपुर ही है। उधर, मुंगेर में बीते 24 घंटे में गंगा के जलस्तर में 12 सेंटीमीटर की कमी दर्ज की गई।

## पटना में रिश्तेदार से मिलने गई थी महिला, लौटी तो ताला काटा हुआ था, हिरासत में दो आरोपी



# 30 मिनट में 7 लाख के गहनों की चोरी

**पटना, एजेंसी।** पटना के शास्त्रीनगर थाना क्षेत्र में चोरों ने एक फ्लैट में चोरी कर ली। चोरों ने यह चोरी 30 मिनट में हीं कर ली। महिला अपने किसी रिश्तेदार के यहां मिलने गई थी। आधे घंटे में लौटी तो देखा कि घर का ताला कटा हुआ है। घर के आलमारी में रखे गहनों की चोरी हो चुकी है। इसके बाद पुलिस को इसकी सूचना दी गई। पुलिस ने पूछताछ के लिए दो लोगों को उठाया है। दूसरे मामले में वैष्णो देवी के दर्शन करने गए एक परिवार के घर में घुसकर चोरों ने 5 लाख के गहने और 45 हजार रुपए की चोरी कर ली, जिसके बाद मामला दर्ज कराया गया है। शास्त्रीनगर थानाक्षेत्र के खाजपुरा में रहने वाली रेनू देवी ने बताया कि सोमवार की देर शाम वह अपने घर में ताला लगाकर अपने रिश्तेदार से मिलने बोरिंग रोड गई थी। आधे घंटे बाद घर लौटी तो देखा कि ताला काटकर बगल में फेंका हुआ है। घर के अंदर रखे गोदरेज का लॉक टूटा हुआ है। चोरों ने गोदरेज में रखे मंगलसूत्र, चेन, कान का झुमका, चांदी का पायल की चोरी कर ली। इन गहनों की अनुमानित कीमत लगभग 7 लाख रुपए थी।

**पांच लाख के गहने और नगद की चोरी :** वहीं दूसरे मामले में दीघा के मखदुमपुर में घर से पांच लाख के गहने और 45 हजार रुपया नगद की चोरी हुई है। मखदुमपुर में रहने वाले श्रवण कुमार ठाकुर ने शास्त्रीनगर थाना में मामला दर्ज कराया है। श्रवण ने बताया कि वह अपने पूरे परिवार के साथ वैष्णो देवी के दर्शन के लिए गये हुए थे। सोमवार की शाम जब वहां से लौटे तो देखा की घर के मुख्य दरवाजा का ताला टूटा हुआ है। घर में

### दो लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है पुलिस

शास्त्री नगर के थानाध्यक्ष ने बताया कि खाजपुरा की रहने वाली रेनू देवी के घर में चोरी की घटना हुई है। पुलिस ने वहां पूछताछ की साथ ही रेनू देवी ने दो लोगों पर चोरी करने का शक जताया है। पुलिस ने उनमें से एक को और एक दूसरे युवक को शक के आधार पर पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। दूसरे मामले में मखदुमपुर के रहने वाले श्रवण कुमार के घर चोरी की घटना हुई है। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है।

अंदर गया तो देखा की सभी कमरों का ताला टूटा हुआ है।

## संक्षिप्त समाचार

### एसएसबी कार्यालय में तैनात पुलिसकर्मी के आवास में चोरी

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** अहियापुर के संगम बिहार कॉलोनी में किराए के मकान में रह रहे एसएसबी कार्यालय में कार्यरत कर्मी विजय कुमार के घर का ताला तोड़कर एक लाख रुपये नकद और कीमती सामान की चोरी कर ली गई है। उन्होंने अहियापुर थाने में इसकी एफआईआर दर्ज कराई है। पुलिस को बताया है कि जरूरी कार्य से बाहर गया था। लौटकर आया तो घर का ताला तोड़कर चोरी कर ली गई थी। विजय मूल रूप से सीतामढ़ी के महिंदवारा थाना के पुनखारा गांव के निवासी हैं।

### विधायक ने अधिकारियों के साथ लिया जायजा

**भागलपुर, एजेंसी।** पीरपैंती के विधायक ई. ललन कुमार सोमवार को बाढ़ प्रभावित क्षेत्र पहुंचे तथा कभी पानी में पैदल, कभी ट्रैक्टर तो कभी नौका पर प्रभावित क्षेत्र रानी दियारा, टपुआ, मोहनपुर, एकचारी, खवासपुर, लछमिनिया आदि गांवों में पहुंचे तथा लोगों से मिलकर उनकी दिक्कतों को सुना तथा जाना। उन्होंने साथ चल रहे एसडीओ अशोक कुमार, डीसीएलआर मो. सरफराज नवाज आदि को सभी समस्या का समाधान तत्काल करने को कहा।

### 28 बेटिकट रेल यात्री पकड़े गये

**मोतिहारी, एजेंसी।** पूर्व मध्य हाजीपुर से आये डिप्टी सीसीएस डीके भारती के नेतृत्व में सोनवर को रक्सौल स्टेशन पर सघन टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के तहत बेटिकट यात्री धरे गये। अभियान के पूर्व उन्होंने सम्बंधित विभाग के कर्मियों को रेल राजस्व बढ़ाने को लेकर विभिन्न विन्दुओं पर निर्देशित करते साफ तौर पर चेतावनी दी कि रेल राजस्व वसूली में कोताही बरतने वाले टीटी पर विभागीय कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। इस दौरान अभियान के तहत अठाईस बेटिकट व पच्चीस बिना बुक सामान का मामला पकड़ा गया व लगभग 18 हजार रेल राजस्व की वसूली की गयी। अभियान जारी है। टिकट अभियान आरम्भ होते प्लेटफॉर्म पर बिना टिकट यात्रियों में अफरातफरी मच गयी। परन्तु रक्सौल वेस के टिकट चेकिंगकर्मियों, रेल पुलिस व आरपीएफ जवानों की तत्परता व घेराबंदी से एक एक बिना टिकट यात्रिओं को ट्रेन पर चढ़ने के पूर्व घेर लिया गया व फ़ाइन काटा गया।श्री भारती ने कहा कि यह अभियान पर्व आने के पहले से लगातार जारी रहेगा। ताकि कोई भी यात्री बिना टिकट यात्रा नहीं कर सके। इसको लेकर उन्होंने यात्रिओं को जागरूक भी किया।

### रक्सौल में गर्मी से 8 छात्राएं हुई बेहोश

**मोतिहारी/रक्सौल , एजेंसी।** सीमावर्ती क्षेत्र में भीषण गर्मी से लोग परेशान हैं। स्कूल जाने वाले बच्चे गर्मी से बीमार हो रहे हैं।सोमवार को परसा जिला के स्कूलो में 9 छात्रा बेहोश हो गई।प्रतिकूल मौसम के बीच लगातार हो रही इस तरह की घटना को देखते हुए वीरगंज महानगर पालिका के मेयर राजेश मान सिंह ने मंगलवार और बुधवार को यानी दो दिनों के लिए स्कूल बन्द करने का एलान किया है । परसा जिला के पोखरिया स्थित जिला उच्चांगल माध्यमिक विद्यालय के 8 छात्राएं एक एक कर अचानक बेहोश हो गई।जिससे खलबली मच गई।उन्हे स्कूल प्रबंधन द्वारा पोखरिया स्थित प्रादेशिक अस्पताल में भर्ती कराया गया।स्कूल के हेड मास्टर ओम प्रकाश रौनियार ने बताया कि इलाज के बाद लडकियां ठीक हैं।

### पशु तस्करी का विरोध करने पर पीटा, केस दर्ज

**मोतिहारी/कोटवा, एजेंसी।** थाना क्षेत्र के बाजार टोला में पशु तस्करी का विरोध करने पर तस्करों ने एक व्यक्ति को बुरी तरह पिटाई कर घायल कर दिया। साथ ही नकदी छीन लिया। मामले में थाने में एफआईआर दर्ज करायी गयी है।पीड़ित कोटवा के सुबास खलीफा ने आरोप लगाया कि मुकेश खलीफा, चुनू खलीफा, राकेश खलीफा, हरी खलीफा पशु तस्करी करता है। वहीं उसका बच्चा यत्र यत्र छोड़ देता है।जिससे वह भूख प्यास से मर जाता है।जिसका उसके द्वारा विरोध किया गया तो उसके घर पर चढ़कर मारपीट की गई एवं उसके पॉकेट से नकदी भी निकाल ली गई।घटना को लेकर पंचायती भी हुई जिसमे भी मारपीट की गई एवं उसके एवं उसके पुत्र को गोली मार देने की धमकी दी गई।

# अस्पताल में बेहोश शख्स को सीएस ने बिना जांच के कहा-मर गया, पोस्टमॉर्टम कराओ



**नालंदा, एजेंसी।** बिहार शरीफ सदर अस्पताल में सोमवार को एक शख्स बाथरुम में बेहोश की हालत में गिरा हुआ मिला। सिविल सर्जन जितेंद्र कुमार सिंह ने उसे दूर से देखा और बोले कि मर गया है, पोस्टमॉर्टम कराओ। सदर अस्पताल में मौत की सूचना मिलते ही पुलिस भी पहुंच गई और एफएसएल की टीम का इंतजार हो रहा था।

पोस्टमार्टम हाउस ले जाने के लिए एक कर्मी स्ट्रैचर लेकर आ गया। अभी स्ट्रेचर पर रखने की तैयारी चल ही रही थी कि उसे होश आ गया और वो खड़ा हो गया। उसके होश में आते ही वहां मौजूद लोग हैरान रह गए। वहीं इस घटना ने स्वास्थ्य विभाग की बड़ी लापरवाही को सामने आ दिया है।

सिविल सर्जन जितेंद्र कुमार सिंह ने बिना मरीज की नब्ज देखे, हड़बड़ी में बेहोश अधेड़ को मृत बताकर पोस्टमार्टम हाउस ले जाने का आदेश दे दिया। यहां तक की मौत की सूचना पाकर पुलिस भी आ गई। पुलिस पदाधिकारी एफएसएल टीम के आने का इंतजार कर रहे थे।

### बाथरुम में बेहोश हो गया था

सदर अस्पताल के पहले तल्ले के शौचालय का दरवाजा अंदर से बंद था। सफाई कर्मी जब गए तो दरवाजा बंद होने का पता चला। कर्मी लौट गए। कुछ देर बाद सफाई कर्मी फिर गया। शौचालय का दरवाजा फिर भी बंद ही था। तब संदेह होने पर सफाई कर्मी ने रेलिंग पर चढ़कर अंदर झांका। अंदर एक अधेड़ बेहोश जमीन में गिरा पड़ा था।

सफाई कर्मी ने शौचालय में शव होने का शोर मचा दिया। सीएस समेत अन्य कर्मी मौके पर आ गए। बिना जांच के उसे मृत बता दिया गया। शव मिलने की सूचना देकर पुलिस को भी बुला लिया गया। पुलिस की मौजूदगी में दरवाजा तोड़ा गया। फर्श पर अधेड़ गिरा था। किसी ने भी उसकी नब्ज नहीं टटोली। बिना जांच के सीएस समेत अन्य ने उसे आनन-फानन में मृत घोषित कर दिया। शव को पोस्टमॉर्टम हाउस ले जाने का आदेश दे दिया। एफएसएल टीम को भी खबर दे दी गई।

### शव मिलने की सूचना पर अस्पताल पहुंची थी पुलिस

नगर थाना के जमादार ब्यास प्रसाद ने बताया कि शव मिलने की सूचना पाकर वह अस्पताल पहुंचे थे। यहां एफएसएल टीम के आने का इंतजार कर रहे थे। कथित शव को पोस्टमॉर्टम के लिए ले जाने के क्रम में अधेड़ होश में आ गया। तब पता चला कि अधेड़ बेहोश था। नशे की हालत में वह गिर गया था। अस्पताल प्रबंधक कुणाल कुमार ने बताया कि सफाई कर्मी से उन्हें शव मिलने की सूचना मिली। पोस्टमॉर्टम के लिए ले जाने के दौरान अधेड़ को होश आ गया। तब उसका इमरजेंसी में इलाज किया गया। होश आने के बाद उठ खड़ा हुआ।

### दवा लेने अस्पताल आया था

अधेड़ अस्थावांथाना इलाके के जिराइनपर गांव निवासी राकेश कुमार है। वो दवा लेने अस्पताल आया था। वहीं, पुलिस की मानें तो अधेड़ नशे में था। इस कारण बाथरूम में अचेत होकर गिर गया। नशेड़ी को पुलिस अपने साथ ले गई। मामले में नगर थानाध्यक्ष सम्राट दीपक ने बताया कि बाथरूम के अंदर उसे चक्कर आ गया था। वह फर्श पर ही लेट गया। पूछताछ में उसने बताया कि वह भगवान से मिलने जा रहा था। पूछताछ के बाद उसे छोड़ दिया गया है।

# खाद्य पदार्थ की 27 दुकानों में छापेमारी, 29 नमूने लिए

**गया, एजेंसी।** पितृपक्ष में पिंडदानियों को बेहतर खाने-पीने का सामान मिले इसके लिए जिला प्रशासन की ओर से लगातार कार्रवाई की जा रही है। डीएम के निर्देश पर खाद्य संरक्षा विभाग की टीम मेला क्षेत्र से लेकर पूरे शहर में खाद्य पदार्थों की प्रतिष्ठानों में छापेमारी कर रही है। सोमवार को टीम ने मानपुर से लेकर मां मंगलागौरी इलाके की दुकानों की जांच की। 27 दुकानों में छापेमारी कर 29 नमूने लिए। सभी सेम्पल को जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा जाएगा। जांच रिपोर्ट आने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। खाद्य संरक्षा पदाधिकारी मुकेश कश्यप ने बताया कि शहर के टेकारी रोड स्थित दिलीप मिष्ठान भंडार से नारियल के लड्डू, बबलू मिष्ठान भंडार से लड्डू, अर्जुन मिठाई दुकान से बेदाम लड्डू, जैन टी सेंटर से चायपत्ती, आनंद स्वीट्स से बेसन लड्डू, गांधी मैदान टेंट सिटी में दीदी की रसोई से चावल, निःशुल्क भोजनालय से आटा व मिर्च पाउडर, गांधी मैदान कोचर पेट्रोल पंप स्थित लेवल 4 रूफ टॉप रेस्टोरेंट से मसूर दाल, होटल घराना से अरहर दाल, अन्नपूर्णा रेस्टोरेंट से चाट मसाला का सेम्पल लिया गया।

इसी तरह दक्षिणी चर्च रोड के राजस्थान भोजनालय, जीबी रोड के शिव होटल, मुरारपुर के बाबा होटल, श्री प्रयाग मिष्ठान भंडार एंड स्नैक्स, सीताराम जी होटल, प्रयाग तिलकुट भंडार, मां मंगलागौरी रोड के अशोक कुमार, नरेश किराना एंड जेनरल स्टोर, श्री गंगा मिष्ठान भंडार, नारायण भोजनालय, ओम साईं भोजनालय, मुफस्सिल मोड़, मानपुर में महादेव स्वीट्स व खुशी स्वीट्स नामक प्रतिष्ठान में निरीक्षण के बाद अगल-अलग तरह के सेम्पल लिए गए। श्री कश्यप ने बताया सभी खाद्य प्रतिष्ठानों को बेहतर सफाई के साथ खाद्य पदार्थो को हमेशा ढंक कर रखने का निर्देश दिया गया। पैक खाद्य/पेय पदार्थों के पैकेट पर पैकिंग डेट अवश्य देखन, सड़क किनारे प्रतिष्ठानों को हमेशा खादद्य पदार्थ को ढंक कर व साफ-सफाई रखने को कहा गया। बताया कि सोमवार की कार्रवाई लिए गए सभी 29 नमूनों को जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा जाएगा। जांच रिपोर्ट आने के बाद खादय संरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 नियमावली 2011 के तहत कार्रवाई की जाएगी।



# जमीन सर्वेक्षण में अब तक 38 लाख रैयतों ने दिया जमीन का हिसाब-किताब

**पटना, एजेंसी।** बिहार में जमीन सर्वे का काम शुरू हुए करीब एक महीना बीत चुका है। लोगों की समस्याओं को देखते हुए जमीन के दस्तावेज को ऑनलाइन अपलोड करने की समयसीमा बढ़ाकर तीन महीना कर दी गई है। ऐसे में अब ऑनलाइन जमा किए गए जमीन से जुड़े दस्तावेजों की जांच का काम अगले वर्ष जनवरी से शुरू होने की संभावना है। नवंबर अंत या दिसंबर तक सभी रैयतों को अपने-अपने जमीन से संबंधित दस्तावेजों को ऑनलाइन अपलोड करने की मोहलत मिली है। सभी दस्तावेजों को अपलोड होने के बाद ही इनके जांच की प्रक्रिया शुरू होगी। राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल ने इसे लेकर हाल में घोषणा की है कि सभी रैयतों को आराम से जमीन के दस्तावेज अपलोड करने की मोहलत दी जाएगी। 10 से 15 फीसदी ही लोग ऐसे हैं, जिनके पास दस्तावेज नहीं हैं या इन्हें एकत्र करने में समस्या हो रही है। ऐसे लोगों का भी ध्यान रखते हुए स्वघोषणा पत्र भरने की मोहलत बढ़ाई गई है। जमीन का सर्वे एक महीना पूरा हुआ है। अब तक 38 लाख स्वघोषणा-पत्र के माध्यम से रैयतों ने जमीन का ब्योरा सरकार के सुपुर्द कर दिया है। इसमें 13 लाख स्वघोषणा-पत्र ऑनलाइन अपलोड किए गए हैं। शेष 25 लाख पत्रों को रैयतों ने अपने-अपने अंचलों में लगे शिविर में जाकर हाथों-हाथ जमा किया है। सबसे ज्यादा ऑनलाइन दस्तावेज जमा करने में रोहतास जिला है, जहां 2 लाख 75 हजार फॉर्म ऑनलाइन ही जमा हुए हैं। इसके बाद गया में दो लाख, दरभंगा में करीब दो लाख, समस्तीपुर में 1 लाख फॉर्म ऑनलाइन जमा हुए हैं। शिविरों में जमा कराए गए दस्तावेजों में करीब 20 लाख को स्कैन करके ऑनलाइन जमा कर दिया गया है। प्राप्त सूचना के अनुसार, राज्य में रैयतों की संख्या डेढ़ से दो करोड़ के बीच है।

# वैशाली सांसद वीणा देवी के बेटे राहुल उर्फ छोटू सिंह की सड़क हादसे में मौत




**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** सड़क हादसे में वैशाली सांसद वीणा देवी के बेटे राहुल उर्फ छोटू सिंह की मौत हो गई। छोटू की बुलेट को एक पिकअप वैन ने सामने से टक्कर मार दी। घटना रेवा रोड में जैतपुर ओपी क्षेत्र के पोखरैरा गांव के पास सोमवार की देर शाम हुई। आज छोटू सिंह का रेवा घाट पर अंतिम संस्कार किया जाएगा।

हादसे के समय छोटू ने हेलमेट नहीं पहना था। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि एक जोरदार आवाज के बाद छोटू बीच सड़क पर गिर कर छटपटा रहे थे। थोड़ी दूर पर बुलेट पड़ी हुई थी। पुलिस ने बताया कि चालक गाड़ी लेकर मौके से फरार हो गया। राहुल को सरैया पीएचसी ले जाया गया। वहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही सीएचसी में बड़ी संख्या में सांसद व एमएलसी के समर्थक पहुंचने लगे। सरैया थानाध्यक्ष जयप्रकाश सिंह, एसडीपीओ सरैया कुमार चंदन भी पहुंचे और चिकित्सकों से जानकारी ली।

उसके बाद पूर्व जिला पार्षद नीरा देवी व विधायक अशोक कुमार सिंह भी पहुंचे। उसके बाद शव को एंबुलेंस में लेकर विधायक व एसडीपीओ शहर के लिए निकल गए। सरैया एसडीपीओ कुमार चंदन ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मामले की जांच-पड़ताल की जा रही है। सूचना मिलने पर पारू के दाउदपुर और सदर थाने के बीबीगंज स्थित सांसद वीणा सिंह व एमएलसी दिनेश सिंह के आवास पर शुभचिंतकों की भीड़ जुट गई। रात में ही पोस्टमार्टम के बाद शव अल्कापुरी स्थित आवास पर लाया गया। सरैया सीएचसी पहुंचने के बाद सांसद वीणा देवी ने बेटे के मोबाइल पर वीडियो कॉल किया। डॉक्टर ने वीडियो कॉल उठाया तो दूसरी ओर सांसद वीणा देवी थीं। डॉक्टर ने वीणा देवी से पूछा कि यह कौन हैं। इनकी तो मौत हो चुकी है। इतना सुनते ही सांसद वीणा देवी छोटू-छोटू कहकर जोर-जोर से रोने लगीं। इसके बाद पता चला कि मृतक राहुल राज सांसद वीणा देवी और एमएलसी दिनेश प्रसाद सिंह के बेटे थे।

## दो वर्ष से फरार युवती टनकुप्पा थाने में किया आत्मसमर्पण

**गया, एजेंसी।** गजाधरपुर पंचायत के मिसिरचक गांव की एक युवती दो वर्ष पहले गायब हो गई थी। युवती सोमवार को टनकुप्पा थाने में पुलिस दविश के कारण आत्मसमर्पण कर दिया। युवती कोच थाना क्षेत्र के एक गांव की है। जानकारी के अनुसार, दो वर्ष पहले युवती मौसा राजकिशोर दास के घर टनकुप्पा थाना क्षेत्र के मिसिरचक गांव से गायब हो गई थी। घटना को लेकर युवती की मां हिरावणी देवी ने कोच थाने के दो युवकों को नामजद करते हुए केस दर्ज कराया था। टनकुप्पा थाने में अपहरण का मामला दर्ज किया था। टनकुप्पा थाने के एसआई सह आईओ रामेश्वर पांडेय ने बताया कि पुलिस दबिश के कारण युवती ने टनकुप्पा थाने में सोमवार को आत्मसमर्पण कर दिया। युवती ने कोर्ट में 164 के तहत दिए बयान में कहा है कि वह स्वेच्छा से पढ़ाई करने पटना चली गई थी। आईओ ने कहा कि युवती की मेडिकल जांच व कोर्ट के बयान के बाद युवती को सकुशल मां हिरावणी देवी को सौंप दिया गया है।

## गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने शुरू की छापेमारी

# शशिकांत हत्याकांड में 5 लोगों पर केस दर्ज: 16 कट्ठा जमीन हड़पने का आरोप

**आरा(भोजपुर), एजेंसी।** भोजपुर जिले के टाउन थाना क्षेत्र के इब्राहिमनगर,संजय गांधी कॉलेज के पीछे हुए शशिकांत महतो हत्याकांड में प्राथमिकी करा दी गई है। मृतक की पत्नी खुशबू कुमारी के बयान पर हुई प्राथमिकी में इब्राहिमनगर निवासी पट्टीदार राम भवन महतो समेत उनके करीबी गुर्गों छतीस महतो, लाल बुदन, हिमांशु और रोहित कुमार महतो समेत पांच को नामजद और अन्य अज्ञात को आरोपी बनाया गया है। जमीन हड़पने की नीयत से षड्यंत्र के तहत हत्या किए जाने का आरोप लगाया गया है। गिरफ्तारी के लिए सदर एएसपी परिचय कुमार के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया है। टीम लगातार संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर गिरफ्तारी के प्रयास में लगी है। मृतक 27 वर्षीय शशिकांत महतो इब्राहिमनगर, धरहरा निवासी छबीला महतो के पुत्र थे, जो कृषि कार्य करते थे।



### मोबाइल लोकेशन पर शव बरामद हुआ

घटनास्थल से एक खोखा जब्त किया गया है। मृतक की पत्नी के अनुसार उनके पति शशिकांत महतो रविवार को 11.40 बजे दिन में घर से दवा लाने के लिए बाइक से बाजार निकले थे। काफी देर होने के बाद वे घर नहीं लौटे तो पत्नी ने पति के मोबाइल पर कॉल किया था। लेकिन, फोन नहीं उठाने पर शंका बढ़ गई। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई थी। लोकेशन की जांच की गई तो संजय गांधी कॉलेज के उत्तर दिशा में लोकेशन मिला था। जब खोजबीन की गई तो वहां से शशिकांत महतो का शव बरामद किया गया था।

### शव के पास से ही खोखा, दवा का पुर्जा व ब्लूटूथ मिला था

शव के पास से ही खोखा, दवा का पुर्जा व ब्लूटूथ मिला था। सूचना मिलते ही इंस्पेक्टर देवराज राय के अलावा एसपी राज खुद घटनास्थल पर पहुंच गए थे। इधर, मृतक की पत्नी का आरोप है कि मुख्य आरोपित पट्टीदार राम भवन महतो उनकी जमीन हड़पना चाहता था। जिसका विरोध पति किया करते थे। 6 माह पूर्व विवाद में फायरिंग की गई थी। जिसमें पति बच गए थे। इसके बाद वारदात को अंजाम दिया गया। पत्नी का आरोप है कि आरोपित छतीश महतो शराब के गलत कार्यों में संलिप्त है। उसने 21 सितंबर को पति को फोन किया था। लेकिन, पति ने उससे दूरी बना ली थी। क्योंकि वह पति को शराब के धंधे में शामिल करना चाहता था।

## बाढ़ के पानी में डूबने से 15 वर्षीय किशोर की मौत

**भागलपुर, एजेंसी।** थाना क्षेत्र के गंगटी-कटहरा रोड में बाढ़ के पानी से मवेशी निकालने के दौरान शाहाबाद निवासी किशन कुमार (15) बाढ़ की तेज बहाव में बह गया। जो भंवरा में फंस गया। बाढ़ की पानी से बाहर निकाले जाने पर परिजन उसे रेफरल अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। इधर मौके पर तैनात सुल्तानगंज पुलिस शव को कब्जे में लेकर थाना ले आई। जहां पोस्टमार्टम में भेजने की तैयारी की जा रही थी। थानाध्यक्ष सह डीएसपी प्रिय रंजन ने बताया कि मृतक के पिता जय राम मंडल के आवेदन पर यूडी कांड दर्जकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। मृतक के दादा गणेश मंडल ने बताया कि मृतक तीन भाईयों में सबसे छोटा था। सीओ रवि कुमार ने बताया कि मृतक के परिजनों को नियमानुसार आपदा से मिलने वाली राशि दी जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### टंडवा में भूमि सत्यापन मामले में बीस सूत्री अध्यक्ष को नोटिस,

**रांची, एजेंसी।** भूमि घोटाले से जुड़े मामले में झारखंड में ईडी और एसीबी लगातार कार्रवाई कर रही है. इसके बावजूद चतरा जिले के टंडवा में काजगात का फर्जीवाड़ा कर भूमि घोटाला रुकने का नाम नहीं ले रहा है. ताजा मामला चतरा जिला के टंडवा कोयलांचल के सरकारी गैरमजरूआ व आदिवासी भूमि को जालसाजी और फर्जीवाड़ा कर सत्यापन किये जाने के मामले पर पीड़िता ने बड़ा खुलासा किया है. चतरा जिला प्रशासन ने टंडवा के बीस सूत्री अध्यक्ष सुखदेव यादव उर्फ सुभाष यादव सहित उनके पूरे परिवार को नोटिस भेजकर जवाब मांगा है. नोटिस में कहा गया है कि टंडवा अंचल के मौजा के राहम चातर में खाता नंबर 389 प्लॉट संख्या 2599 जिसका कुल रकबा 4.40 एकड़, भूमि पर कायम अवैध जमाबंदी रद्द करने के लिए गांव के ही सीटन यादव व उगन यादव ने अपील दायर की है. पीड़िता ने बताया है कि नोटिस मिलने के बाद भी सुभाष यादव अपने पद का दुरुपयोग कर नोटिस का जवाब नहीं दे रहे हैं. चतरा जिले में मगध आम्रपाली प्रोजेक्ट में सरकारी और गैरमजरूआ भूमि का फर्जीवाड़ा करके फर्जी हुकुमनामा तैयार कर नौकरी लेने के मामले में भी एसबी की जांच जारी है. एसीबी मगध आम्रपाली प्रोजेक्ट में फर्जीवाड़ा करने वालों को भी नोटिस भेज चुका है.

### प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष का राशि में वृद्धि करने का वादा

**रांची, एजेंसी।** महिलाओं और युवतियों का सशक्तीकरण कांग्रेस का सबसे पहला संकल्प है। स्वतंत्रता के बाद से ही कांग्रेस ने अपनी इस प्रतिज्ञा को जमीन पर उतारा है। महिलाओं को स्थानीय निकायों में पर्याप्त आरक्षण देने के साथ ही सरकारी नौकरियों में आरक्षण भी कांग्रेस की ही देन है। ये बातें एआईसीसी के अनुसूचित जाति-जनजाति, ओबीसी और अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के संयोजक के. राजू ने कहीं। वे रविवार को जतरा मैदान, बजरा में आयोजित मंईयां सम्मेलन को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के लिए जारी अपने घोषणा पत्र में नारी न्याय के तहत महिलाओं को स्वावलंबी और सशक्त बनाने की पहल की थी, उन्हें हर महीने साढ़े 8 हजार रुपए देने का वादा किया था। हेमंत सरकार ने उसी रास्ते पर आगे बढ़कर महिलाओं को सम्मान दिया है। आनेवाले समय में इस राशि में वृद्धि होगी, जिसकी घोषणा कांग्रेस अपने मेनिफेस्टो में करेगी। सम्मेलन का संचालन कांग्रेस के प्रदेश महासचिव अजयनाथ शाहदेव ने किया। मौके पर महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष गुंजन सिंह, विधायक शिल्पी नेहा तिर्की, यशस्विनी सहाय, भीम कुमार, कृषि बोर्ड के अध्यक्ष रवींद्र सिंह आदि ने संबोधित किया। सम्मेलन में रांची, गुमला, खूंटी, लातेहार, लोहरदगा, सिमडेगा व कोडरमा जिलों की हजारों महिलाएं शामिल हुईं।

### मरीजों के परिजनों की सहायता कर रहे एनएसएस स्वयंसेवक

**रांची, एजेंसी।** राज्य के सरकारी अस्पतालों में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस), इकाई के स्वयंसेवक अनुभवात्मक शिक्षण कार्यकम से जुड़कर मरीजों और उनके परिजनों की सहायता कर रहे हैं। भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय की एनएसएस इकाई की ओर से देशभर के सरकारी अस्पतालों में एक्सपेरिएंशियल लर्निंग प्रोग्राम (ईएलपी) के तहत एनएसएस स्वयंसेवक अस्पताल व्यवस्था पर काम रहे हैं। रांची रिम्स और सदर अस्पताल में रांची विवि के एनएसएस स्वयंसेवक ओपीडी में आनेवाले मरीजों की सहायता में जुटे हुए हैं। वहीं, राज्यभर के सरकारी अस्पतालों में 163 स्वयंसेवक ईएलपी से जुड़कर सेवा कार्य कर रहे हैं। रांची विवि के एनएसएस स्वयंसेवक माई भारत पोर्टल पर निबंधित होने के बाद रिम्स और सदर अस्पताल के अलावा अन्य जिलों के सरकारी अस्पतालों में ईएलपी के तहत अपनी सेवाएं दे रहे हैं। स्वयंसेवकों का मुख्य काम ओपीडी में आए मरीजों के परिजनों को सहयोग, जैसे- ड्रिफकेस ऐप को डाउनलोड कराते हैं। ऐप में आए लिंक से स्कैन एंड शेयर करने के बाद मरीजों के परिजनों को एक टोकन मिल रहा है, उस टोकन के आधार पर पर्ची कट रही है। आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत देशभर में यह काम चल रहा है। इस मिशन के रिम्स के नोडल आफिसर डॉ राकेश रंजन हैं और सदर अस्पताल के नोडल ऑफिसर डॉ अखिलेश झा हैं।रिम्स में ओपीडी का समय सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक है, इस दौरान 2000 से अधिक मरीज और परिजन आते हैं। भीड़ प्रबंधन का काम स्वयंसेवक कर रहे हैं।

# खूंटी में गरजे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, कहा-झारखंड में लड़ाई व्यापारियों और गरीब आदिवासी के बीच

**रांची, एजेंसी।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन खूंटी जिले के तोरपा प्रखंड अंतर्गत एनएचपीसी मैदान में सोमवार को आयोजित आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम में शामिल हुए. सीएम ने खूंटी एवं सिमडेगा जिलों को लगभग 734 करोड़ 55 लाख रुपए की योजनाओं की सौगात दी. विभिन्न विकास योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास एवं लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का किया वितरण. इस मौके पर उन्होंने भाजपा पर जम कर प्रहार किया और बड़ी घोषणाएं की.

**बकाया मिला तो मंईयां सम्मान योजना की राशि एक हजार से बढ़ा कर दो हजार कर देंगे :** उन्होंने कहा कि जिस दिन केंद्र से हमारा बकाया एक लाख 36 हजार करोड़ रूपए मिल गए, उसी दिन से मंईयां सम्मान योजना की राशि एक हजार से बढ़ा कर दो हजार रुपए कर देंगे. मैंने फिर केंद्र सरकार को पत्र लिखा है. हो सकता है कि यह पैसा लेने के लिए हमें लंबी लड़ाई भी लड़नी पड़ी. भाजपा वाले लोग बोलते हैं कि हम मंईयां सम्मान योजना वोट लेने के लिए लाए हैं. बेईमानों तुमने कभी गरीबों को कुछ दिया नहीं, और आज हम दे रहे हैं तो तकलीफ हो रही है. आज भी हमारे गांव के लोग छोटी-छोटी जरूरत के लिए कर्जा लेते हैं. लेकिन हम आपको यकीन दिलाते हैं कि आने वाले पांच साल में हम आपको इतना मजूबत कर देंगे कि आपको किसी के आगे हाथ फैलाने की जरूरत नहीं होगी. इसके अलावे पूर्व में घोषित अगली सरकार बनने पर सालाना एक लाख का वादा भी पूरा करेंगे.

**आदिवासी सीएम को हटाने के लिए एक दर्जन सीएम लगे हुए हैं :** उन्होंने भाजपा पर हमला करते हुए कहा कि आदिवासी सीएम को हटाने के लिए एक दर्जन सीएम लगे हुए हैं. मुझे जेल में डाल दिया था ये लोग पांच महीने के लिए. मगर आप जैसी मां बहनों का आशीर्वाद जिसके ऊपर रहे, उसका कोई बाल भी बांका नहीं कर सकता. पूरे राज्य में बड़ा-बड़ा नेता आ रहा. हिंदू-मस्लिम, दलित -पिछड़ा, आदिवासी-सरना की लड़ाई लगवाने में ये लोग माहिर हो गया है. लेकिन हमारी एकता ही हमारी ताकत है. हमलोग बिरसा मुंडा के पद चिन्हों पर चलने वाले हैं. हम न कभी किसी से डरे हैं न किसी के सामने झुके हैं, न झुकेंगे. आप लोग हौंसला बुलंद रखिए. आपलोग मजबूती से खड़े रहिए. एक मुख्यमंत्री को हटाने के लिए एक दर्जन से अधिक मुख्यमंत्री, प्रधानमंत्री, गृहमंत्री तक लगे हुए हैं. देखते हैं इन पूंजीपतियों के पास ज्यादा ताकत है या गरीब आदिवासी मुख्यमंत्री के पास.



**विपक्ष के लोग हमारे कामों से जलने लगे हैं :** उन्होंने कहा कि विपक्ष के लोग हमारे कामों से जलने लगे हैं. तरह-तरह के झूठे आरोप लगा कर हमारे साथ चोर-पुलिस खेलने लगे. कोर्ट कचहरी करते रहे. हम आपको हक अधिकार देने का काम करते थे और ये लोग वो अधिकार कैसे आप तक नहीं पहुंचे, इसके लिए काम करते थे. ये लोग तरह-तरह का पचड़ा लगा कर काम नहीं होने देना चाहते थे. हम नौकरी देते हैं, तो कोर्ट कचहरी चले जाते हैं. मंईयां योजना चला रहे हैं, तो इसके लिए भी कोर्ट चला गया है.

**उलिहातू जाते हैं, आदिवासी दिवस पर पीएम शुभकामना नहीं देते :** हेमंत ने सीधे पीएम नरेंद्र मोदी पर हमला करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री उलीहातू जाते हैं. भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थी जाते हैं. फर्जी मिट्टी का टीका लगाते हैं. योजना की शुरुआत करते हैं. लेकिन आदिवासी दिवस पर प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति शुभकामनाएं नहीं देते हैं. सरना धर्म कोड को लेकर कितनी जद्दोजहद कर रहे हैं, लेकिन ये लोग दे नहीं रहे हैं.

**धन बल के दम पर सब खरीदना चाहते हैं :** ये लोग अभी बोलते हैं कि संथाल परगना, बिहार, बंगाल का अलग राज्य बना दो. और ये व्यापारी लोग यहां आकर इस राज्य को फिर बांटने का प्रयास कर रहे हैं. अपने धन बल के दम पर इनको लगता है कि ये सब कर लेंगे. सामान साग सब्जी तो खरीद ही लेते हैं आदमी भी खरीद लेंगे, ऐसा सोचते हैं. यही वजह है कि आप सुनते होंगे कि कभी इस नेता को खरीद लिया, कभी उस एमपी को खरीद लिया.

# आदिवासियों से छल करनेवालों को दिलाकर रहेंगे सजा, हेमंत सोरेन पर जमकर बरसे जेपी नड्डा

**रांची, एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा है कि कांग्रेस पार्टी देश में भ्रष्टाचार के साथ राष्ट्रविरोधी तत्वों को पनाह देती है। राज्य में कांग्रेस के साथ सरकार चला रही झामुमो भी इससे सीखती है।



खूंटी में भारतीय जनता पार्टी की परिवर्तन रैली को प्रारंभ करने के बाद एक जनसभा को संबोधित करते हुए जेपी नड्डा ने ये बातें कहीं।

उन्होंने कहा कि झारखंड अलग राज्य का निर्माण करने वाली भाजपा ही आदिवासी भाई बहनों का सम्मान करने वाली और उनकी अस्मिता की रक्षा करने वाली पार्टी है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी देश के पहले नेता हैं, जो भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली पर उनके गांव पहुंचे थे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भाजपा के लिए झारखंड हमेशा प्राथमिकता में रहा है। लाखों करोड़ की योजनाओं को झारखंड से प्रारंभ किया गया है।

परिवर्तन रैली में जेपी नड्डा ने कहा कि झामुमो और इसके नेता हेमंत सोरेन सिर्फ अपने परिवार की भलाई में लगे रहते हैं। राज्य के करोडों आदिवासियों के लिए इनके मन में कोई सम्मान नहीं है।

सत्ता में बने रहने के लिए ये लोग आदिवासी भावना से खिलवाड़ करते हैं, जबकि बांग्लादेशी घुसपैठिए राज्य में आदिवासी समुदाय की जमीन खरीदकर उन्हें बेघर कर रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी ऐसे छल करने वालों को सजा दिलाकर रहेगी।

नड्डा ने कहा कि जिस कांग्रेस और राजद ने झारखंड राज्य बनने का विरोध किया था, उसी के साथ मिलकर हेमंत सोरेन सरकार चला रहे हैं।

आइएनडीआइ गठबंधन राज्य में झूठ फैला रहा है। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि राज्य को इस भ्रष्ट गठबंधन से मुक्ति दिलाएं और भाजपा की सरकार बनाएं।

कार्यक्रम में असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने भी झामुमो पर तुष्टीकरण करने और बांग्लादेशी घुसपैठियों को संरक्षण देने का आरोप लगाया। परिवर्तन रैली में पूर्व सांसद कड़िया मुंडा, विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा, कोचे मुंडा और समीर उरांव भी उपस्थित थे।


# हजारीबाग सीट पर कांग्रेस में मचा घमासान, पूर्व विधायक के बयान ने बढ़ाई सियासी हलचल

**हजारीबाग, एजेंसी।** आसन्न आगामी विधान सभा चुनाव को लेकर उम्मीदवारों के चयन को लेकर ऐसे तो सभी दलों में रायशुमारी और दलगत सर्वेक्षण की कवायद चल रही है। इस क्रम में संभावित उम्मीदवारों द्वारा पार्टी नेतृत्व को आकर्षित करने के लिए सामाजिक सक्रियता भी बढ़ गई है।

साथ ही साथ दलों के संभावित उम्मीदवारों के बीच आपसी खींचतान भी देखने सुनने को मिल रही है। इस बीच अगर हम कांग्रेस पार्टी की बात करें तो हजारीबाग सदर विधान सभा क्षेत्र से उम्मीदवारी को लेकर भी पार्टी के संभावित उम्मीदवारों के बीच खींचतान शुरू हो गई है।

इसकी बानगी पिछले दिनों हजारीबाग पहुंचे पार्टी प्रभारी व कन्वेनर के कार्यक्रम के दौरान भी दिखाई दी। इधर लंबे अंतराल के बाद हजारीबाग पहुंचे पूर्व विधायक सौरभ नारायण सिंह के आगमन से चुनावी चर्चा को और गति मिली।

इन सब के बीच हजारीबाग में उनके हालिया बयान जिसमें उन्होंने हजारीबाग सदर विधान सभा से किसी कुशवाहा को टिकट देने की वकालत की थी, ने पार्टी में घमासान को हवा दे दी। इस बयान के बाद पार्टी के कई वरिष्ठ नेता और पूर्व जिलाध्यक्ष ने भी अपनी तीखी प्रतिक्रिया दी। सभी का कहना था कि



यह बयान उनकी निजी राय हो सकती है मगर ऐसा बयान पार्टी की सोच के विपरीत है और पार्टी को नुकसान पहुंचाने वाला है।

वरिष्ठ कांग्रेसी और सदर प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष शशि मोहन सिंह ने कहा कि पूर्व विधायक का बयान कांग्रेस पार्टी की सोच के विपरीत है। सच कहें तो यह बयान पार्टी को कमजोर करने और बांटने वाला है। वैसे भी पूर्व विधायक की पिछले दो विधानसभा चुनावों में उनकी जो भूमिका थी उससे सभी लोग भलीभांति परिचित हैं।

ऐसा लगता है कि उस भूमिका को वह पुन- दुहरा रहे हैं। वास्तव में कांग्रेस पार्टी जाति धर्म से उपर उठकर व्यक्तित्व के आधार पर पार्टी के प्रति समर्पण को देखते हुए सच्चे कार्यकर्ताओं को ही अपना उम्मीदवार बनाती है।

अपनी प्रतिक्रिया देते हुए वरिष्ठ कांग्रेसी और पूर्व जिलाध्यक्ष विजय यादव ने कहा कि सौरभ नारायण सिंह को जब यहां से जीत मिली थी तो वह किसी जाति धर्म के आधार पर नहीं मिली थी बल्कि सभी कांग्रेसजनों ने उन्हें जिताया था।

वहीं, दो बार के विधायक रहे मनीष जायसवाल जी भी उस जाति विशेष से संबंध नहीं रखते हैं, जिनके बारे में यह बयान सामने आया हैं। चुनाव में जो सक्षम और जमीन से जुडा होता है वहीं जीत हासिल करता है चाहे किसी भी जाति व धर्म से संबंध रखता हो। विगत लोकसभा चुनाव में भी पार्टी प्रत्याशी उसकी जाति का था मगर नतीजा सामने है।

पूर्व जिलाध्यक्ष रहे वरिष्ठ कांग्रेसी अवधेश सिंह ने कहा कि पूर्व के चुनाव में पार्टी ने जाति विशेष को ही टिकट दिया था मगर परिणाम सामने है।

वास्तव में पूर्व विधायक को भी जो जीत मिली थी वह किसी जाति विशेष के कारण नहीं बल्कि कांग्रेसियों के कारण मिली थी। जनता किसी जाति को नहीं बल्कि कांग्रेस को वोट देगी। वैसे भी पांच विधानसभाओं में हजारीबाग सदर क्षेत्र ही है सामान्य वर्ग को टिकट मिलना चाहिए।

# 10 अक्टूबर तक जारी होगी भाजपा के उम्मीदवारों की पहली लिस्ट

**रांची, एजेंसी।** केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान और असम के सीएम हेमंता विश्वा शरमा को झारखंड के विधानसभा चुनाव की जिम्मेदारी देने के साथ ही भाजपा राज्य में पूरी तरह से चुनावी मोड में आ गई है। दो दिन पहले गृहमंत्री अमित शाह ने साहिबगंज से परिवर्तन यात्रा की शुरुआत कर पार्टी के अधिकारियों से लेकर कार्यकर्ताओं तक को जिम्मेदारी सौंप दी।

इसी बीच भाजपा ने साफ तौर पर इस बात के संकेत दिए हैं कि जल्द की विधानसभा चुनाव को लेकर पार्टी बड़े निर्णय लेने जा रही है। पार्टी झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर न केवल घोषणा पत्र जारी करेगी बल्कि संभावित उम्मीदवारों की पहली लिस्ट भी जारी करेगी। विधानसभा चुनाव को लेकर 27 से 29 सितंबर के बीच घोषणा पत्र जारी कर दिया जाएगा। वहीं अक्टूबर के पहले सप्ताह में भाजपा चुनाव समिति की बैठक होगी और 10 अक्टूबर तक विधानसभा चुनाव के उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी जाएगी।

पार्टी को कार्यकर्ताओं की राय मिल गई है। रायशुमारी के बक्से खुल चुके हैं। नामांकन को डिजिटाइज किया जा रहा है। पार्टी ने अधिकतर क्षेत्रों में सर्वे भी कराया हुआ है। अन्य स्त्रोत से भी योग्य उम्मीदवारों के बारे में जानकारी ली गई है। ऐसे में उम्मीदवारों का चयन सर्वश्रेष्ठ होगा। इन तमाम बातों की जानकारी शिवराज सिंह ने दी है।

शिवराज सिंह ने कहा - कौन सी योजना कब शुरू होगी और कब पूरी होगी, घोषणा पत्र में इसका कैलेंडर जारी करेंगे। पांच वर्षों में कब-कब और कौन-कौन काम होंगे, इसका भी तिथिवार उल्लेख होगा। यह भी बताएंगे कि गरीब, महिला, किसान, युवा-मजदूरों के लिए लाई गई योजना के लिए पैसे की व्यवस्था कहां से होगी। यह सब कुछ पारदर्शी होगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कैबिनेट के अगले विस्तार में भाजपा के जमशेदपुर सांसद विद्युत वरण महतो केंद्रीय मंत्री बन सकते हैं। प्रदेश भाजपा चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने इसके संकेत दिए हैं। कहा कि झारखंड से कुर्मी सांसद केंद्र में मंत्री बनेंगे। हालांकि उन्होंने किसी का नाम नहीं लिया। जिस ढंग से भाजपा विद्युत को प्रमोट कर रही है, उससे यह लगता है कि पार्टी की नजर उन पर ही है, क्योंकि संगठन ने विद्युत को बड़ा दायित्व सौंपते हुए विधानसभा चुनाव के कैंपेन कमेटी का संयोजक भी बना दिया गया है। इससे उनके मंत्री बनने की संभावना बढ़ गई है।

# रांची में स्मार्ट मीटर नहीं लगवाने वालों की बढ़ेगी परेशानी, बिजली विभाग उठाने जा रहा सख्त कदम

**रांची, एजेंसी।** शहर में स्मार्ट मीटर नहीं लगवाने वाले 10 प्रतिशत उपभोक्ताओं का कनेक्शन जल्द कटने वाला है। शहर में स्मार्ट प्रीपेड मीटर का सिस्टम लागू हो चुका है। अब पंजीकृत मोबाइल नंबर पर सीधे बिजली बिल पहुंचेगा। यह व्यवस्था शहर में लागू हो चुकी है।

10 प्रतिशत उपभोक्ताओं में वैसे उपभोक्ता शामिल हैं, जिनमें एजेंसी की ओर से स्मार्ट मीटर लगाने के दौरान उपभोक्ताओं का घर बंद होने की बात सामने आ रही है। वहीं, कुछ ऐसे भी उपभोक्ता हैं जिन्होंने इस व्यवस्था से नाराजगी के कारण स्मार्ट मीटर नहीं लगवाया है।

अब वैसे उपभोक्ताओं के घर पर बिजली बिल नहीं पहुंचेगा। इससे बिजली उपभोक्ताओं को एकमुश्त बिजली बिल चुकाना पड़ेगा। वहीं, अधिकारी भी उनकी फरियाद नहीं सुनेंगे। उपभोक्ताओं को बिजली बिल में भी 18 प्रतिशत इंट्रेस्ट का पैसा जोड़कर दिया जाएगा।

एक मुश्त बिजली बिल मिलने से आर्थिक बोझ बढ़ेगा। साथ ही स्मार्ट मीटर लगाने के लिए अपनी जेब से लगभग 7000 हजार रुपये खर्च करना पड़ेगा। लोड और खपत की जानकारी से भी वंचित रहना पड़ेगा।

बता दें कि शहर में अबतक दो लाख 60 हजार से अधिक स्मार्ट मीटर लग चुके हैं। यह स्मार्ट मीटर अब प्रीपेड मोड पर काम करने लगे हैं।



फर्स्ट फेज में 18 हजार स्मार्ट मीटर को सैंपल के तौर पर शहर में लगाया गया था। सेवा सही पाए जाने के बाद पूरे शहर में लगाया गया।

शहर में तीन लाख 50 हजार स्मार्ट मीटर लगाने का लक्ष्य है। यह लक्ष्य जल्द ही दिसंबर तक पूरा कर लिया जाएगा। प्रीपेड सेवा को सख्ती से बहाल करने को लेकर विभाग की ओर से पूरी तैयारियां कर ली गई हैं। हालांकि प्रीपेड सेवा का शहर में जोरदार विरोध भी जारी है।

झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के अधिकारियों ने बताया कि विभाग का एक्शन प्लान तैयार है। विभाग स्मार्ट मीटर लगाने के झंझट से जल्द निजात पा लेगा। स्मार्ट मीटर का काम अंतिम चरण पर है। अगले एक्शन प्लान के तहत शहर की बिजली व्यवस्था हाईटेक होने वाली है।

आरडीएसएस योजना का काम शुरू हो चुका है। जल्द शहर में जर्जर तार की जगह कवर तार होंगे। इससे पूरी तरह से बिजली चोरी पर विराम लग जाएगा। साथ ही सब स्टेशन छोटे होंगे। ग्रिड की क्षमता बढ़ाई जाएगी। शहर में 11 केवीए तार अंडरग्राउंट होंगे। शहर में 24 घंटे बिजली दी जाएगी।

# जबतक मैं जिंदा हूं ना आरक्षण खत्म होगा ना ही संविधान पर आयेगा खतरा: चिराग पासवान

**पलामू, एजेंसी।** लोक जनशक्ति पार्टी (आर) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय फूड प्रोसेसिंग व उद्योग मंत्री चिराग पासवान सोमवार को पलामू के एक दिवसीय दौरे पर पहुंचे। उन्होंने जिले के नीलाम्बर पितांबरपुर (लेस्लीगंज) प्रखंड में नवनिर्मित वीर बाबा चौहड़मल पार्क में पार्टी के संस्थापक स्व. रामविलास पासवान एवं वीर बाबा चौहड़मल की मूर्ति का अनावरण किया। उनके साथ जमुई के सांसद सह झारखंड प्रभारी अरुण भारती, सह प्रभारी सह खगडिया के सांसद राजेश वर्मा भी थे।

पांकी के भाजपा विधायक डा. शशिभूषण मेहता ने केन्द्रीय मंत्री को चांदी का मुकुट पहनाकर एवं तलवार देकर स्वागत किया। इसी तरह लोजपा (रा.) के दोनों सांसदों का भी स्वागत किया। बता दें कि पांकी विधायक के द्वारा वीर बाबा चौहरमल पार्क का निर्माण कराया गया है।

केन्द्रीय मंत्री चिराग पासवान निर्धारित समय से कुछ घंटे विलंब से कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे। उन्हें देखने एवं सुनने के लिए लोगों की भारी भीड़ लगी रही। मंत्री चिराग जैसे ही मंच पर आए, उपस्थित लोगों ने उनका अभिवादन किया। मंत्री ने भी हाथ हिलाकर उनका अभिवादन स्वीकार किया। मौके पर उपस्थित जन समूह को संबोधित करते हुए केन्द्रीय मंत्री चिराग पासवान ने कहा कि संविधान को खतरा एवं आरक्षण को खत्म करने को लेकर विरोधियों के द्वारा लगातार अफवाह उड़ायी जा रही है। लेकिन मैं यहां स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि जबतक मैं जिंदा हूं ना आरक्षण खत्म होगा ना ही संविधान पर खतरा आयेगा। उन्होंन राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर हमला बोलते हुए कहा कि झारखंड राज्य का मुख्यमंत्री भ्रष्टाचार के आरोप में जेल जाता है।

इसके लिए राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर झारखंड को शर्मिंदा होना पड़ा। उन्होंने कहा कि आजादी के 75 वर्ष के बाद भी झारखंड पिछड़े राज्य की श्रेणी में शामिल है। खनीज संपदा से परिपूर्ण रहने के बावजूद आखिर यह राज्य क्यों पीछे रह गया, इसे समझने की जरूरत है।



चिराग ने युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि युवा साथी अपनी ताकत को पहचाने। झारखंड में 35 वर्ष के लोगों की आबादी 65 प्रतिशत है। इस लिहाज से कहा जा सकता है कि झारखंड युवा है और एकजुट होने की जरूरत है। अगर हम एक हो गए तो हमें आगे बढने से कोई रोक नहीं सकता। उन्होंने कहा कि आखिर क्या कारण है कि झारखंड के युवाओं को दूसरे राज्य में जॉब के लिए प्लायन करना पड़ता है। सत्ताधारी जाति धर्म के नाम पर हमें बांटने की राजनीति करते हैं। ऐसे लोगों को जवाब देने का वक्त आ गया है।

उन्होंने युवाओं को बताया कि आज उनके हाथ में मोबाइल फोन है, जो उनके पिता और पार्टी के संस्थापक नेता जी स्व. रामविलास पासवान की देन है। शुरूआत में जब उनके पिता मोबाइल फोन लेकर आए तो लोग उनका मजाब उड़ाते थे और मोबाइल को अमीरों की जागीर बताते थे, लेकिन आज रिक्शे वाले से लेकर ठेला वाले के हाथ में मोबाइल है और लोग इसका बेहतर इस्तेमाल कर रहे हैं। इसी तरह उनके पिता के द्वारा शुरू की गयी प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना से आज भी 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन मिल रहा है।

मौके पर पांकी विधायक डॉ शशि भूषण मेहता ने कहा कि पांकी विधानसभा क्षेत्र में कभी वैसे जनप्रतिनिधि का राज हुआ करता था जिन्होंने दलितों को जिंदा जलाया था। लेकिन अब समय बदल चुका है। दलित जाग चुके हैं। सामंती अत्याचारी को दफनाने का काम किया है। इनकी दबंगता को दूर करने वाले तमाम युवाओं को मैं सलाम करता हूं।

उन्होंने कहा कि वीर बाबा चौहरमल के पद चिन्हों पर चलकर पांकी को विकास के रास्ते पर ले जाया जा सकता है। रामविलास पासवान जी के सपने को साकार करना है। उन्होंने रामविलास पासवान जी की एक पंक्ति 'हम उस घर में दिया जलाने चले हैं जहां सदियों से अंधेरा था' का बखान किया और गूंजे धरती आसमान रामविलास पासवान के नारे लगाए।

# विचार-मंथन

## संपादकीय

### साथ मिले को बात बने

'एक देश, एक चुनाव' पर कोविंद कमिटी की सिफारिशों को मानकर केंद्र सरकार ने भले पहला कदम बढ़ा दिया हो, लेकिन असल चुनौती अब आने वाली है। राजनीतिक मतभेदों को दरकिनार करते हुए इस मसले पर विपक्ष को अपनी तरफ करना और इस योजना के व्यावहारिक पक्षों को देखना, ये दो बातें हैं, जो तय करेंगी कि सरकार अपने इस विजन को अमली जामा पहनाने में कितना सफल हो पाती है। सरकार शीत सत्र के दौरान 'वन नेशन, वन इलेक्शन' से जुड़ा प्रस्ताव संसद में पेश करने की सोच रही है। लेकिन इसके लिए आवश्यक संख्याबल उसके पास नहीं है। इसका मतलब है, उसे विपक्षी खेमे के सहयोग की जरूरत पड़ेगी। इस लोकसभा चुनाव के बाद से सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच जिस तरह का रिश्ता रहा है, उसे देखते हुए तो यह उम्मीद व्यावहारिक नहीं लगती कि विपक्ष इस मामले में किसी तरह का सहयोग करेगा। इस मामले पर विचार के लिए बनी उच्च स्तरीय कमिटी ने 62 राजनीतिक दलों से संपर्क किया था। इनमें से 47 ने जवाब दिया। 32 दल पक्ष में थे और 15 ने विरोध किया। पूरे देश में एक साथ चुनाव कराने के पीछे सबसे बड़ा तर्क है कि इससे खर्च में कटौती होगी। और यह तर्क भी जोरदार है कि अभी लगभग हर वक्त ही देश के किसी न किसी हिस्से में चुनावी माहौल चल रहा होता है, जिसके चलते विकास कार्य प्रभावित होते हैं। यह बात भी सही है कि एक साथ चुनाव उन छोटे दलों के लिए सुविधाजनक होंगे, जिनके पास बार-बार प्रचार में उतरने लायक पैसे नहीं होते। बार-बार चुनावों के खर्च से बचने का तर्क अपनी जगह ठीक है, लेकिन यही तर्क इस प्रस्ताव के खिलाफ भी काम करता है। सवाल यह है कि पूरे देश में इलेक्शन कराने के लिए जितने बड़े पैमाने पर संसाधन चाहिए, क्या उसे जुटाया जा सकेगा? हालिया लोकसभा चुनाव सात चरणों में हुए थे। राज्यों के विधानसभा चुनाव भी अलग-अलग चरणों में कराने पड़ रहे हैं। आजादी के बाद देश में पहले चार चुनाव इसी तर्ज पर हुए थे। उसके बाद भी काफी समय तक यह स्थिति बनी रही। लेकिन तब परिस्थितियां दूसरी थीं। केंद्र और राज्यों में एक ही पार्टी की सरकार थी। क्षेत्रीय दलों के ताकतवर होने से राजनीतिक विविधता आई है हमारे पॉलिटिकल सिस्टम में। देश के हर राज्य की अपनी जरूरतें हैं और अपने मुद्दे। हर चुनाव इन खास मुद्दों के इर्द-गिर्द लड़ा जाता है।

### अब देर की गुंजाइश नहीं

देश में जनगणना लंबे समय से लंबित है। सरकार अब इसकी योजना बना रही है। विपक्षी दलों ने जाति के आधार पर जनगणना कराने की मांग उठाई है। धीरे-धीरे यह बड़ा मुद्दा बन गया है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने भी इसकी आवश्यकता जताई है। सरकार ने संकेत दिया है कि इस मुद्दे पर काम हो रहा है। वर्ष 2011 में जनगणना कराई गई थी। तब से अब तक उसी समय के आंकड़ों से ही काम चलाने की मजबूरी है। हालांकि, उन आंकड़ों को सामाजिक-आर्थिक और जाति जनगणना के पलड़े में अप्रभावी, अधूरी और खराब प्रकृति का माना गया। जनगणना के आंकड़ें संवेदनशील माने जाते हैं और इनका व्यापक असर होता है। खाद्य सुरक्षा, राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम और निर्वाचन क्षेत्रों का परिसीमन जैसी कई योजनाएं इनपर निर्भर होती हैं। आंकड़ों का उपयोग सरकारों के साथ उद्योग जगत और शोध संस्थाएं भी करती हैं। बदलते समय के साथ देश के सामने नई चुनौतियां हैं, जिन्हें लेकर नीति निर्धारण की जरूरत है।ऐसे में जरूरी है कि जनगणना को लेकर सरकार महापंजीयक और अन्य एजंसियों के लिए नए मानक दिशानिर्देश तैयार करे। जून 2024 तक 233 देशों में से भारत उन 44 देशों में से एक था जिन्होंने इस दशक में जनगणना नहीं की थी। सरकार का कहना है कि कोरोना महामारी के कारण यह कवायद नहीं की गई। हालांकि, 143 अन्य देशों ने इस काल में ही मार्च 2020 के बाद जनगणना की। संघर्ष, आर्थिक संकट एवं उथल-पुथल से प्रभावित यमन, सीरिया, अफगानिस्तान, म्यांमा, यूक्रेन, श्रीलंका और उप-सहारा अफ्रीका जैसे देशों ने जनगणना नहीं कराई। भारत में इस कवायद में देरी को लेकर सवाल उठे। यह तथ्य है कि वर्ष 1881 से 2011 तक बिना किसी बाधा के भारत में जनगणना कराई गई। सामाजिक-आर्थिक और जाति जनगणना (एसईसीसी) पहली बार वर्ष 1931 में कराई गई थी। इसका उद्देश्य अभाव के संकेतकों की पहचान करने के लिए ग्रामीण और शहरी- दोनों क्षेत्रों में भारतीय परिवारों की आर्थिक स्थिति के बारे में सूचनाएं जमा करना था। एसईसीसी में संग्रहित जानकारी सरकार द्वारा परिवारों को लाभ देने या लाभ से वंचित करने में फैसले के लिए आधार बनती है।

## तिरुपति में प्रसादम से खिलवाड़ आस्था पर आघात

(ललित गर्ग)

*भावनाओं से खेलने के बजाय शासकों को शासन-प्रशासन के जरिये सुनिश्चित करना होगा कि शुद्धता-गुणवत्ता केवल मंदिरों में नहीं, बल्कि तमाम जगहों और उत्पादों में बहाल रहे। दिव्य मंदिर तिरुमाला की पवित्रता और करोड़ों हिंदुओं की आस्था को नुकसान पहुंचाकर बहुत बड़ा पाप किया गया है। मन्दिर-व्यवस्थाएं मूल्यहीन और दिशाहीन हो रही है, उनकी सोच जड़ हो रही है।*

प्रथम दृष्टया मंदिर प्रबंधन प्रसादम से खिलवाड़ का दोषी है। जो मंदिर प्रतिदिन तीन लाख लड्डू बेचकर सालाना 500 करोड़ रुपये तक लाभ कमाता है, वह क्या इतना सक्षम नहीं कि गुणवत्ता जांच के लिए एक किफायत्ती प्रयोगशाला ही बना ले? लाखों-करोड़ों हिन्दू श्रद्धालुओं की आस्था के केंद्र तिरुमाला भगवान वेंकटेश्वरस्वामी मंदिर में मिलने वाले लड्डू वाले प्रसाद में घी की जगह जानवरों की चर्बी और मछली के तेल का इस्तेमाल की शर्मनाक एवं लज्जाजनक घटना ने न केवल चौंकाया है बल्कि मन्दिर व्यवस्था पर सवाल खड़े किये हैं। यह मामला जितना सनसनीखेज है, उतना ही आस्था पर आघात करने वाला भी। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने पहले यह कहा कि तिरुपति मंदिर में मिलने वाले लड्डुओं को बनाने में ऐसी सामग्री का इस्तेमाल किया जाता था, जिसमें पशुओं की चर्बी मिली रहती थी, फिर उन्होंने गुजरात की एक सरकारी प्रयोगशाला से मिली रपट के आधार यह कहा कि लड्डुओं को बनाने में जिस घी का उपयोग होता था, उसमें सचमुच पशुओं की चर्बी, मछली के तेल आदि का प्रयोग होता था। यह घटना हिन्दू आस्था, पवित्रता एवं मन्दिर संस्कृति को धुंधलाने की कुचेष्ठा एवं एक विडम्बनापूर्ण त्रासदी है। अगर प्रसाद के मिलावटी एवं अपवित्र होने की बात सही है तो इससे अधिक आघातकारी, अनैतिक एवं अधार्मिक और कुछ हो ही नहीं सकता। चौंकाने वाली बात यह है कि प्रसाद के तौर इन लड्डुओं का वितरण न केवल श्रद्धालुओं के बीच किया गया, बल्कि भगवान को भी भोग के तौर पर यही लड्डू चढ़ाया जाता था। अब इस मामले में केंद्र सरकार एवं प्रांत सरकार के दखल देने मात्र से संतुष्ट नहीं हुआ जा सकता क्योंकि हिंदुओं की आस्था से खिलवाड़ करने वाला यह प्रकरण अक्षम्य अपराध है, जिसकी गहन जांच होनी ही चाहिए, ताकि ऐसे जघन्य कृत्य अन्य मन्दिरों की अस्मिता के धुंधलाने के कारण न बने। प्रथम दृष्टया मंदिर प्रबंधन प्रसादम से खिलवाड़ का दोषी है। जो मंदिर प्रतिदिन तीन लाख लड्डू बेचकर सालाना 500 करोड़ रुपये तक लाभ कमाता है, वह क्या इतना सक्षम नहीं कि गुणवत्ता जांच के लिए एक किफायत्ती प्रयोगशाला ही बना ले? मंदिर प्रबंधन के पास न तो अपनी जांच सुविधाएं हैं और न वह जांच कराने का इच्छुक था? देश के संपन्नतम मंदिरों में शुमार यह तीर्थ अगर गुणवत्ता, आस्था एवं पवित्रता से समझौता कर रहा है, तो देश के बाकी मंदिरों में क्या हो रहा होगा, सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है। मन्दिरों एवं आस्थास्थलों पर दिनोंदिन बढ़ रही श्रद्धालुओं की आस्था एवं भीड़ से आर्थिक लाभ कमाने की मानसिकता न केवल घिनौनी है बल्कि शर्मनाक भी है। मंदिर तो भगवान भरोसे चल रहे हैं, पर मन्दिर-प्रबंधन स्वयं को अर्थपति बनाने में जुटा है, यही कारण है कि मन्दिर को धंधा बना दिया गया है, ऐसे मन्दिर प्रबंधकों, पूजारियों एवं पदाधिकारियों की श्रद्धा न तो भगवान के प्रति है और न भक्तों के प्रति। वे तमाम मंदिर, जो अपने यहां से प्रसाद वितरित करते हैं या बेचते हैं, उन सभी को गुणवत्ता, शुद्धता एवं पवित्रता जांच की व्यवस्था जरूर करनी चाहिए। एक बड़ा सवाल यह है कि ये कौन लोग हैं, जिन्हें पवित्रता एवं जन-आस्था की परवाह नहीं है। मंदिर ट्रस्ट ने प्रसादम से खिलवाड़ और मिलावट की पुष्टि की है। देश के एक पवित्रम श्रद्धा केंद्र तिरुपति मंदिर का प्रबंधन करने वाली संस्था तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम ने कहा है कि घी के आपूर्तिकर्ताओं ने मंदिर में गुणवत्ता जांच की सुविधा न होने का फायदा उठाया है। अब सवाल उठता है कि मंदिर प्रबंधन की सफाई या स्वीकारोक्ति को कितनी गंभीरता से लिया जाए? क्या मंदिर प्रबंधन को अपराध की गंभीरता का अंदाजा है? क्या मंदिर प्रबंधन को मंदिर की पवित्रता का अनुमान है? देश एवं दुनिया के सबसे चर्चित आस्थास्थल से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जरूरी है। यह अफसोस की बात है कि मंदिरों में बाहर से चढ़ने वाला प्रसाद तो पहले से ही संदेह के दायरे में रहता है, पर अगर मंदिर की अपनी रसोई में तैयार होने वाले प्रसाद की भी विश्वसनीयता आहत हुई है, तो यकीन मानिए, इंसान फिर किन पर भरोसा करेगा? क्योंकि व्यापार में मिलावट तो चल ही रही है, अब मन्दिरों में यानी भगवान के दरबार में मिलावट से मनुष्यता गहरे रसातल में चली गयी है। मूल्यहीनता एवं अनैतिकता की यह चरम पराकाष्ठा है। गुणवत्ता एवं पवित्रता सुनिश्चित करने वाले अधिकारियों के लिए यह एक गंभीर चुनौती है और इस चुनौती को स्वीकार करते हुए युद्ध स्तर पर काम करने की आवश्यकता है। इस खुलासे के बाद लोग अपना गुस्सा एवं आक्रोश भी जाहिर कर रहे हैं। कुछ ऐसा ही 1984 में भी हुआ था जब डालडा में चर्बी मिले होने का मामला सामने आया था, लेकिन वह व्यापार का मामला था, लेकिन तिरुपति प्रसादम में मिलावट का मामला आस्था का है। भूल, अपराध एवं लापरवाही की नब्ज को ठीक-ठीक समझना जरूरी है। भूल सही जा सकती है, लेकिन लापरवाही एवं आपराधिक सोच को सहन नहीं किया जा सकता। दरवाजे पर बैठा पहरेदार भीतर-बाहर आने-जाने वाले लोगों को पहचानने में भूल कर सकता है मगर सपने नहीं देख सकता। लापरवाही एवं अपराधिक मानसिकता विश्वसनीयता एवं पवित्रता को तार-तार कर देती है। बुराइयां जब भी मन पर हावी होती हैं, गलत रास्ते खुलते चले जाते हैं। मन्दिरों पर बुराइयां हावी होना चिन्ताजनक ही नहीं, गंभीर खतरों के संकेत हैं। मन्दिर प्रबंधन को अधिक चुस्त-दुरस्त, पारदर्शी एवं नैतिक बनाने की भी जरूरत है। प्रश्न है कि हिन्दू मन्दिरों में ही ऐसे मामले क्यों सामने आते हैं, क्या मन्दिर प्रबंधन अन्य समुदायों के मन्दिरों या धार्मिक-स्थलों की तरह पवित्र, गुणवत्ता पूर्ण, उच्च चारित्रिक एवं नैतिक देखभाल नहीं कर सकते? यह मंदिर भगवान वेंकटेश्वर को समर्पित है, जिसे तिरुपति बालाजी मंदिर के नाम से भी जाना जाता है। इन्हें भगवान विष्णु का अवतार माना जाता है। मान्यता है कि भगवान वेंकटेश्वर ने लोगों को कलियुग के कष्टों और परेशानियों से बचाने के लिए अवतार लिया था। यहां बालों का दान किया जाता है। मान्यता है कि जो व्यक्ति अपने मन से सभी पाप और बुराइयों को यहां छोड़ जाता है, उसके सभी दुःख देवी लक्ष्मी खत्म कर देती हैं। लेकिन मन्दिर प्रबंधकों एवं प्रसाद निर्माताओं के पापों का क्या हो? बहरहाल, तिरुपति में लड्डुओं का वितरण तत्काल प्रभाव से रोक दिया गया है। अशुद्ध मिलावटी आपूर्ति के लिए जिम्मेदार ठेकेदार को काली सूची में डालना और उस पर जुर्माना लगाना ही पर्याप्त नहीं है बल्कि उसे कठोर दण्ड दिया जाना चाहिए। मिलावट विरोधी कानूनों के सबसे कड़े प्रावधान उस पर लागू होने चाहिए और सजा ऐसी मिलनी चाहिए कि मिसाल बन जाए।

## हरियाणा चुनाव में कांग्रेस के 'फ्री' ऑफर से क्या मिलेगी सत्ता की चाबी?

(अजय कुमार)

कांग्रेस ने हाल ही में हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए अपने घोषणा पत्र में कई आकर्षक वादे पेश किए हैं। इनमें से प्रमुख वादा 300 यूनिट मुफ्त बिजली देने का है, जो सीधे अरविंद केजरीवाल के मॉडल से प्रेरित है। भारतीय राजनीति में मुफ्त योजनाओं का चलन पिछले कुछ वर्षों में तेजी से बढ़ा है, और यह एक ऐसी रणनीति बन गई है जिसे राजनीतिक दल अपने चुनावी अभियानों में बड़ी चतुराई से इस्तेमाल कर रहे हैं। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का मुफ्त पानी और बिजली देने का मॉडल हो या प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मुफ्त राशन देने का कार्यक्रम, ये सभी नीतियां राजनीतिक सफलता की कुंजी बन चुकी हैं। पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी से लेकर तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन तक, सभी ने इन योजनाओं का उपयोग करके अपनी सत्ता को मजबूत किया है। अब हरियाणा में कांग्रेस ने इसी परंपरा को अपनाते हुए अपने चुनावी अभियान में एक नया मोड़ लिया है, जिससे वह पिछले दस वर्षों से सत्ता से बाहर रहने की स्थिति को बदलने का प्रयास कर रही है। कांग्रेस ने हाल ही में हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए अपने घोषणा पत्र में कई आकर्षक वादे पेश किए हैं। इनमें से प्रमुख वादा 300 यूनिट मुफ्त बिजली देने का है, जो सीधे अरविंद केजरीवाल के मॉडल से प्रेरित है। यह एक स्पष्ट संकेत है कि कांग्रेस ने समझ लिया है कि लोगों को सीधे लाभ पहुंचाने वाली योजनाएं ही उनकी राजनीतिक जीत की कुंजी हो सकती हैं। कांग्रेस के नेता इस बार अपने वादों में आत्मविश्वास से भरे नजर आ रहे हैं, और उन्होंने इन योजनाओं को लुभावना बनाने की हर संभव कोशिश की है। महिलाओं के प्रति कांग्रेस का यह नया दृष्टिकोण भी ध्यान देने योग्य है। पार्टी ने 18 वर्ष से ऊपर की प्रत्येक महिला को प्रतिमाह 2000 रुपये देने का वादा किया है। यह योजना मध्य प्रदेश की लाडली बहना योजना से प्रेरित है, जिसने उस राज्य में चुनावी परिणामों को पलटने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। कांग्रेस का यह वादा महिलाओं को सीधे आर्थिक सहायता देकर उन्हें अपने पक्ष में करने की एक रणनीति है। इसके अतिरिक्त, बुजुर्गों, दिव्यांगों और विधवाओं को भी छह हजार रुपये की पेंशन देने का प्रस्ताव रखा गया है, जो कि एक महत्वपूर्ण सामाजिक सुरक्षा योजना है। किसानों को आकर्षित करने के लिए कांग्रेस ने एमएसपी (न्यूनतम समर्थन मूल्य) को कानूनी गारंटी देने का वादा किया है। यह घोषणा किसानों के हित में महत्वपूर्ण मानी जा रही है, और इससे यह स्पष्ट होता है कि कांग्रेस ने ग्रामीण समुदाय की चिंताओं को समझा है। भारतीय राजनीति में किसानों का एक अहम स्थान है, और उनकी समस्याओं को सुलझाने का प्रयास करना हमेशा से राजनीतिक दलों के लिए फायदेमंद रहा है। इसके अलावा, कांग्रेस ने किसानों को तुरंत मुआवजे का आश्वासन देकर उनकी समस्याओं को तेजी से हल करने का भी वादा किया है। कांग्रेस ने तेलंगाना के मॉडल को भी अपनाने की कोशिश की है, जिसमें गैस सिलेंडर के लिए मात्र 500 रुपये देने का प्रस्ताव है। यह योजना गरीब परिवारों के लिए महत्वपूर्ण है, और इसके तहत 100 गज के मुफ्त प्लॉट और पक्के मकान देने का भी वादा किया गया है। यह आवास की समस्या को हल करने में मदद करेगा और नागरिकों को एक स्थायी घर प्रदान करेगा। कांग्रेस ने राजस्थान की चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना को भी अपने घोषणा पत्र में शामिल किया है। इसके तहत गरीबों के लिए 25 लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज उपलब्ध कराने का वादा किया गया है। स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और उपलब्धता पर हाल के वर्षों में सवाल उठते रहे हैं, और यह योजना कांग्रेस के लिए एक महत्वपूर्ण दांव साबित हो सकती है। हालांकि राजस्थान में यह योजना अपेक्षित सफलता नहीं प्राप्त कर पाई थी, लेकिन हरियाणा में इसकी लोकप्रियता को लेकर सकारात्मक संकेत मिल रहे हैं। कांग्रेस ने ओल्ड पेंशन स्कीम को लागू करने का भी भरोसा दिया है, जो सरकारी कर्मचारियों की एक बड़ी मांग है। इस योजना से न केवल कर्मचारियों को, बल्कि उनके परिवारों को भी फायदा होगा।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 5502

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | | 6 | | 7 | | | |
| | 4 | | 3 | | 9 | 8 | | |
| 3 | 7 | | | | | | | 1 |
| 4 | | | | | | | 3 | |
| 6 | 3 | | 1 | 2 | 5 | | 9 | 4 |
| | 1 | | | | | | | 8 |
| 8 | | | | | | | 7 | 6 |
| | | 7 | 2 | | 6 | | 1 | |
| | | | 5 | | 3 | | | 9 |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5501

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 8 | 9 | 4 | 7 | 5 | 1 | 3 | 6 |
| 5 | 7 | 6 | 1 | 8 | 3 | 4 | 2 | 9 |
| 3 | 1 | 4 | 2 | 9 | 6 | 8 | 5 | 7 |
| 7 | 6 | 2 | 5 | 1 | 8 | 3 | 9 | 4 |
| 4 | 5 | 1 | 9 | 3 | 2 | 6 | 7 | 8 |
| 9 | 3 | 8 | 6 | 4 | 7 | 2 | 1 | 5 |
| 6 | 9 | 7 | 8 | 2 | 1 | 5 | 4 | 3 |
| 8 | 2 | 3 | 7 | 5 | 4 | 9 | 6 | 1 |
| 1 | 4 | 5 | 3 | 6 | 9 | 7 | 8 | 2 |

## वर्ग पहेली 5502

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | | 4 | 5 | 6 |
| | | 7 | | | | | |
| 8 | 9 | | | | | | |
| 10 | | | 11 | 12 | | 13 | |
| 14 | | 15 | | | | 16 | 17 |
| 18 | | | | 19 | 20 | | |
| | | 21 | | | | | |
| 22 | | | | 23 | | | |

**संकेतः बाएं से दाएं**

1. 1953 को यह देश फ्रांस से स्वतंत्र हुआ (4)
4. चोरी करने के लिए दीवार में किया गया छेद (3)
7. जाने की क्रिया यह कहलाती है (6)
8. लदाई करना, उद्भरण करना (3)
10. नाम को अंग्रेजी में यह कहते है (2)
11. प्रतिष्ठा, ख्याति, माप (2)
14. किसी का हक मारा जाना, स्वत्व हानि (उर्दू)(5)
16. पथ, मार्ग, रास्ता, पंथ (2)
18. वह व्यक्ति जो शासक हो, पटरी, पैमाना (अंग्रेजी) (3)
19. जिसने पहले किसी अपराध में सजा पायी हो, प्राप्तदंड (उर्दू)(4)
21. दीवारों आदि पर बनाए हुए फूल आदि, छोटा वृक्ष (2)
22. मुस्लिम धर्म की ईश प्रार्थना जो पांच वक्त की होती है (3)
23. समतल, चौरस, अंगीकृत (4)

**(ऊपर से नीचे**

1. यह हमारे देश के प्रथम प्रधानमंत्री की पत्नी का नाम है (6)
2. विचलित होना, डगमगाना (3)
3. तीन घंटे का समय, एक पहर (2)
4. बनावटी, कृत्रिम, कूटकृत (3)
5. महसूल, टेक्स, हाथ, हस्त (2)
6. रूप या अस्तित्व प्रदान करना, केला (अंग्रेजी)(3)
9. अग्नि बुझाने का यंत्र (4)
11. सुस्वादू भोजन, क्रय-विक्रय की वस्तु (2)
12. उत्तम, बढिया, उम्दा (उर्दू)(3)
13. परजन भावनापूर्ण, अपनत्वहीन (3)
15. एक प्रकार का फल जो आकार में बड़ा होता है (4)
17. सप्ताह में एक बार होने वाला, साप्ताहिक (2)
20. फर्श पर बिछाने की छपी हुई चादर (3)

### वर्ग पहेली 5501 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ग्री | स | | सा | ब | र | म | ती |
| वा | म | | ध | म | की | | त |
| | का | नू | न | | ब | घा | र |
| फ | लि | त | | | | त | |
| | क | न | क | | डा | ल | ना |
| पी | | वा | र | ना | | ग | म |
| प | | द | वा | मी | | ना | क |
| ल | क्ष्य | | ना | | हां | | |

## आज का राशिफल

### मेष
आज दिन काफी मेहनत से भरा होगा। आप यदि व्यापारी हैं तो आज अनावश्यक अधिक परिश्रम करना पड़ेगा। सरकारी नौकर हैं तो वरिष्ठ अधिकारी का कोप भाजन बनना पड़ सकता है। शाम के वक्त आपको सामाजिक संबंधों के मामले में लाभ होगा और नई योजना की तरफ ध्यान देंगे तो सफलता मिलेगी। अचानक लाभ होने आपको खुशी होगी।

### वृष
आज लाभ होगा और अचानक से आपको रुका धन मिलने से खुशी होगी। आपका धार्मिक कार्य में विश्वास बढ़ेगा और कारोबार से जुड़ी योजनाएं सफल होने से आपको खुशी होगी। नये संपर्क से सितारा बुलंद होगा। कारोबार को आगे बढ़ाने के लिए कुछ नया करने के बारे में सोच सकते हैं। आपके धन सम्मान में वृद्धि होने से मन काफी प्रसन्न रहेगा।

### मिथुन
आज दिन मिश्रित फलकारक है। बड़े अधिकारी से अनबन हो सकती है और आपको इस कारण से तनाव हो सकता है। क्रोध पर नियंत्रण बनाए रखें। नये संबंध से भाग्य चमकेगा। सामाजिक सम्मान मिलेगा। मित्रों के साथ लम्बी यात्रा पर जाना हो सकता है। दाम्पत्य में सरसता बनी रहेगी।

### तुला
आज मन खुश रहेगा और आप अपने आप में ही मस्त रहेंगे। किसी भी विरोधी की आलोचना की ओर ध्यान न देकर अपना काम करते रहेंगे और खूब मुनाफा कमाएंगे। आगे चलकर सफलता आपके कदम चूमेगी। आप अपने सामाजिक क्षेत्र में मेल-जोल बढ़ाने में कामयाब होंगे। लोग आपके स्वभाव की तारीफ करेंगे और आपसे दोस्त का हाथ आगे बढ़ाएंगे।

### वृश्चिक
आज हर काम बेहद सावधानी से करने की सलाह है। अनावश्यक चिंताओं से आपका मन काफी परेशान रहेगा। नई उपलब्धियां कड़ी मेहनत से मिलेंगी। सामाजिक उत्तरदायित्व भी बढ़ेगा। किसी अनजान व्यक्ति से आज लेनदेन न करें। आपको नौकरी के बारे में कोई फैसला लेने से पहले अनुभवी लोगों से बात कर लेनी चाहिए।

### धनु
आज दिन सफलता से भरा होगा और आपके लिए छुटपुट लाभ की संभावना है। नौकरी व्यवसाय से जुड़े कुछ मुद्दे हल हो जाएंगे। आप अपने काम को आगे बढ़ाने के लिए पुरजोर कोशिश करेंगे। रात का समय दोस्तों और परिवार के लोगों के साथ खुशी में बीतेगा और आपका मन काफी प्रसन्न रहेगा। मित्रों और परिजनों के साथ खुशी होगी और कहीं सैर सपाटे पर जाएंगे।

### कर्क
आज दिन उतार-चढ़ाव से भरा होगा। कार्यक्षेत्र में अपने से वरिष्ठ अधिकारियों से प्रतिकूलता हो सकती है। दाम्पत्य जीवन में अनबन बनी रहेगी। पराक्रम में वृद्धि से शत्रुओं का मनोबल टूटेगा। लोग आपको देखकर जलन महसूस करेंगे और दिन के उत्तरार्ध में अचानक अतिथियों के आगमन से व्यय भार बढ़ेगा।

### सिंह
आज दिन लाभ से भरा होगा और ग्रह गोचर के शुभ प्रभाव में वृद्धि से आपको सफलता मिलेगी। उत्तरार्ध की वृद्धि अस्थिरता को जन्म देगी और किसी काम में आपका मन न लगने से आपको परेशानी होगी। वाहन, भूमि खरीदने, स्थान परिवर्तन का सुखद संयोग भी बन सकता है। सांसारिक सुख भोग व घर गृहस्थी के उपयोग की प्रिय वस्तु खरीदी जा सकती है।

### कन्या
आज दोस्तों का साथ मिलने से आपका जरूरी रुका कार्य पूर्ण होगा। आज का दिन संतान से जुड़ी समस्याओं को हल करने में व्यतीत होगा। किसी कम्पटिशन में आपकी जीत हो सकती है। किसी खास उपलब्धि से भी आपका मन प्रसन्न रहेगा, किन्तु मौसम परिवर्तन से आपकी सेहत बिगड़ सकती है।

### मकर
आज सफलता से लाभ होगा और आपका मन खुश रहेगा। स्वजनों से सुख मिलेगा और पारिवारिक मंगल कार्यों की खुशी होगी। रचनात्मक कार्यों में मन लगेगा। विपरीत परिस्थिति उत्पन्न होने पर क्रोध पर काबू रखें। वरना किसी से विवाद बढ़ सकता है। ऑफिस में लोग आपकी बातों से काफी प्रभावित होंगे और आपकी प्लानिंग को पसंद करेंगे। राजकीय मदद भी मिलेगी।

### कुंभ
आज दिन सामान्य रहेगा। आज दिन कुछ विशेष कर दिखाने की उधेड़बुन में व्यतीत होगा। अधिकारीवर्ग के लोगों से आपकी साठ-गांठ बनेगी। किसी सरकारी संस्था से दूरगामी लाभ की पृष्ठभूमि भी आज ही बनेगी। निराशाजनक विचारों से बचें। सायंकाल संतान पक्ष से अचानक शुभ समाचार मिल सकता है। आपके सम्मान में वृद्धि होगी और कहीं से कोई शुभ समाचार मिलने से आपको खुशी होगी।

### मीन
आज करियर के मामले में लाभ होगा और आपके पद व अधिकार में वृद्धि होगी। महत्वाकांक्षाएं पूर्ण होने से मन प्रसन्न होगा और आपके मन में नई ऊर्जा का संचार होगा। समस्याओं के समायोचित समाधान न मिलने से मानसिक अशांत रिहेगी और आपका किसी काम में मन नहीं लगेगा। आपकी दूर और पास की यात्रा की कोई प्लानिंग बन सकती है और आपको उसमें सफलता प्राप्त होगी।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, उप संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/3009

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### बदलापुर कांड के आरोपी को पुलिस ने गोलियों से भूना, शिवसेना ने बांटी मिठाइयां; भड़का है विपक्ष

**बदलापुर, एजेंसी।** महाराष्ट्र में बदलापुर यौन उत्पीड़न के आरोपी अक्षय शिंदे की पुलिस की जवाबी फायरिंग में मौत पर सियासी घमासान शुरू हो गया है। एक तरफ विपक्ष ने घटना पर आश्चर्य जताते हुए मामले में न्यायिक जांच की मांग की तो शिवसेना के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार सुबह बदलापुर रेलवे स्टेशन पर मिठाइयां बांटी। कार्यकर्ताओं ने रेलवे स्टेशन पर पोस्टर भी प्रदर्शित किए। पुलिस अधिकारियों का मामले में कहना था कि शिंदे को जब तलोजा जेल से बदलापुर लाया जा रहा था तो उसने पुलिस की रिवॉल्वर छीनी और गोली चला दी। जवाबी हमले में वो मारा गया।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि स्कूल में सफाईकर्मी के रूप में काम करने वाले अक्षय शिंदे को उसकी पूर्व पत्नी द्वारा दर्ज कराए गए एक अन्य मामले की जांच के सिलसिले में सोमवार को जब तलोजा जेल से बदलापुर ले जाया जा रहा था तभी उसने पुलिसकर्मियों में से एक की रिवॉल्वर छीन ली और गोली चला दी। इसके जवाब में पुलिस ने भी गोलीबारी की। उन्होंने बताया कि घटना के बाद, उसे कालवा स्थित एक अस्पताल ले जाया गया, जहां चोटों के चलते उसने दम तोड़ दिया।

शिवसेना ने बांटी मिठाइयां

बदलापुर यौन उत्पीड़न के आरोपी अक्षय शिंदे की पुलिस की जवाबी फायरिंग में गोली लगने से मौत के एक दिन बाद शिवसेना कार्यकर्ताओं ने ठाणे के बदलापुर रेलवे स्टेशन पर पोस्टर प्रदर्शित किए और मिठाइयां बांटीं। उधर, मामले में विपक्षी दलों द्वारा न्यायिक जांच की मांग उठाई जा चुकी है। मामले में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने कहा कि पुलिस ने आरोपी को आत्मरक्षा में गोली मारी। आरोपी की गोलीबारी में एक एएसआई घायल हो गया, जिसका अस्पताल में इलाज किया जा रहा है।

### दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण पर पीएमओ में हुआ हाई लेवल मंथन, पराली से लेकर ईवी तक सब पर हुई बात

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सर्दियों में हर साल दिल्ली-एनसीआर में होने वाले वायु प्रदूषण को लेकर अब प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने भी गंभीर रुख दिखाया है। प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव डॉ. पी. के. मिश्रा की अध्यक्षता में सोमवार को हुई एक हाई लेवल टास्क फोर्स की मीटिंग में वायु प्रदूषण से निपटने के विभिन्न उपायों पर गहन चर्चा की गई। इस दौरान एनसीआर में इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने और चार्जिंग बुनियादी ढांचे को विकसित करने की तत्काल आवश्यकता पर बल दिया गया। वहीं, धान की पराली जलाने से रोकने के कदमों पर भी मंथन हुआ।

इस बैठक में सर्दियों के मौसम में दिल्ली-एनसीआर में खराब होती वायु गुणवत्ता के मुद्दे को संबोधित करने में हितधारकों की तत्परता का आकलन किया गया। इसके साथ ही धान की पराली जलाने, वाहनों से निकलने वाले धुएं, सड़क और निर्माण धूल, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन और डीजल जनरेटर (डीजी) सेट सहित विभिन्न स्रोतों से प्रदूषण से निपटने के लिए चल रहे प्रयासों का मूल्यांकन करने पर ध्यान केंद्रित किया गया। डॉ. मिश्रा ने सर्दियों के महीनों के दौरान खराब होती वायु गुणवत्ता को कम करने के लिए सभी संबंधित एजेंसियों द्वारा ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रैप) के सख्त और समय पर कार्यान्वयन के महत्वपूर्ण महत्व पर जोर दिया। ग्रैप, सर्दियों के दौरान लागू किया जाने वाला प्रदूषण-रोधी उपाय है। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) के अध्यक्ष राजेश वर्मा ने आगामी धान की पराली उत्पादन पर विवरण पेश की, जिसमें पंजाब में 19.52 मिलियन टन और हरियाणा में 8.10 मिलियन टन पराली जलाने का अनुमान लगाया गया। वर्मा ने कहा कि दोनों राज्यों ने इस वर्ष पराली जलाना बंद करने की प्रतिबद्धता जताई है। पंजाब ने अपने 11.5 मिलियन टन धान की पराली को इन-सीटू फसल अवशेष प्रबंधन के माध्यम से और शेष को एक्स-सीटू विधियों के माध्यम से प्रबंधित करने की योजना बनाई है। इसी तरह हरियाणा 3.3 मिलियन टन का इन-सीटू प्रबंधन करेगा और शेष के लिए एक्स-सीटू विधियों का उपयोग करेगा। उन्होंने कहा कि पंजाब में 1.50 लाख से अधिक फसल अवशेष प्रबंधन (सीआरएम) मशीनें उपलब्ध होंगी, जिन्हें 24,736 कस्टम हायरिंग सेंटर (सीएचसी) द्वारा समर्थित किया जाएगा, जबकि हरियाणा में 6,794 सीएचसी द्वारा समर्थित 90,945 सीआरएम मशीनें हैं।

# उत्तराखण्ड में मिलावटी देशी घी और मक्खन बेचने वालों के खिलाफ प्रदेशव्यापी छापेमारी अभियान शुरू

विशेष संवाददाता | देहरादून।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी व स्वास्थ्य मंत्री डॉ धन सिंह रावत के निर्देशों पर खाद्य संरक्षा एवं औषधि नियंत्रक विभाग ने प्रदेशभर में देशी घी और मक्खन में मिलावट पर अंकुश लगाने के लिए व्यापक अभियान शुरू कर दिया गय है। राज्य के सभी जनपदों में अभियान शुरू हो गया है। देशी घी और मक्खन के साथ ही मिठाई की दुकानों से सैंपल भी लिये गये। स्वास्थ्य सचिव और खाद्य आयुक्त डा. आर राजेश कुमार ने कहा कि राज्य में मिलावटी घी और मक्खन बेचने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने सभी राज्यों को पत्र लिखकर लड्डु का सैंपल लेकर जांच के निर्देश दिए हैं साथ ही बाजार में बिकने वाले घी की जांच के लिए भी कहा गया है। खाद्य विभाग के अपर आयुक्त ताजबर जग्गी ने कहा कि मिलावटी घी और मक्खन पर अंकुश लगाने के लिए प्रदेशव्यापी अभियान शुरू कर दिया गया है। सभी जनपदों में मिठाइयों की दुकानों और देशी घी व मक्खन बेचने वालों की दुकानों पर छापेमारी के निर्देश अधिकारियों को दिये गये थे। जिसको लेकर कार्रवाई शुरू हो गई है। जांच



**मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने की घोषणाएं**

ककजिसमें वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी, खाद्य सुरक्षा अधिकारी राज्य में स्थित विनिर्माण इकाइयों, भण्डारणकर्ता विक्रेताओं का सघन निरीक्षण करते स्थानीय एवं विभिन्न ब्रांडों के घी एवं मक्खन के विधिक एवं सर्विलांस नमूनों का संग्रहण करेंगे। गढ़वाल मंडल में डिप्टी कमिश्नर आरएस रावत के नेतृत्व में छापेमारी अभियान चलाया गया। देहरादून जनपद के विभिन्न स्थानों पर देशी घी व मक्खन की जांच की गई। विभिन्न सैंपलों के नमूने इक्कठे कर जांच के लिए लैब भेजे गये। देहरादून जनपद के शहरी क्षेत्रों के अलावा ग्रामीण इलाकों हरबर्टपुर, सहसपुर, सुद्धोवाला में भी सघन छापेमारी अभियान चलाया गया।

टीम द्वारा कई कंपनियों के घी व मक्खन के सैंपल भी लिये गये है। सैंपल का टेस्ट रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। यह अभियान मण्डल के उपायुक्त और जनपदीय अभिहित अधिकारी के नेतृत्व में संचालित किया जा रहा है। जिसमें वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी, खाद्य सुरक्षा अधिकारी राज्य में स्थित विनिर्माण इकाइयों, भण्डारणकर्ता विक्रेताओं का सघन निरीक्षण करते स्थानीय एवं विभिन्न ब्रांडों के घी एवं मक्खन के विधिक एवं सर्विलांस नमूनों का संग्रहण करेंगे। गढ़वाल मंडल में डिप्टी कमिश्नर आरएस रावत के नेतृत्व में छापेमारी अभियान चलाया गया। देहरादून जनपद के विभिन्न स्थानों पर देशी घी व मक्खन की जांच की गई। विभिन्न सैंपलों के नमूने इक्कठे कर जांच के लिए लैब भेजे गये। देहरादून जनपद के शहरी क्षेत्रों के अलावा ग्रामीण इलाकों हरबर्टपुर, सहसपुर, सुद्धोवाला में भी सघन छापेमारी अभियान चलाया गया। छापेमारी टीम में सीनियर एफएसओ रमेश सिंह, संतोष सिंह, संजय तिवारी, डीओ मनीष सिंह मौजूद रहे। वहीं कुमाँऊ मण्डल में खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन उपायुक्त अनोज कुमार थपलियाल के नेतृत्व में टीम ने हल्द्वानी क्षेत्र में मिलावटी घी के विक्रय एवं भण्डारण के रोकथाम हेतु नगर के मुख्य घी विक्रेता/थोक विक्रेता/वितरण प्रतिष्ठानों का सघन निरीक्षण अभियान चलाकर नमूने जांच के लिए लैब भेजे गये। अभियान के दौरान टीम द्वारा मंगल पड़ाव, कालाढूंगी रोड एवं रामपुर रोड, हल्द्वानी स्थित घी के थोक विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। उपायुक्त अनोज कुमार थपलियाल ने बताया कि घी के विभिन्न ब्राण्डों-पारस, पहलवान, मदर डेयरी एवं हेल्थ मेड देसी घी आदि के कुल चार नमूने संग्रहित किये गये तथा नोवा ब्राण्ड स्किम्ड मिल्क पाउडर का एक नमूना लेकर जांच के लिए लैब भेजे गये। जॉच रिपोर्ट प्राप्त होने पर तदनुसार कार्यवाही की जायेगी। वहीं वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी, रामनगर असलम खॉ द्वारा भी घी का एक नमूना संग्रहित किया गया। यह अभियान सम्पूर्ण जनपद में आगे भी जारी रहेगा। अभियान दल में अभिहित अधिकारी, खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन, नैनीताल संजय कुमार सिंह, वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी, हल्द्वानी, अभय कुमार सिंह तथा खाद्य सुरक्षा अधिकारी, हल्द्वानी, कैलाश चन्द्र टम्टा आदि मौजूद रहे।

## अब तिरुपति के मंदिर के लड्डू में तंबाकू मिलने का दावा

### चर्बी के आरोपों के बीच एक और मामला

**तिरुपति, एजेंसी।** तिरुपति स्थित मंदिर के प्रसाद में कथित तौर पर जानवर की चर्बी होने से विवाद जारी है। इसी बीच एक महिला की तरफ से दावा किया जा रहा है कि श्री वेंकटेश्वरा मंदिर में मिले लड्डू के अंदर तंबाकू की पुड़िया मिली है। हालांकि, इसे लेकर मंदिर प्रबंधन की ओर से आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा गया है। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने आरोप लगाए थे कि जगन मोहन रेड्डी की सरकार में तिरुपति मंदिर में बांटे जाने वाले लड्डुओं में जानवर की चर्बी पाई गई थी।

एक रिपोर्ट के अनुसार, खम्मम जिले की रहने वालीं दोन्थु पद्मावति ने आरोप लगाए हैं कि उन्हें प्रसाद के रूप में मिले लड्डू के अंदर कागज में तंबाकू था। वह 19 सितंबर को तिरुपति मंदिर गई थीं। उस दौरान वह परिवार और पड़ोसियों के लिए प्रसादम लेकर आई थीं।

चैनल से बातचीत में उन्होंने बताया कि वह बांटने से पहले ही उन्हें लड्डू के अंदर तंबाकू मिल गया था। उन्होंने कहा, मैं लड्डू बांटने ही वाली थी कि अचानक एक छोटे से कागज के टुकड़े में तंबाकू के अंश मिलने से मैं घबरा घबरा गई। उन्होंने इस घटना पर दुख जाहिर किया है। उन्होंने कहा, प्रसादम पवित्र होना चाहिए और ऐसी मिलावट का पता चलना दिल तोड़ने वाला है।

सुप्रीम कोर्ट पहुंचा लड्डू में चर्बी का मामला

भारतीय जनता पार्टी के नेता सुब्रमण्यम स्वामी ने तिरुपति लड्डू बनाने में पशुओं की चर्बी के कथित इस्तेमाल की जांच को लेकर सुप्रीम कोर्ट पहुंचे हैं। उन्होंने अदालत की निगरानी में जांच किए जाने की अनुरोध किया है।

## टिकट बेचे जा रहे भूपेंद्र सिंह हुड्डा के करीबी जय तीरथ दहिया का बड़ा आरोप, कांग्रेस से इस्तीफा



**रोहतक, एजेंसी।** हरियाणा में 5 अक्टूबर को होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है। कांग्रेस के पूर्व विधायक जय तीरथ दहिया ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। इस्तीफा देने के साथ ही उन्होंने पार्टी पर कई आरोप भी लगाए हैं। जय तीरथ ने पार्टी पर पैसे लेकर टिकट बेचने का आरोप लगाया है। 2009 और 2014 में विधायक रह चुके दहिया को आगामी चुनाव के लिए टिकट नहीं दिया गया। उनकी जगह पार्टी ने जय भगवान अंतिल को अपना उम्मीदवार बनाया है।

अनदेखी किए जाने पर निराशा जताते हुए जय तीरथ ने कहा, एक मजबूत दावेदार होने के बावजूद पार्टी ने मुझे टिकट न देकर अपमानित किया है। उन्होंने आगे कहा, इसीलिए मैंने पार्टी नेतृत्व को अपना इस्तीफा सौंप दिया है। यह सच है कि मैं भूपेंद्र सिंह हुड्डा के समर्थन के कारण विधायक बना था। जय तीरथ ने आरोप लगाया है कि विधानसभा चुनावों में टिकट देने में धांधली हुई है। उन्होंने चेतावनी भी दी है कि इससे पार्टी की छवि को नुकसान होगा। पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा के करीबी रहे जय तीरथ दहिया करीब तीन दशकों तक सोनीपत में वकील रह चुके हैं। वह पहले बार 2009 के विधानसभा चुनाव में राई विधानसभा सीट से जीते थे। इसके बाद 2014 में भी उन्होंने जीत दर्ज की थी जब उन्होंने इनेलो के इंद्रजीत को सिर्फ तीन वोटों से हराया था।

## 15 अक्टूबर तक गड्ढ़ा मुक्त की जाएं सभी सड़कें : सीएम धामी

विशेष संवाददाता | देहरादून

सभी सड़कें 15 अक्टूबर तक गड्ढ़ा मुक्त की जाएं। राज्य में अतिवृष्टि से प्रभावित सभी क्षेत्रों में स्थिति सामान्य करने के लिए युद्धस्तर पर कार्य किये जाएं। सचिव, विभागाध्यक्ष एवं सभी जिलाधिकारी पुनर्निर्माण कार्यों की नियमित समीक्षा करें। जो कार्य पूर्ण किये जा चुके हैं, उनका भौतिक सत्यापन किया जाए। जो सड़कें अभी बंद हैं, उन्हें यथाशीघ्र सुचारू किया जाए। आपदा की दृष्टि से संवेदनशील स्थानों पर सड़कों के स्थाई ट्रीटमेंट की व्यवस्था की जाए। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने ये निर्देश मंगलवार को आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास विभाग की समीक्षा के दौरान अधिकारियों को दिये। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि प्रदेश में आपदा से प्रभावित क्षेत्रों में सभी स्थितियां सामान्य बनाई जाएं। यह सुनिश्चित किया जाए कि जन सामान्य को किसी भी प्रकार से परेशानी न हो। इसके लिए सभी विभाग समन्वय के साथ कार्य कर समस्याओं का समाधान करें। आपदा प्रभावित क्षेत्रों में हुए नुकसान का आंकलन कर मानकों के अनुसार क्षतिपूर्ति की जाए। सभी जिलाधिकारी अपने जिलों को आदर्श जनपद बनाने की दिशा में कार्य करें।



जिन गांवों से लोगों को विस्थापित करना है, विस्थापन की कार्यवाही भी जल्द की जाए। मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारियों को निर्देश दिये कि वे नियमित जनपदों की विभिन्न व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण करें। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि वर्षा काल के बाद होने वाली जल जनित बीमारियों से बचाव के लिए पुख्ता व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। जल जनित रोगों से बचाव के लिए मुख्यमंत्री ने नियमित जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग को दिये हैं। उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिये हैं कि सफाई व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। अस्पतालों में सफाई व्यवस्था के साथ ही मरीजों को सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश मुख्यमंत्री ने दिये हैं। उन्होंने नगर निगमों, नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों में आंतरिक मार्गों की मरम्मत एवं स्वच्छता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिये हैं। प्रदेश में वित्तीय वर्ष 2024-25 में राज्य में प्राकृतिक आपदा से बचाव के लिए कुल 427.87 करोड़ रूपये की धनराशि आवंटित की जा चुकी है। इसमें राज्य आपदा मोचन निधि से 386.87 करोड़ रूपये, राज्य सेक्टर न्यूनीकरण मद से 15 करोड़ और राज्य सेक्टर नॉन एसडीआरएफ मद से 26 करोड़ रूपये अवमुक्त किये गये हैं। राज्य आपदा मोचन निधि के पुस्र्थापना और पुनर्वास मद के लिए विभागों को 95 करोड़ की धनराशि और दी जा रही है। इसके लिए लोक निर्माण विभाग को 50 करोड़, पीएमजीएसवाई को 15 करोड़, पेयजल निगम को 20 करोड़ एवं यूपीसीएल को 10 करोड़ रूपये की धनराशि दी जा रही है। बैठक में राज्य आपदा प्रबंधन सलाहकार समिति के उपाध्यक्ष विनय रोहिला, मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, अपर मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन, प्रमुख सचिव आर के सुधांशु, सचिव आर. मीनाक्षी सुंदरम, शैलैश बगोली, सचिव आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास विनोद कुमार सुमन, गढ़वाल कमिश्नर विनय शंकर पाण्डेय, आर.सी अजय मिश्रा, संबंधित विभागों के अपर सचिव, विभागध्यक्ष एवं सभी जिलाधिकारी जुड़े थे।

## बार-बार नोटिस भेजने पर सुप्रीम कोर्ट ने आयकर विभाग से मांगा जवाब, अधिकारी तलब

**नईदिल्ली, एजेंसी।** रिहाइशी संपत्ति का व्यावसायिक इस्तेमाल करने पर सीलिंग को लेकर सुप्रीम कोर्ट द्वारा बनाई गई मॉनिटरिंग कमेटी को टैक्स का नोटिस भेजने के मामले में कोर्ट ने आयकर विभाग से जवाब मांगा है। सुप्रीम कोर्ट ने संबंधित अधिकारी को इस तरह के ऐक्शन का जवाब देने के लिए तलब भी किया है। जस्टिस एएस ओका की अध्यक्षता वाली बेंच ने तीन सदस्यीय मॉनिटरिंग कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर अधिकारी को समन किया है। बता दें कि भूरे लाला की अध्यक्षता मेंसुप्रीम कोर्ट ने सीलिंग को लेकर दिए गए आदेशों की मॉनिटरिंग करने के लिए यह कमेटी बनाई थी।



बेंच में शामिल जस्टिस पंकज मिथलने कहा कि आयकर विभाग द्वारा इस तरह की कार्यवाही अपवाद है। उन्होंने कहा कि संबंधित अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई करने की जरूरत है। इस मामले की अगली सुनवाई 30 सितंबर को होनी है। न्याय मित्र सीनियर वकील गुरु कृष्ण कुमार ने कोर्ट को बताया कि कमेटी के पास 48863 रुपये का बैलेंस है। इसके अलावा पिछले महीने कमेटी ने 3.5 करोड़ रुपये की राशि सुप्रीम कोर्ट रजिस्ट्री को ट्रांसफर की थी। 22 अगस्त को दिए गए आदेश में सुप्रीम कोर्ट ने कमेटी को निर्देश दिया था कि वह 1 सितंबर 2024 के बाद हर तीन महीने में कोर्ट में प्रोसेसिंग फीस जमा करवा दे।

कुमार ने बेंच को बताया कि अब तक कमेटी को तीन बार आईटी के नोटिस मिल चुके हैं। कमेटी ने विभाग को जवाब भी दिया है कि उसे रिटर्न फाइल करने की जरूरत नहीं है क्योंकि यह उसकी इनकम नहीं है बल्कि यह सारा पैसा कोर्ट रजिस्ट्री को भेज दिया जाता है। रजिस्ट्री इसे फिक्स्ड डिपॉजिट अकाउंट में रखती है। कुमार ने कमेटी की तरफ से लिखे गए पत्र को भीकोर्ट में पेश किया और बताया कि आयकर विभाग ने अब तक नोटिस वापस नहीं लिया है।

अपने जवाब में कमेटी ने कहा था कि सेक्शन 133 (6) के तहत जारी किए गए नोटिस स्वीकार नहीं है। यह सारा फंड सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में जमा किया जाता है और कोर्ट को ही लौटा दिया जाता है। बता दें कि 24 मार्च 2006 को सुप्रीम कोर्ट ने यह कमेटी बनाई थी।

## प्रोजेक्ट पूरे पर नहीं हो पाया 76 हजार करोड़ का भुगतान, नए संकट में घिरी एकनाथ शिंदे सरकार

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव से पहले महायुति सरकार नई योजनाओं पर फोकस कर रही है। वहीं राज्य की अर्थव्यवस्था संकट का सामना कर रही है। कॉन्ट्रैक्टर्स का अभी पुराना भुगतान भी नहीं हो पाया है। 76 हजार करोड़ रुपये के बकाया भुगतान को लेकर कॉन्ट्रैक्टर हड़ताल की धमकी दे रहे हैं। महाराष्ट्रके मंत्री गिरीश महाजन ने आश्वासन दिया है कि जल्द ही बकाया का भुगतान कर दिया जाएगा।

25 सितंबर को कॉन्ट्रैक्टरों, डिवेलपर, इंजीनयर और मजदूर संगठनों ने एक ऑनलाइन बैठक बुलाई है। इस बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा की जाएगी और आगे




की योजना निर्धारित होगी। महाराष्ट्र स्टेसट कॉन्ट्रैक्टर्स फेडरेशन और स्टेट इंजीनियर्स असोसिएशन के अध्यक्ष मिलिंद भोसले ने कहा ढाई साल से पेमेंट नहीं हो रहा है। उन्होंने कहा कि अलग-अलग विभागों का करीब 76 हजार करोड़ का भुगतान होना है।

बता दें कि हाल ही में राज्य सरकार ने महिलाओं, किसानों, युवाओं और आदिवासियों के लिए योजनाएं लॉन्च की हैं। मंत्री गिरीश महाजन ने कहा कि उन्होंने कॉन्ट्रैक्टर्स से संबंधित मंत्रालयों से संवाद करने को कहा है। इसके अलावा उन्होंने कहा कि सरकार ने अलग-अलग विभागों के लिए फंड आवंटित कर दिया है। ऐसे में जल्द ही बिल का भुगतान कर दिया जाएगा।

बता दें कि इस बार बजट में वित्त मंत्री अजित पवार ने सात योनजाओं के लिए करीब 1 लाख करोड़ रुपये का आवंटन किया है। बजट में राजस्व घाटा 20.151 करोड़ और राजकोषीय घाटा 1.1 लाख करोड़ बताया गया है। इसके अलावा राज्य पर सात लाख करोड़ रुपये का कर्ज है।

# धामी सरकार में विजिलेंस ने 57 ट्रैप कर 68 भ्रष्टाचारियों को भेजा जेल

निज संवाददाता | देहरादून।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की भ्रष्टाचारमुक्त शासन की मुहिम रिश्वतखोरों के लिए काल साबित हो रही है। महज तीन साल से कम समय में विजिलेंस ने रिकॉर्ड 57 ट्रैप कर 68 भ्रष्टाचारियों को जेल भेजा है। भ्रष्टाचारियों पर यह कार्रवाई 'भ्रष्टाचारमुक्त एप 1064' की लांचिंग के बाद तेजी से हुई है। एप पर अब तक करीब 973 विजिलेंस और नॉन विजिलेंस की शिकायतों दर्ज हुई हैं। इनमें से भ्रष्टाचार से जुड़ी 38 शिकायतों पर विजिलेंस जांच गतिमान है। जबकि नॉन विजिलेंस से जुड़ी शिकायतें सम्बन्धित विभागों को भेजी गई हैं। देवभूमि को भ्रष्टाचार के दानवों से मुक्ति को लेकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सरकार सख्त प्रशासक की भूमिका में कार्य कर रही है। खासकर मुख्यमंत्री धामी का साफ संदेश है कि भ्रष्टाचारी चाहिए बड़ा हो या छोटा, सब की जगह जेल में है। इस पर मुख्यमंत्री धामी सरकार ने आईएएस, आईएफएस समेत कई पॉवरफुल को जेल भेजकर पहले ही अपनी मंशा जगजाहिर कर दी थी। इसका परिणाम यह रहा कि 23 साल के उत्तराखंड में जहां भ्रष्टाचार से जुड़े 281 ट्रैप में कुल 303 गिरफ्तार हुए हैं। वहीं, अकेले धामी सरकार

- » धामी सरकार में हर भ्रष्टाचारी की जगह जेल, छोटा हो या बड़ा किसी को नहीं देवभूमि में छूट
- » भ्रष्टाचारियों के लिए काल बना धामी सरकार का 1064 "भ्रष्टाचारमुक्त एप"
- » एप लांच के बाद भ्रष्टाचारियों के खिलाफ पीड़ितों की शिकायतों पर हो रही त्वरित कार्यवाही
- » विजिलेंस को एप पर मिली करीब 973 शिकायतें, भ्रष्टाचार से जुड़ी 38 पर चल रही जांच
- » 20 साल में महज 220 ट्रैप कर विजिलेंस ने गिरफ्तार किए थे 232 भ्रष्टाचारी

के तीन साल के कार्यकाल में रिकॉर्ड 57 ट्रैप कर विजिलेंस ने 68 भ्रष्टाचारियों को सलाखों के भीतर डाला है। विजिलेंस की इस कार्रवाई में 13 से ज्यादा सरकारी कर्मचारी और बड़े अधिकारी भी शामिल हैं। इसके अलावा मुख्यमंत्री धामी ने अपने दूसरे कार्यकाल में भ्रष्टाचारियों पर कड़ी कार्रवाई की ठानी और भ्रष्टाचार



मुक्त उत्तराखंड की मुहिम को आगे बढ़ाया। इस मुहिम के लिए विजिलेंस ने भी "1064 एप" पर मिली भ्रष्टाचार से जुड़ी शिकायतों पर ताबड़तोड़ कार्रवाई कर भ्रष्टाचारियों को गिरफ्तार किया। अब यह एप न केवल विजिलेंस बल्कि आम नागरिक के लिए भी मददगार साबित हो रहा है। इस एप के मार्फत आम नागरिक बेझिझक रिश्वतखोरों, कामचोरों और बेवजह काम लटकाने वालों को सबक सीखा रहे हैं। यही नहीं पहले लोग विजिलेंस के पास जाने से न केवल डरते थे, बल्कि बचते भी थे। इसके पीछे सरकारें विजिलेंस को खुली छूट नहीं देती थी। इससे भ्रष्टाचारियों के हौसले बुलंद रहते थे। लेकिन अब ऑनलाइन शिकायत दर्ज होने के बाद विजिलेंस की भी मजबूरी है कि शिकायत को जिम्मेदारी के साथ समय पर निस्तारण करें। यही कारण है कि पिछले 20 सालों तक 220 ट्रैप में 232 गिरफ्तार हुए और अब 3 साल में ही रिकॉर्ड 57 ट्रैप कर 68 भ्रष्टाचारियों पर विजिलेंस ने बड़ी करवाई की है। जबकि इस साल अब तक रिकॉर्ड 23 ट्रैप कर 30 को जेल भेज दिया है।

**8 माह में 23 ट्रैप कर 30 रिश्वतखोर भेजे जेल**

2022 में मुख्यमंत्री के भ्रष्टाचारियों पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश का असर रहा कि विजिलेंस ने 14 ट्रैप और 15 गिरफ्तारी की। 2023 में विजिलेंस ने यह कार्रवाई आगे बढाते हुए 18 ट्रैप कर 20 भ्रष्टाचारियों को जेल भेजा है। जबकि 2024 में विजिलेंस भ्रष्टाचारियों पर ताबड़तोड़ कार्यवाई में जुटा है। अब तक 9 माह में विजिलेंस ने रिकॉर्ड 23 ट्रैप कर 30 रिश्वतखोरों को जेल भेजा है। यह सिलसिला आगे भी जारी रहेगा। "सरकार जीरो टॉलरेंस की नीति पर सख्त कार्रवाई के साथ कार्य कर रही है। भ्रष्टाचारी छोटा हो या बड़ा, सब की जगह जेल में हैं। देवभूमि में भ्रष्टाचारियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। इसके लिए सरकार ने विजिलेंस को पहले से ज्यादा संसाधन युक्त बनाकर भ्रष्टाचारियों पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। मेरे द्वारा स्वयं विजिलेंस के कार्यों की मॉनिटरिंग और समीक्षा की जा रही है।"

## न्यूज बाइट्स

### प्रगतिशील मगही समाज द्वारा धरना का आयोजन आज

**औरंगाबाद (एसवीवी.सं.)।** प्रगतिशील मगही समाज द्वारा आज मगही क्षेत्र के 18 जिला मुख्यालयों पर मगही भाषा को संवैधानिक मान्यता कृषि को उद्योग का दर्जा, मगध के संसाध को कच्चे रूप में बाहर ले जाने से रोकने का कानून बनाने हेतु आदि मुद्दों पर धरना का आयोजन किया जा रहा। यह जानकारी मगही समाज के संगठन सचिव रामप्रमोद शर्मा एवं मीडिया प्रभारी कृष्णचंद सिंह ने दी।

### आपसी विवाद को लेकर मारपीट, दोनों पक्षों ने दर्ज कराई प्राथमिकी

**रफीगंज (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** रफीगंज थाना क्षेत्र के नीमा वाजिद गांव में आपसी विवाद को लेकर मारपीट के मामले में प्रथम पक्ष उमेश्वर प्रसाद उर्फ उमेश प्रसाद ने गांव के ही मिथिलेश पासवान, एवं उनके पत्नी, पुत्री को नामजद आरोपी बनाया। उल्लेख किया कि मेरे पुत्री के साथ मारपीट एवं गाली गलौज कर रहे थे। दूसरे पक्ष से निर्मला देवी ने गांव के ही आलोक कुमार, अनुज कुमार, पप्पू कुमार, रूबी देवी सहित नौ लोगों को नामजद आरोपी बनाया। उल्लेख किया कि सभी लोग दरवाजे पर आकर गाली गलौज एवं मारपीट करने लगे। मना करने पर घर में घुसकर भी मारपीट किए। थानाध्यक्ष गुफरान अली ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर मामले की तहकीकात की जा रही है।

### बाईक के धक्के से युवक घायल, प्राथमिकी दर्ज

**रफीगंज (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** रफीगंज थाना क्षेत्र के माड़ीपुर ईट भट्ठा के पास तेजी से आ रही अनियंत्रित बाईक चालक ने सासाराम के तकिया बाजार निवासी अली हुसैन कुरैशी को धक्का मार दिया।उसने थाना में आवेदन दिया। बताया कि धक्का लगने से दाहिने पैर मे चोट लग गया। वहीं पर बाईक चालक को पकड़ लिया गया। बाईक को पुलिस ने जब्त किया। इलाज में व्यस्त होने के कारण मौका पाते ही चालक फरार हो गया। थानाध्यक्ष गुफरान अली ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर मामले की तहकीकात जारी है।

### महिला अपहरणः पुलिस ने 24 घंटे में किया बरामद

**देव (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** हाल ही में औरंगाबाद जिले के देव थाना क्षेत्र में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है, जिसमें एक महिला के अपहरण का मामला प्रकाश में आया। 23 सितंबर को अपहृता के परिजनों ने देव थाना में अपनी बेटी के अगवा होने की शिकायत दर्ज करवाई। सूचना मिलते ही देव थाना की पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की। पुलिस ने तकनीकी अनुसंधान के माध्यम से अपहृत महिला की खोज शुरू की। अधिकारियों ने अपनी खोज में सभी संभावित ठिकानों पर छापेमारी की और सभी संभावित सुरागों को जांचने का कार्य किया।

वार्ड में पांच का चल रहा इलाज

# औरंगाबाद में डेंगू के मिले 39 मरीज



एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

जिले में डेंगू का कहर बरप रहा है। डेंगू के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। इस माह में एलिजा टेस्ट में अबतक 39 लोग डेंगू के पॉजिटिव पाए गए हैं। एनएस1 के माध्यम से 185 लोग पॉजिटिव पाए गए हैं। हालांकि 771 लोगों का 1 अगस्त से अब तक सैंपल लिया गया है।

इन सभी का औरंगाबाद सदर अस्पताल के डेंगू वार्ड में इलाज किया गया है। अभी चार से पांच मरीजों का वार्ड में इलाज चल रहा है। 22 और 23 सितंबर को सैंपल के बाद एक भी डेंगू पॉजिटिव नहीं मिले। सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ. आशुतोष कुमार ने बताया कि डेंगू वार्ड में डेंगू के शिकार उन्ही मरीजों को भर्ती किया जाता है, जिनका प्लेटलेट्स काउंट कम पाया जाता है।

जिन मरीजों का प्लेटलेट्स काउंट सही होता है, उन्हे दवा और परामर्श देकर घर भेज दिया जाता है। इस वजह से अभी अस्पताल में चार-पांच मरीज ही भर्ती हैं, जिनका प्लेटलेट्स काउंट कम है। उन्होंने कहा कि इलाज के बाद कई मरीज स्वस्थ होकर अपने घर पर हैं।

### 10 दिन तक रहता डेंगू का बुखार

औरंगाबाद सदर अस्पताल के प्रबंधक हेमंत राजन ने डेंगू का लक्षण बताते हुए कहा कि डेंगू से पीड़ित लोगों को अचानक तेज बुखार, सिर दर्द, उल्टी, शरीर और आंखों में दर्द होता है। सांस लेने में मुश्किल हो तो तुरंत नजदीकी स्वास्थ केंद्र में इलाज कराएं।

डेंगू एक संक्रमण है, जो मच्छरों के काटने से होता है। डेंगू का बुखार चार से दस दिनों तक रहता है। हालांकि गंभीर मामलों में बुखार 10 से ज्यादा दिन भी रह सकता है। डेंगू का तुरंत उपचार कराना चाहिए। डेंगू बुखार रहने पर मरीज को मच्छरदानी व साफ-सुथरी जगह पर रहना चाहिए ताकि वह दूसरों को संक्रमित न कर सके। बुखार आने पर जल्द से जल्द इसका उपचार कराना चाहिए।

### सदर अस्पताल में डेंगू के इलाज की उचित व्यवस्था

औरंगाबाद के जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने बताया कि औरंगाबाद सदर अस्पताल में डेंगू के इलाज की उचित व्यवस्था है। इसे लेकर लोगों को जागरूक भी किया जा रहा है। लोगों से अपील हैं कि कहीं भी जलजमाव नहीं होने दें। मच्छरों से बचने के लिए लोशन या मच्छरदानी या स्प्रे का इस्तमाल करें। घर के आसपास सफाई रखें। पानी के बर्तनों को ढक कर रखें। कुलर में पानी बदलते रहें। खाली बर्तन, खाली डिब्बे, टायर, गमले, मटके, बोतल आदि में पानी एकत्रित नहीं होने दे। घर के दरवाजे, खिड़की और रौशनदान में जाली लगवाएं व सुरक्षित कपड़े पहने।

# सभी सरकारी विद्यालयों में स्काउट गाइड यूनिट का होगा गठन

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

बिहार सरकार शिक्षा विभाग के आदेशानुसार राज्य के सभी सरकारी मध्य, उच्च एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों में स्काउट गाइड यूनिट का गठन करना अनिवार्य किया गया है। इस संदर्भ में शिक्षा विभाग राज्य सरकार पटना के द्वारा आदेश दिनांक 11 सितंबर 2024 को निर्गत किया गया है। जिला संगठन आयुक्त स्काउट औरंगाबाद श्रीनिवास कुमार ने बताया कि निर्गत आदेश में कहा गया है कि प्रत्येक विद्यालय में भारत स्काउट और गाइड का कम से कम एक यूनिट स्काउट का एवं एक यूनिट गाइड का अनिवार्य रूप से गठित करना है। प्रशिक्षण के माध्यम से स्काउट गाइड में नेतृत्व कौशल का विकास, अनुशासन को बढ़ावा देना, सामुदायिक सेवा के प्रति प्रोत्साहित करना, व्यक्तिगत विकास, सामुदायिक सेवा की भावना को जागृत करना है।

वहीं विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण के माध्यम से स्काउट गाइड में सांस्कृतिक एवं रचनात्मक गतिविधियों को बढ़ाना, बच्चों का सर्वांगीण विकास हो इसके लिए भारत स्काउट और गाइड द्वारा निर्धारित विषय के अनुसार जीवन जीने की कला सिखाना है। इसके लिए प्रत्येक जिला के जिला पदाधिकारी, उप विकास आयुक्त एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी को पत्र के माध्यम से राज्य सरकार के द्वारा जानकारी दी गई है।

## अपहरण के मामले में फरार अभियुक्त के घर पर चिपकाया गया इस्तेहार

**रफीगंज (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** पौथु थाना क्षेत्र में अपहरण के एक गंभीर मामले में फरार चल रहे अभियुक्त के खिलाफ अब कानून ने सख्त कदम उठाया है। न्यायालय के आदेश पर उस अभियुक्त के घर पर विधिवत तरीके से एक इस्तेहार चिपकाया गया है, जिसमें उसे आत्मसमर्पण करने के लिए कहा गया है। इस कार्रवाई का उद्देश्य अभियुक्त को कानूनी प्रक्रिया का सामना करने के लिए मजबूर करना है, जिससे पीड़ित को न्याय मिल सके। अभियुक्त की पहचान के लिए पुलिस ने इस कदम को उठाया है। इस्तेहार में स्पष्ट किया गया है कि यदि अभियुक्त अपने आप आत्मसमर्पण नहीं करता है, तो उसके खिलाफ कुर्की की कार्रवाई की जाएगी। यह आदेश न केवल अभियुक्त के लिए बल्कि समाज में ऐसे अपराधों के प्रति एक सख्त संदेश भी है। पौथु थाने के अधिकारियों ने बताया कि यह कार्रवाई अपराध की रोकथाम के लिए आवश्यक है और समाज में कानून के राज को बनाए रखने के लिए बेहद जरूरी है। अभियुक्त के घर पर चिपकाए गए इस इस्तेहार में उसके खिलाफ चल रही कानूनी कार्यवाही की जानकारी दी गई है, ताकि वह समझ सके कि उसके खिलाफ क्या कार्रवाई हो सकती है।

## ऑनलाइन कवि सम्मेलन आयोजित

**हसपुरा (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** जन हुंकार मंच के तत्वावधान में ऑनलाइन कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कवि सम्मेलन की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार प्रो. अलखदेव प्रसाद अचल ने की, जबकि संचालन युवा कवि जितेंद्र कुमार चंचल ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए प्रो. अचल ने कहा कि कविता सिर्फ मनोरंजन की विधा नहीं है, अपितु पाठकों एवं श्रोताओं में जागृति लाने की भी विधा है। हर काल में कविताओं का महत्व रहा है। कविता पाठ कार्यक्रम में गया से अरुण हरलिवाल, नवादा से वरिष्ठ प्रगतिशील कवि शंभू विश्वकर्मा, अशोक समदर्शी, औरंगाबाद से शायरा अंजुम आरा, गोपेन्द्र कुमार सिन्हा गौतम, मसौढ़ी से धर्मेन्द्र कुमार, संजय कुमार और पटना से अमृता पासवान ने भाग लिया।कविताओं की समीक्षा बोकारो से जुड़े वरिष्ठ साहित्यकार गोपाल प्रसाद ने की। कार्यक्रम में साहित्यकार व पत्रकार शंभू शरण सत्यार्थी, डॉ. राजेश कुमार विचारक, शिक्षक समुन्दर सिंह, देवेन्द्र कुमार, रामजीत प्रसाद सहित कई गणमान्य लोग शामिल रहे।

जिला स्तरीय युवा उत्सव-2024 का आयोजन, कला, संस्कृति और खेल पर जोर, डीएम ने कहा

# सरकार द्वारा पठन-पाठन के लिए स्कूलों को बनाया जा रहा मॉडल



एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

मंगलवार को जिला पदाधिकारी श्रीकान्त शास्त्री द्वारा समाहरणालय परिसर अवस्थित अनुग्रह नारायण नगर भवन में कला संस्कृति एवं युवा विभाग, बिहार सरकार एवं जिला प्रशासन औरंगाबाद के संयुक्त तत्वाधान में जिला स्तरीय युवा उत्सव-2024 का आयोजन किया गया। समारोह का उद्धाटन सर्वप्रथम बिहार गीत गायन कर शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात जिला पदाधिकारी द्वारा दीप प्रज्वलित किया गया। समारोह में विभिन्न स्कूल के छात्राओं द्वारा उपस्थित पदाधिकारीयों को स्वागत गान गाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम के प्रथम दिन प्रमुख सांस्कृतिक विधाएं यथा समूह गायन, समूह लोक नृत्य, एकांकी नाटक, शास्त्रीय नृत्य (एकल)- कथक, ओडिसी, भरतनाट्यम, मणिपुरी, कुचिपुड़ी, शास्त्रीय गायन (एकल), शास्त्रीय वादन (एकल)- तबला बांसुरी गिटार एवं मृदंगम आदि आयोजित कराए गए। जिला पदाधिकारी ने उपस्थित छात्र एवं छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक वर्ष हम लोग युवा महोत्सव का आयोजन करते हैं। जिसमें सभी प्रखंडों के बच्चों इसमें भाग लेते हैं और अपनी प्रतिभा दिखाते हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों सिर्फ पढ़ाई में ही आगे नहीं रहे, खेलकूद एवं अन्य गतिविधियों में भी अव्वल रहे। प्रत्येक पंचायत में खेल मैदान चयन किया गया है। इसके अतिरिक्त प्रत्येक पंचायत में स्पोर्ट क्लब का भी गठन किया जा रहा है। सरकार द्वारा पठन-पाठन के लिए स्कूलों को मॉडल बनाया जा रहा है। हमने वैसे 150 स्कूलों को चिन्हित करते हुए शौचालय, पानी, बिजली, किचन शेड आदि सुविधा उपलब्ध कराने के लिए टेंडर निकाला है। मार्च तक उन सभी स्कूलों में यह सारी सुविधा उपलब्ध हो जाएगी।

इसके अतिरिक्त वैसे स्कूल जहां पंखा, छोटी-छोटी जरूरत की चीज आदि की सुविधा उपलब्ध नहीं थी प्रत्येक स्कूल के लिए 50 हजार दिए गए हैं ताकि छात्र एवं छात्राओं को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। सरकार द्वारा बड़े पैमाने पर शिक्षकों की नियुक्ति किया गया है। अब वह समय नहीं रहा की सरकारी विद्यालयों में किसी विषय का शिक्षक उपलब्ध नहीं है। सभी बच्चों मन लगाकर पढ़ाई करें एवं राज्य तथा जिलों का नाम रौशन करें। सरकार द्वारा जो भी सुविधा मुहैया करा रही है उसे हासिल करें। सरकार आप लोगों को सुविधा के लिए हर तरह से तैयार है। उन्होंने सभी छात्राओं को पठन-पाठन के साथ-साथ सांस्कृतिक गतिविधि, नाच-गान, अच्छा वक्ता बनने का भी सलाह दिए। उन्होंने कहा कि सरकार प्रत्येक वर्ष राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर पर खेल का आयोजन करती है। हमारे बच्चे खूब खेलेंगे तो हमारे बच्चे भी ओलंपिक में भाग लेंगे और मेडल लाएंगे। अंत में उन्होंने बच्चों से अपील करते हुए कहा कि सरकार आपसे बहुत अपेक्षाएं रखती है इसलिए आप सारे गतिविधियों में भाग लें और अपना ससर्वांगीण विकास करें।

इस कार्यक्रम में डीएफओ रुचि सिंह, डीपीआरओ इफ्तेखार अहमद, डीएलओ सच्चिदानंद सुमन, डीटीओ शैलेश कुमार दास, वरीय उपसमाहर्ता रत्ना प्रिदर्शनी एवं मेराज जमील, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी श्वेता प्रियदर्शी, जिला योजना पदाधिकारी अविनाश कुमार, जिला कला संस्कृति पदाधिकारी कुमार पप्पू राज एवं जिला स्तरीय अन्य अधिकारी के साथ-साथ बड़ी संख्या में छात्राओं की भागीदारी रही।

# बिहार में 100 मीटर दौड़ में सबसे तेज धावक का खिताब औरंगाबाद के नाम



निज संवाददाता | पटना

बिहार राज्य स्तरीय विद्यालय बालक अंडर-17 एथलेटिक्स प्रतियोगिता पटना में चल रही है। इसमें औरंगाबाद के सुभाष कुमार ने 100 मीटर स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर प्रतियोगिता का सबसे तेज धावक बनने का गौरव प्राप्त किया। वहीं रजत पदक गया के रविकान्त कुमार को मिला है। जानकारी के अनुसार पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में खेल विभाग और बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के तत्वावधान में जिला प्रशासन, पटना द्वारा राज्यस्तरीय (अन्तर्जिला) विद्यालय बालक अंडर-17 एथलेटिक्स प्रतियोगिता आयोजित की गई है। इसमें औरंगाबाद के सुभाष कुमार (11.17 सेकेंड) ने 100 मीटर स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीतकर प्रतियोगिता का सबसे तेज धावक बनने का गौरव प्राप्त किया है। वहीं रजत पदक गया के रविकांत कुमार (11.55 सेकेंड) और कांस्य पदक एकलव्य प्रशिक्षण केंद्र के सरताज अंसारी (11.72 सेकेंड) ने जीता है। जिला खेल पदाधिकारी ओम प्रकाश ने पदक विजेता खिलाड़ियों को मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया।

# शिक्षकों व बच्चों को दिलाई गई स्वच्छता की शपथ



निज संवाददाता | गोह (औरंगाबाद)

गोह प्रखंड के दधपी मीडिल स्कूल में शिक्षको एवं बच्चो को स्वच्छता के प्रति शपथ दिलाई गई। स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के आलोक में आयोजित इस कार्यक्रम में स्वच्छता का महत्व के बारे में बताया गया। नेहरू युवा प्रखंड परिषद युवा क्लब द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम के अध्यक्ष अनिरुद्ध विश्वकर्मा उर्फ दिलीप ने शिक्षको एवं बच्चो को प्रेरित करते हुए कहा कि स्वच्छता को स्वभाव एवं संस्कार में शामिल करें। तभी समाज एवं देश को स्वच्छ बना सकते हैं। शरीर की जितनी सफाई जरूरी है। उसी तरह से घर के आसपास की सफाई भी आवश्यक है। कचरा को इधर -उधर नहीं फैलाएं। डस्टबिन में ही कचरा डाले।

# छात्रवृति व प्रोत्साहन राशि की मांग को लेकर विद्यार्थियों ने किया हंगामा, रोड जाम



निज संवाददाता | गोह(औरंगाबाद)

गोह प्रखंड में रूकुंदी स्थित राजकीयकृत उच्च माध्यमिक विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने छात्रवृत्ति एवं प्रोत्साहन राशि के लिए जमकर प्रदर्शन करते हुए सड़क जाम किया। सड़क आगजनी भी की। स्टूडेंट्स अपनी मांगों को लेकर एक घंटें तक सड़क पर प्रदर्शन करते रहे और अधिकारियों से जल्द से जल्द छात्रवृत्ति एवं प्रोत्साहन राशि की दिए जाने की मांग की।सड़क जाम की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची 112 की पुलिस ने छात्र-छात्राओं को समझाने का प्रयास किया, लेकिन प्रदर्शन कर रहे बच्चे अपनी जिद पर अड़े रहे। जब प्रधानाध्यापक ने बच्चों को लिखित आश्वासन दिया तब जाकर बच्चे माने और एक घंटे बाद जाम हटाया। प्रदर्शन में शामिल छात्र छात्रा अंजनी कुमारी, शिल्पी कुमारी, श्रद्धा कुमारी, आयुष कुमार, रितेश कुमार, विपिन कुमार, प्रिंस कुमार, रोशन कुमार सहित सैकड़ो छात्रों का कहना था कि नवम्बर माह बीतने को हैं, लेकिन अभी तक हमलोगो को छात्रवृत्तिं और प्रोत्साहन राशि नही मिली हैं।

**पूर्व मध्य रेल**

**ई-नीलामी सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के तरफ से मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य), पूर्व मध्य रेल, पं० दीन दयाल उपाध्याय मंडल द्वारा मंडल के विभिन्न स्टेशन पर नीचे उल्लेखित कार्य हेतु ई-नीलामी आमन्त्रित किया जाता हैं विस्तृत विवरण निम्न है:- **(1) (AA/1) कार्य का नाम, स्थान एवं पूर्ण अवधि:** पं दीन दयाल उपाध्याय मंडल के 43 स्टेशनों के अन्दर के छेत्र में बोर्ड, साइन बोर्ड मीडिया के माध्यम से वाणिज्यिक प्रचार/विज्ञापन प्रदर्शित करने का अधिकार आर डी एन के तहत तीन वर्षो (1095 दिनों) के लिए। **ई-नीलामी कैटेलॉग संख्या:** ADVT-OSN-24-02, **ई-नीलामी लॉट संख्या:** ADVT-DDU-GAYA-OSN-8-23-3, **ई-नीलामी की तिथि एवं समय:** ई-नीलामी दिनांक 05.10.2024 को 10:00 बजे शुरू होगी और 10:30 बजे बंद होगी। **(2) वेबसाइट का पता जहाँ ई-नीलामी का पूर्ण विवरण उपलब्ध है:** www.ireps.gov.in **(E-auction Leasing)**

**मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य), पूर्व मध्य रेल**
**पं० दीन दयाल उपाध्याय**

पीआर/01192/डीडीयू/सीओएमएल/एन/24-25/28

**पूर्व मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना**

**ई-निविदा नोटिस सं०-27 ऑफ 2024-25/ खुला/इंजीनियरिंग, डीडीयू।**

मंडल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/डीडीयू एवं भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से अनुभवी तथा वित्तीय एवं तकनीकि दृष्टि से सम्पन्न ठेकेदारों के साथ-साथ उन ठेकेदारों से जो रेलवे, केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, भारत संचार निगम लिमिटेड, मिलिटरी इंजीनियर सर्विस, लोक निर्माण विभाग तथा अन्य सार्वजनिक उपक्रमों से सूचीबद्ध है, निम्नलिखित कार्य के लिए ऑन लाईन (ई-निविदा) आमंत्रित की जाती है। **(i) कार्य का नाम एवं लोकेशन:** निविदा सं०-14-डीडीयू-व०मं०इंजी०-II-24-25 डीडीयू डिवीजन के अनुग्रह नारायण रोड में 04 यूनिट टाइप-II कर्मचारी आवासों का प्रतिस्थापन **(ii) कार्य का अनुमानित लागत:** ₹7230623.80 **(iii) धरोहर राशि:** ₹ 144 600.00 **(iv) कार्य का नाम एवं लोकेशन:** निविदा सं०-15-डीडीयू-व०मं०इंजी०-II-24-25 सहायक मंडल इंजीनियर/डेहरी-ऑन-सोन के अधीन डेहरी-ऑन-सोन एवं अनुग्रह नारायण रोड स्टेशन में कर्मचारी आवासों के शौचालय एवं रसोई घर आदि का नवीनीकरण **(v) कार्य का अनुमानित लागत:** ₹ 22445973.54 **(vi) धरोहर राशि:** ₹ 262200.00 **(vii) ई-निविदा बन्द होने की तिथि एवं समय:** 18.10.2024 को 12:00 बजे तक **(viii) बेबसाईट पर ई-निविदा की विस्तृत जानकारी :** www.ireps.gov.in नोट:- विवाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ मान्य होगा।

**मंडल रेल प्रबन्धक, पूर्व मध्य रेल**
**पं० दीन दयाल उपाध्याय**

पीआर/01191/डीडीयू/ईएनजीजी/टी/24-25/36

# साहित्यकारों ने लखनऊ में बिखेरा अपनी काव्य-प्रतिभा का जलवा



एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

राष्ट्रीय साहित्यिक संस्था 'शब्दाक्षर' के बैनर तले गोमती नगर, लखनऊ के कसाया इन रिसार्ट में त्रिदिवसीय सम्मान समारोह सह कवि सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष रवि प्रताप सिंह, कार्यक्रम प्रमुख बुद्धिनाथ मिश्र एवं व्यवस्था प्रमुख संतोष हिन्दवी की देखरेख में आयोजित यह कार्यक्रम अत्यंत ही आकर्षक एवं उत्साहवर्धक रहा। कार्यक्रम का विधिवत् उद्घाटन उपर्युक्त महानुभावों के अलावा राष्ट्रीय प्रचार मंत्री धनंजय जयपुरी, साहित्य मंत्री अनामिका सिंह, बिहार प्रदेश अध्यक्ष मनोज मिश्र पद्मनाभ, राजकुमार महोबिया, लखन डेहरिया, कामना पाण्डेय आदि ने किया। भारत के 25 राज्यों से पहुंचे करीब 110 साहित्यकारों का स्वागत-सम्मान शब्दाक्षर का प्रतीक-चिन्ह एवं अंग-वस्त्र प्रदान कर किया गया। उक्त कार्यक्रम में बिहार प्रदेश सचिव विनय मामूली बुद्धि, औरंगाबाद जिलाध्यक्ष नागेन्द्र केशरी, सचिव अनुज बेचैन, संगठन सचिव सुरेश विद्यार्थी, प्रचार मंत्री हिमांशु चक्रपाणि आदि ने अपनी काव्य-प्रतिभा का जलवा बिखेरते हुए विभिन्न क्षेत्रों से पधारे काव्य-कर्मियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। गीत ऋषि बुद्धिनाथ मिश्र ने अपने वक्तव्य में कहा कि हम शब्दाक्षरियों का मूल उद्देश्य हिन्दी को प्रचार-प्रसार के माध्यम से केवल भारत ही नहीं अपितु सम्पूर्ण विश्व में शीर्ष स्थान पर स्थापित कराना है।

अध्यक्षीय उद्बोधन में रवि प्रताप सिंह ने कहा कि यह गर्व का विषय है कि हिन्दी विश्व में सबसे अधिक बोली जाने वाली तीसरी भाषा है परन्तु, हमें तब तक आत्मिक शांति नहीं मिलेगी जबतक यह प्रथम स्थान नहीं पा लेती। उन्होंने अगला राष्ट्रीय कार्यक्रम राजस्थान में होने की घोषणा कर शब्दाक्षर के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कार्यक्रम की समाप्ति की घोषणा की। उक्त अवसर पर भारत के विभिन्न राज्यों से पधारे उच्च स्तर के काव्यकार यथा लिंगम साहब, निशांत गुलशन, संत कुमार बाजपेई, सुबोध कुमार मिश्र, बलवंत सिंह मानव, डॉ उर्वशी श्रीवास्तव, डॉ राजीव खरे, हाकम भारद्वाज, मधु गोयल अतुल बाजपेई आदि के काव्य-पाठ भी अत्यंत ही मनोमुग्धकारी एवं उत्साहवर्धक रहे।

बिहार सरकार

**सहकारिता विभाग**

**किसान भाईयों/बहनों के लिए धान अधिप्राप्ति हेतु आवश्यक सूचना**

**खरीफ विपणन मौसम 2024-25 अन्तर्गत पंचायत स्तर पर पैक्स एवं प्रखंड स्तर पर व्यापार मंडल** के माध्यम से किसानों का धान न्यूनतम समर्थन मूल्य पर क्रय किया जायेगा। क्रय धान का भुगतान किसानों को उनके खाते में PFMS के माध्यम से किया जायेगा।

धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य: **साधारण - 2300/- रुपये प्रति क्विंटल, ग्रेड-A- 2320/- रुपये प्रति क्विंटल**

कृषि विभाग के पोर्टल- **dbtagriculture.bihar.gov.in** पर किसान निबंधन कराकर धान की बिक्री कर सकते हैं। इस हेतु इच्छुक किसानों के लिए कृषि विभाग के पोर्टल पर धान की संभावित मात्रा एवं भूमि संबंधी अद्यतन विवरणी प्रविष्ट करना आवश्यक होगा। विवरणी प्रविष्टि की व्यवस्था **15, सितम्बर, 2024 से प्रारंभ** है।

धान अधिप्राप्ति की अवधि : **नवम्बर, 2024 से फरवरी, 2025 तक**

**पैक्स/व्यापार मंडलों के लिए आवश्यक निदेश**

- धान अधिप्राप्ति कार्य प्रारंभ होने के पूर्व पैक्स/व्यापार मंडलों में भंडारण की व्यवस्था, नमी मापक यंत्र, माप-तौल यंत्र का नवीकरण बैनर-पोस्टर के माध्यम से प्रचार-प्रसार आदि कराना सुनिश्चित किया जाय।
- धान अधिप्राप्ति कार्य अंकेक्षित तथा गैर-प्रमादी पैक्स/व्यापार मंडलों के माध्यम से कराया जायेगा। तकनीकी एवं वैधानिक कारणों से पैक्स/व्यापार मंडलों को अक्रियाशील रहने की स्थिति में बगल के पैक्स/व्यापार मंडलों से सम्बद्धता कर सभी पंचायत/प्रखंडों में क्रय केन्द्रों का संचालन कराया जायेगा।
- धान अधिप्राप्ति कार्य हेतु सक्षम पैक्स/व्यापार मंडल में क्रय केन्द्रो पर किसानों के आधार आधारित सत्यापन के लिए आवश्यक उपकरण उपलब्ध रहना अनिवार्य।

**निबंधन/अधिप्राप्ति कार्य में असुविधा/कठिनाई होने पर प्रखंडों में पदस्थापित प्रखंड सहकारिता प्रसार पदाधिकारी के कार्यालय/जिला सहकारिता पदाधिकारी के कार्यालय / संयुक्त निबंधक के कार्यालय से सम्पर्क कर अधिक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।**

**समस्त कृषक बंधु उक्त कार्यक्रम से संबंधित जानकारी हेतु टॉल फ्री नं.- 1800 1800 110 पर सम्पर्क स्थापित कर सकते हैं।**



PR No.- 009060 (Co-operative)D. 2024-25